फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 360, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16
फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 15

## गृह विभाग के भी प्रमुख होंगे दीपक कुमार



- चुनाव आयोग ने तीन वरिष्ठ अफसरों के पैनल से चुना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार अब गृह विभाग की बागडोर भी संभालेंगे। भारत निवार्चन आयोग ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों के पैनल में से उनके नाम पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने मंगलवार परान्ह पांच बजे तक कार्यभार संभालने की रिपोर्ट मांगी थी, मगर दीपक कुमार दो दिन से बाहर हैं, उनके आते ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को ही चुनाव आचार संहिता के तहत उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही चुनाव आयोग को अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल भेजा। निवार्चन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश देते हुए मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी। आदेश के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को निर्देश जारी किया। इसके बाद नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

## पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

### एक नजर

#### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं। इससे पहले भी सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अदालत से अनुमति ली थी लेकिन उस समय उन्हें तकनीकी कारणों से शपथ नहीं दिलायी जा सकी थी।

#### ओसान को गोयनका पत्रकारिता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** पीटीआई के वरिष्ठ फोटो पत्रकार गुरिंदर ओसान को तोक्यो ओलंपिक की कवरेज के लिए मंगलवार को रामनाथ गोयनका उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार दिया गया। ओसान ने उस समय तोक्यो ओलंपिक को कवर किया था जब दुनिया कोविड-19 महामारी से जूझ रही थी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को 2021 और 2022 के लिए रामनाथ गोयनका उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार हर साल 13 श्रेणियों में दिए जाते हैं।

# घर में घुसकर दो भाइयों का गला काटा
# हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर, शहर में बवाल

**10 और छह साल के थे दोनों भाई ● भीड़ ने किया पथराव ● आगजनी की कोशिश ● सीआरपीएफ तैनात**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : सैलून चलाने वाले युवक ने पड़ोस के घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को भी मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग गया। हत्या करने के बाद आरोपी वहां से निकल भागा। पुलिस ने उसका पीछा किया और शेखूपुर जंगल के पास मुठभेड़ में मार गिराया। इधर दो बच्चों की हत्या से गुस्साये लोगों ने मंडी पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। खोखों में आग लगा दी, पथराव किया। सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया। डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। केंद्रीय पुलिस बल और सात थानों की पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। देर रात आईजी डॉ. राकेश कुमार भी पहुंच गए। बच्चों की हत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।




घटना के बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला साजिद पुत्र बाबू उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह तीसरी मंजिल पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप का गला छुरे और उस्तरे से काट दिया। चीख सुनकर तीसरा भाई पीयूष वहां पहुंचा तो साजिद ने उस पर भी छुरे से हमला किया लेकिन वह भाग गया।

इधर दूसरे समुदाय के युवक द्वारा दो भाइयों की हत्या की जानकारी लोगों को हुई तो आक्रोश फैल गया। भीड़ ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी पहुंच गए। इसी बीच गुस्साए लोग केन में पेट्रोल लेकर मंडी चौकी पहुंच गए। दुकानों में आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने सख्ती की तो भीड़ वहां से हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। शटर को तोड़ने का प्रयास किया। जमकर पथराव और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। गुस्साए लोगों ने मंडी समिति में एक खोखे और आसपास से कुछ सामान एकत्र करके चौराहे पर आग लगा दी। प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। सीआरपीएफ बुलाई गई। शहर में पुलिस और केंद्रीय बल तैनात कर दिया गया है। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

> दो बच्चों की हत्या हुई थी। खून से लथपथ आरोपी वहां से निकल गया। पुलिस टीम को पता चला तो उसका पीछा किया। शेखूपुर जंगल के पास उसने पुलिस पर फायर करके भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया जिससे आरोपी की मौत हो गई है। घटना के कारणों की जानकारी की जा रही है।
> – डॉ. राकेश सिंह, आईजी

## शीर्ष कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब देने को केंद्र सरकार ने मांगे 4 सप्ताह

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने पीठ से कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि फैसला होने तक किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा।

**महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात**

## एनडीए में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने की इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा।

### राज-शाह मुलाकात पर आश्चर्य नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

## चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

## मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन
- घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है। कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, घोषणापत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणापत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें।

## वाणिज्य कर का डीसी दो लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हेल्पलाइन नंबर पर कंपनी प्रतिनिधि ने दी थी सूचना

**अमृत विचार** : सतर्कता अधिष्ठान ने मंगलवार को वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर को दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्सपोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कंपनी के जीएसटी रिफंड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की। कंपनी ने दी गई जीएसटी के आधार पर लगभग 20 लाख का रिफंड क्लेम किया था। यह रिफंड वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) जोन 20 धनेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा स्वीकृत किया जाना था। पांडेय ने रिफंड स्वीकृत करने के लिए दो लाख रिश्वत मांगी।

## पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- लोकसभा की 8 सीटों के लिए आज से नामांकन 19 अप्रैल को मतदान

**अमृत विचार** : प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच किए जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होना है, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनु. जाति), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। 8 सीटों में 7 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को होगी। प्रथम चरण की आठ सीटों पर में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला व 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र व 14842 मतदेय स्थल हैं।

### सामान्य श्रेणी प्रत्याशी जमा करेंगे 25 हजार रुपये जमानत राशि

सामान्य श्रेणी प्रत्याशी को 25 हजार रुपये व एससी/एसटी प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में व पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दल व निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। नामांकन के समय रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन और प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों को फार्म-ए व फार्म-बी दाखिल करना होगा।

## नोटिस का जवाब नहीं देने पर योग गुरु सुप्रीम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

**भ्रामक विज्ञापन मामला**

- कोर्ट ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से पेश हों

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है।

### रमजान मुबारक

**20 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 30 मिनट
शिया- 6 बजकर 37 मिनट

**21 मार्च सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 47 मिनट
शिया- 4 बजकर 47 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




# कलेक्ट्रेट में नामांकन आज से, तैयारियां पूर्ण

## सुरक्षा के लिहाज से कचहरी परिसर में तैनात रहेगी फोर्स, अधिकारियों ने दोपहर के समय पहुंचकर किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। बुधवार से नामांकन प्रकिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। नामांकन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा।

चुनाव आयोग ने शनिवार को चुनाव की तिथियों का ऐलान कर दिया है। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग का काम किया गया। दोपहर में जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया था। मंगलवार को भी नामांकन को लेकर बैरिकेडिंग की गई। दोपहर में अधिकारियों ने तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास भी बैरिकेडिंग कर दी गई है। राहे रजा पर स्टार चौराहे के निकट नूरमहल रोड पर बैरियर लगाए गए हैं।



राहे रजा स्थित फैमिली चौराहे के पास हुई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

### 27 मार्च से होगा मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 27 से 29 मार्च तक होगा। द्वितीय प्रशिक्षण पांच से नौ अप्रैल तक बरेली रोड स्थित दयावती मोदी एकेडमी में दिया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण 27 से 29 मार्च प्रथम पाली में सुबह नौ से पूर्वाह्न 11 बजे तक, द्वितीय पाली 12 से दो बजे तक एवं तृतीय पाली तीन से सायं पांच बजे तक होगी। द्वितीय प्रशिक्षण पांच से 9 अप्रैल को प्रथम पाली प्रात: नौ से 11बजे तक होगा। द्वितीय पाली 12 से दो बजे तक एवं तृतीय पाली तीन से पांच बजे तक चलेगी।



डीएम आवास के पास की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

### एलआईसी चौराहे और स्टार चौराहे पर हुई बैरिकेडिंग

आज से होने वाली नामांकन प्रकिया को लेकर स्टार चौराहे और एलआईसी रोड वाले मोड़ पर भी बैरिकेडिंग कर दी गई है। लोगों को दूसरे रास्ते से निकाला जाएगा। ताकि कोई भी व्यक्ति बिना वजह कचहरी परिसर में प्रवेश न कर सके।

### सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहेगा पुलिस बल

नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर छावनी में तब्दील रहेगा। बैरिकेडिंग के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा। यहां आने वाले लोगों से सख्ती से पूछताछ की जाएगी। उसके बाद ही कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य स्थानों पर हो रखी बैरिकेडिंग के आसपास भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

# आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराएं अधिकारी

संवाददाता, बिलासपुर

- चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

**अमृत विचार :** स्थानीय प्रशासन लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में जुट गया है। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने एसएसबी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मंगलवार को स्थानीय तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक हुई। सभी को अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने और शस्त्र धारकों के शस्त्र जमा कराने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम व क्षेत्राधिकारी रवि खोखर के नेतृत्व में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल (एसएसबी) के जवानों व स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। केमरी तिराहे से शुरू हुए इस मार्च ने रामपुर रोड, पोस्ट ऑफिस रोड, पुरानी शिवबाग मंडी, बजार कलां, लक्ष्मीनगर, सोमवार का बाजार, माठखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा आदि पर अधिकारियों ने नागरिकों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने, शस्त्र जमा कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने आदि के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अधिकारियों ने दिबदिबा, चंदेन, जाफराबाद आदि गांवों में पहुंचकर संवेदनशील बूथों पर सुविधाओं को परखा और कमियों को ठीक कराने के निर्देश दिए।

सीओ ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए तैयारी कर ली गई हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर समीक्षा की जा रही है। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

### शहर में आज

- मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में गणेश भगवान की पूजा प्रात: 6:30 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रजा इंटर कॉलेज में सुबह 10:30 बजे।

# हर माह हो रही 285.477 मेगावॉट बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी में सबसे ज्यादा मांग बिजली की होती है। बिजली चोरी करने वाले निगम के लिए परेशानी बन रहे हैं। दिन ढलते ही बिजली चोरी शुरू हो जाती है। शहरी क्षेत्र में इस समय 28 प्रतिशत चोरी हो रही है। बिलासपुर में सबसे कम चोरी हुई है। यहां 19.71 प्रतिशत बिजली चोरी हो सकी है।

कहीं मीटर से छेड़छाड़ तो कहीं खंभे से तार डालकर चोरी की जा रही है। इस तरह चोर प्रतिमाह 0.97 प्रतिशत बिजली चोरी कर रहे हैं। खास बात यह है कि 1321.647 मेगवॉट में मात्र 1036.197 मेगावॉट बिजली शहरवासियों के हिस्से में आ रही है। इस हिसाब से देखा जाए तो गर्मी शुरू होने पर बिजली चोरी का आंकड़ा और बढ़ेगा। ओवरलोड और बिजली चोरी मिलाकर कुल लाइनलास 22.58 प्रतिशत हो रहा है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट व जुर्माने की कार्रवाई के बाद भी चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ट्रांसमिशन शंकरपुर, पनवड़िया और लालपुर के जरिए 85 बिजलीघरों में आपूर्ति की जा रही है। विद्युत निगम से जनपद में 1321.674 मेगावॉट की सप्लाई दी जा रही है। मगर इस समय 1036.197 मेगावॉट बिजली ही शहरवासियों के घरों तक पहुंच रही है। 285.477 मेगावॉट तक बिजली शहरवासियों को नहीं मिल रही है।

**डिवीजन में लाइनलॉस की स्थिति**

| क्षेत्र | बिजली चोरी |
|---|---|
| शहर | 28.83 प्रतिशत |
| स्वार-टांडा | 23.50 प्रतिशित |
| मिलक | 14.99 प्रतिशत |
| बिलासपुर | 19.71 प्रतिशत |
| कुल | 22.58 प्रतिशत |

**आंकड़ों पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| छापे | 1049 |
| चोरी मामले | 903 |
| मुकदमे | 67 |
| पैसा जमा | 3.99 करोड़ |

"बिजली चोरी पर रोक लगाने के अभियान चलाया जा रहे हैं। इसके लिए सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है। उनसे हर माह की रिपोर्ट ली जा रही है। चोरी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं किया जाएगा।"
-वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता

- कहीं मीटरों में छेड़छाड़ तो कहीं हो रही ओवर लोडिंग
- बिजली चोरी में शहरी क्षेत्र पहले पायदान पर, निगम के अधिकारियों का रवैया सुस्त

# भविष्य के वैज्ञानिक बनेंगे आज के बच्चे : अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन ने कहा कि उनके बचपन में भी इसी प्रकार प्रतियोगिता में भाग लिया जाता था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सभी स्टॉल का अवलोकन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के वैज्ञानिक होंगे।

किला स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी लगी। इसमें सभी ब्लॉक से चयनित सर्वश्रेष्ठ बच्चों के ने अपने वर्किंग मॉडल प्रोजेक्ट आदि के स्टाल लगाए। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन रहे। प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार शिवम और अभिषेक यूपीएस मिलक नब्बी सिंह ब्लॉक चमरौआ को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार अदीबा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चमरौआ और तृतीय पुरस्कार अंकित यूपीएस संगिनी ब्लॉक सैदनगर को प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 10,000, द्वितीय पुरस्कार 7,500 और तृतीय पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपये की नकद धनराशि, प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो दिए गए। 4 से 10 स्थान तक अंक करने वाले बच्चों को 2,500 रुपये, मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र दिए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में स्टेशनरी की किट दी गई।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सीनियर प्रवक्ता डाइट अशोक कुमार ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर के बच्चों ने वैज्ञानिक आइंस्टीन, ट्रांसफार्मर और रोबोट आदि की भूमिका का प्रदर्शन किया। इसमें शिक्षिका वेलेंटिना विक्टर और प्रीति का सहयोग रहा। संचालन डीआर सरफराज अहमद ने किया। व्यवस्था जिला समन्वयक अंकित सक्सेना ने की। चयनित सर्वश्रेष्ठ बच्चों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से श्याम रस्तोगी तथा सावेज लतीफ राजकीय इंटर कॉलेज केमरी से भूरा सिंह उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे एवं अतिथि। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

ताराचंद, प्रदीप भटनागर, सलीम मियां, मोहित सक्सेना, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सक्सेना, अशोक कुमार, सवादीप कन्नौजिया, डीसी एमडीएम राहुल सक्सेना, अमर सिंह यादव, वर्षा गर्ग, राशि सक्सेना, अंजुम स्नेही सक्सेना, जफर बेग और ब्लॉक से चयनित विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### एक नजर

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का हुआ सामाजिक सम्मेलन

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर में हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति की सदस्य सुनीता सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का हर तबके को लाभ मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के नारे के संग काम किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ सभी धर्म व जाति के लोगों को मिल रहा है। सम्मेलन में चेतन स्वरूप ने कहा कि घनश्याम सिंह लोधी को सांसद बनाया जाए। इस अवसर पर जगन सिंह लोधी, रामेश्वर दयाल गंगवार, सुररेश माली, लाखन मौर्य, प्रताप सिंह यादव, विष्णु सिंह रावत, हरकिशोर लोधी आदि शामिल रहे।

# गुरुग्राम की इनटेली स्मार्ट कंपनी लगाएगी स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जनपद में बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए जल्द लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

**अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए जल्द ही विद्युत निगम द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों का दावा है कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुरुग्राम की कंपनी इनटेली स्मार्ट को ठेका दिया जाएगा।

जिले में डिवीजन वार 3.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह काम फरवरी में कराया जाना था। लेकिन अधिकारियों की लेटलतीफी की वजह से नहीं हो सका। मीटरों के लगने से लाइनलॉस पर रोक लगेगी। इसके लिए संबंधित डिवीजन पर कंट्रोल रूम भी बनवाया जाएगा। कहां-कितनी बिजली खपत हो रही है इसके लिए एलसीडी भी लगेगी। मीटरों की रीडिंग एलसीडी पर प्रदर्शित होगी। माह की अंतिम तिथि नजदीक आते ही बिल का भुगतान उपभोक्ता को करना होगा। बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन को डिवीजन से काट दिया जाएगा। शुरूआती दौर में बिजली का बिल अदा करने में उपभोक्ता लापरवाही दिखाते हैं। बाद में वह बिल ब्याज सहित बढ़ जाता है। इसे उपभोक्ता जमा तो करना चाहते है लेकिन रकम मोटी होने से वह अदा नहीं कर पाते। इससे उनका बिल बढ़ता जाता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मीटर से लाइनलॉस पर रोक लगेगी और राजस्व में वृद्धि होगी। अधीक्षण अभियंता वीके आर्या ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुरुग्राम की इनटेली स्मार्ट कंपनी को ठेका होगा।

# प्रचार वाहनों का विवरण उपलब्ध कराएंगे नेता जी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन चुनाव अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि नामांकन के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि तक काफिले के रूप में अनुमति प्राप्त वाहनों की संख्या तीन तक सीमित रहेगी।

चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु प्रयोग करने वाले वाहनों की संख्या में कोई सीमा नहीं है। लेकिन प्रचार-प्रसार प्रक्रिया प्रारंभ होने पर ऐसे सभी वाहनों का विवरण उपलब्ध कराना होगा। यदि किसी वाहन का उपयोग किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा किया जाता है तो वाहन को जब्त कर लिया जाएगा और अनुमति भी वापस ले ली जाएगी। किसी मान्यता प्राप्त दल के अनुरोध पर जिला निर्वाचन अधिकारी एक वाहन के लिए परमिट जारी करेगा। इसका उपयोग दल के जिला स्तर के पदाधिकारी, स्टार प्रचारक के अलावा, अपने निर्वाचन के लिए जिले की कई विधानसभा क्षेत्रों में कर सकेंगे।

# ई-रिक्शा का रूट तैयार कराए प्रशासन : शैलेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि बाजार नसरुल्लाह खां, शादाब मार्केट, मिस्टन गंज में भीड़भाड़ ज्यादा होती है। होली करीब है और रमजान भी चल रहे हैं। इन मुख्य बाजारों के अंदर ई-रिक्शा का वन-वे रूट तैयार किया जाए। ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। माल की रिक्शा और ट्रांसपोर्ट की रिक्शा को न रोका जाए। ताकि आपूर्ति बनी रहे।

मंगलवार को पुलिस लाइन में व्यापारियों के साथ हुई गोष्ठी में सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने व्यापारियों से संबंधित परेशानियां पेश कीं। इसमें बाजारों में लगने वाले जाम और कैमरे पर चर्चा हुई। सभी व्यापारियों से अपील की कि वह अपनी दुकान नाले-नालियों के पीछे लगाएं। ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। ग्राहक को आने में आसानी रहे और कारोबार भी बढ़े। सभी व्यापारी अपनी दुकान के आगे ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाएं। जिससे सामान की हिफाजत रहे और अपराध पर भी रोक लग सके।

बैठक में शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, हारिस शम्सी, बिलाल शम्सी,प्रदीप खंडेलवाल, मुकेश आर्या, वाजिद अली, शकेब अहमद, बिलाल शम्सी, इरफान ,अवतार सिंह, निर्मल सिंह, काशिफ खान, दानिश शमसी, हरमीत सिंह ,वाजिद अली आदि मौजूद थे। सीओ सिटी ने सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।



पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में बोलते व्यापारी नेता शैलेंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हुई गोष्ठी

# पहाड़ी गेट क्षेत्र की पांच घंटे ठप रही बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में सीमेंट के खंभे और तार बदलने का काम किया जा रहा है। इसके चलते पहाड़ी गेट क्षेत्र की पांच घंटे बिजली ठप रही। इससे उपभोक्ताओं का परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रिवैंप योजना के तहत विद्युत विभाग नवीनीकरण का काम करा रहा है। इसमें लोहे के जर्जर खंभों को बदलकर सीमेंट के खंभे लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को भी बिजली कर्मियों ने पहाड़ी गेट, सिविल लाइंस और ज्वालानगर में तार बदलने का काम किया। इसके चलते तीनों क्षेत्रों की आपूर्ति पांच घंटे ठप रही।

दोपहर एक से शाम छह बजे तक आपूर्ति को बंद रखा गया। छह बजे के बाद बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि पुराने खंभे व तार बदले जा रहे हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधा हो रही है।

**त्योहार** | बाजार में मोदी, योगी पिचकारियों की भरमार, 35 से लेकर 1350 रुपये तक है कीमत

# गन से निकलेगा अबीर, जादुई है झाड़ू गुब्बारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के त्योहार पर इस बार भगवा रंग चढ़ता नजर आ रहा हैं। बाजारों में डबल इंजन की सरकार से लेकर मोदी-योगी पिचकारियों की भरमार है। तरह-तरह के मुखौटों के साथ गुलाल गन और झाड़ू गुब्बारा भी इस बार आकर्षक रहेगा। बाजारों में 35 से लेकर 1350 रुपये तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं।

होली की तैयारियां शुरू होने के साथ ही बाजारों में पिचकारी, रंग और गुलाल व अन्य सामानों से दुकानें सजी हुई हैं। खरीदारी के लिए बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह हैं। रंगों और गुलाल से होने वाली त्वचा संबंधित परेशानियों को देखते हुए लोगों में हर्बल रंगों की मांग अधिक है। मिस्टन गंज में रंग, पिचकारियों की दुकान सजाए व्यापारी दीपचंद ने बताया कि गुलाल गन में 150 ग्राम अबीर एक बार में भरा जाता है। इसकी कीमत 300 रुपये है। फौजी गन भी इसी तरह काम करती हैं। लेकिन उसमें गुलाल नहीं भरा जा सकेगा। झाड़ू गुब्बारा इस बार सबसे अलग हटकर हैं। इसमें पानी भरने के बाद गांठ नहीं बांधनी पड़ेगी। डबल इंजन वाली पिचकारी आम पिचकारियों की तरह ही हैं।



मिस्टन गंज में सजी रंग व पिचकारी की दुकान। ● अमृत विचार

### रंगों की कीमतों में आया उछाल

मिस्टन गंज में व्यापारियों ने बताया कि इस बार रंगों के दाम पांच से 10 रुपये तक बढ़े हैं। अभी तक बाजार में सबसे महंगी पिचकारी 1350 रुपये की है। इसमें एक बार में तीन लीटर पानी भरकर चलाया जा सकेगा। इस बार होली पर महंगाई का असर भी साफ देखने को मिल रहा है। पिछले साल के मुकाबले पिचकारियों के दाम में बढ़ोतरी हुई है। रंगों के दाम भी बढ़े हैं। इसकी वजह से लोग रंगों को खरीदने में झिझक रहे हैं।

# जिले में 22 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर जिला मजिस्ट्रेट लालता प्रसाद शाक्य ने बताया कि आगामी दिवसों में विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों आदि द्वारा धरना प्रदर्शन, जुलूस, पदयात्रा इत्यादि द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग की जा सकती है। रमजान, होलिका दहन, होलिकोत्सव, गुड फ्राइडे, ईद-उल-फितर, डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस, चैत्र नवरात्रि, श्री रामनवमी, महावीर जयंती आदि का त्योहार मनाया जाना है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 22 अप्रैल तक जिले में धारा-144 में लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके तहत किसी प्रकार का भाषण व पुतला दहन आदि नहीं किया जाएगा। रोड शो के दौरान पटाखे जलाना और शस्त्र लेकर चलना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। निषेधाज्ञा का उल्लंघन धारा-188 के अन्तर्गत अपराध होगा।

# समन्वयक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए नगर मजिस्ट्रेट संदीप वर्मा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कलेक्ट्रेट और एलआईसी चौराहे तक उपजिलाधिकारी मिलक की रहेगी ड्यूटी
- 30 मार्च तक नाम वापसी करा सकते हैं प्रत्याशी

**अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों को दाखिल करने, जांच करने, नाम वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन सम्बन्धी कार्य कलेक्ट्रेट में किया जायेगा। प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है।

आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में लोकसभा सात क्षेत्र के लिए 20 से 27 मार्च तक नामांकन, 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच और 30 मार्च को नाम वापसी होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट चौराहा (निकट पुलिस अधीक्षक आवास) एवं एलआईसी चौराहा तक उप जिलाधिकारी मिलक राजेश कुमार, आंबेडकर पार्क चौराहा एवं कलेक्ट्रेट चौराहा तक डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय को लगाया है। कलेक्ट्रेट प्रवेश द्वार एवं कलेक्ट्रेट चौराहे से नूरमहल तक डिप्टी कलेक्टर विकास वर्मा, कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्ष के बाहर डिप्टी कलेक्टर अमन देओल, स्टार चौराहा एवं कलेक्ट्रेट चौराहा तक डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है।

नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी को वाहन लेकर रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन के प्रत्याशी के साथ केवल चार व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जा सकेंगे। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा को नामांकन प्रक्रिया को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने समन्वयक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। वह नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भ्रमणशील रहकर कार्य करेंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं अपर पुलिस अधीक्षक परस्पर समन्वय स्थापित कर नामांकन प्रक्रिया के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखना तय करेंगे।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को आजीवन कारावास

## अदालत ने दोषी पर 29,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में एडीजे छह की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 29,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

मामला मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाला ग्रामीण पंजाब में रहकर नौकरी करता था। उसकी 15 साल की बेटी अपनी ताई के घर रहती थी। आरोप है कि 17 अगस्त 2017 को कमल नाम का युवक अपने दो साथियों के साथ उसकी 15 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। 21 अगस्त को ग्रामीण को इस बात की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। बताया गया कि आरोपी सोने-चांदी के जेवर भी ले गए थे। बाद में तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमल, राम किशोर और पप्पू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद कमल के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे छह की कोर्ट में चल रही थी।

मंगलवार को अदालत ने संभल के हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी कमल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर 29,000 रुपये जुर्माना भी डाला। इंस्पेक्टर मिलक धनंजय सिंह ने बताया कि दोषी कमल को सजा दिलाने के लिए पैरोकार गजेंद्र सिंह ने काफी मेहनत की है।

### तीन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

किशोरी का अपहरण करने के मामले में पीड़िता के पिता ने तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने जब जांच की तो कमल द्वारा किशोरी का अपहरण करने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने 17 सितंबर को कमल को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।

### इन धाराओं में हुई सजा

धारा चार पॉक्सो एक्ट में 10 साल की सजा और 10,000 रुपाये जुर्माना, धारा 342 में छह माह का कारावास, धारा 363 में तीन साल की सजा और 3,000 रुपये जुर्माना लगाया। धारा 366 में पांच वर्ष की सजा और 5,000 रुपये जुर्माना, धारा 506 में एक साल की सजा और एक हजार रुपये जुर्माना, धारा 3(2) वी एससी-एसटीएक्ट में आजीवन कारावास और 10,000 रुपये जुर्माना लगााया है।

## एक नजर

### शहर को दी जाए निर्बाध रूप से बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। इसमें उनका कहना है कि रमजान में शहरवासियों को निर्बाध रूप से बिजली दिलाई जाए। बिजली के जर्जर तारों को बदलवाया जाए। ताकि कोई फॉल्ट न हो और लोगों को निर्बाध रूप से बिजली मिल सके। कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में साफ सफाई का विशेष तौर से ध्यान रखा जाए। मस्जिदों के बाहर और गेट पर चूना डलवाया जाए।

### मोहल्ले की स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नई बस्ती के बाशिंदों ने ईओ को पत्र दिया है। इसमें उनका कहना है कि लंबे समय से स्ट्रीट लाइट बंद हैं। इसके लिए पूर्व में कई बार पालिका के अधिकारियों को ज्ञापन देकर बता चुके हैं लेकिन खराब लाइटों को चालू नहीं कराया गया है। इसकी वजह से लोगों को रात के समय आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र देने वालों में गुलरेज हसन, जरीफ सलमानी, शिबू खां, मुन्ने, महबूब सलमानी, गुड्डू और शहबान शामिल रहे।

### 40 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है। थाना अजीमनगर पुलिस ने विनोद कुमार निवासी धुलियागंज थाना अजीमनगर को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गांव कुंडे की मढैया जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर अजीमनगर थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### अधिवक्ताओं ने मंगलवार को किया काम

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को बार एसोसिएशन के सभागार में बार और रामपुर लायर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई थी। इसमें बार के सदस्यों द्वारा न्यायालय भवन एवं अधिवक्ता चेंबर स्थानान्तरण को लेकर प्रशासन द्वारा प्रस्तावित नयी कारागार स्थल नैनीताल रोड के विषय पर विचार किया था। इस कारण से सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे थे। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने सुचारू रूप से न्यायिक कार्य किया।

### धोखाधड़ी में जीजा-साले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी निसार अहमद ने मोहल्ले के ही सिराज और उसके बहनोई गुले हसन निवासी चंदौसी संभल के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई है।

निसार का आरोप है कि उसने मोहल्लेदारी के चलते सिराज को पांच लाख रुपए कपड़े का काम करने के लिए उधार दिए थे। ढाई लाख यूपीआई के जरिए और ढाई लाख नकद दिए गए। सिराज ने छह माह में चुकाने का वादा किया था लेकिन मियाद पूरी होने के बाद भी उसने रकम वापस नहीं की। काफी टोकने पर उसने कई बार में 1.62 लाख रुपये वापस किए। लेकिन शेष 3.38 लाख रुपये देने में उसकी नीयत में बेईमानी आ गई।

अब वह धमका रहा है। इसमें उसका बहनोई गुले हसन भी साथ दे रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर उसने कोर्ट में दस्तक दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव से संबंधित चर्चा करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## आयोग की गाइडलाइन के अनुसार करें दायित्वों का निर्वहन : जोगिन्दर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि प्रत्येक टीम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। यदि किसी स्तर पर संशय की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके संबंध में दिशा-निर्देशों का अध्ययन करने के बाद कार्रवाई की जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च की मॉनिटरिंग करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप गठित टीमों के साथ बैठक की।

बताया कि निर्वाचन अवधि में समयबद्धता का काफी महत्व है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। समयबद्धता का ध्यान रखते हुए हर कार्रवाई समय से संपादित होनी चाहिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग हुए घायल

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। दो घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

पहला हादसा बिलासपुर रोड स्थित देव रिसॉर्ट के पास हुआ। बरेली के फतेहगंज थाना क्षेत्र के टिटौली गांव निवासी राहुल टेंपू से पेंट का सामान लेकर रठौंडा मेला जा रहा था। सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार विनय कुमार निवासी ग्राम राजपुरा थाना मिलक घायल हो गया। दूसरा हादसा नगर के हाईवे बाईपास पर हुआ।

मुरादाबाद जिले के छजलैट निवासी सचिन बाइक से अपने भाई जितेंद्र के साथ बरेली स्थित पासपोर्ट ऑफिस गया था। वापस आते समय उनकी बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को सरकारी अस्पताल भिजवाया। बाद में दोनों घायलों को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



रंगोली मंडप में युवकों द्वारा बनाई गई पेंटिंग। ● अमृत विचार

## रंगोली बनाकर की मतदान की अपील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में मतदाता जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि रंगोली मंडप में दिव्यांगजन गायन, हस्तकला, पेन्टिंग प्रतियोगिता एवं डाइट प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। मुख्य आयोजक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं संयोजक तृप्ति माहौर रहीं। दिव्यांगों ने रंगोली बनाकर मतदान की अपील की। इसी के साथ जिला दिव्यांग आइकन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। डाइट प्रशिक्षणार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति जागरूक किया।

# कोर्ट में गवाह नहीं आने के कारण दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई टली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 28 मार्च को सुनवाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। बचाव पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। मंगलवार को गवाह नही आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 28 मार्च को सुनवाई होगी। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि गवाह नही आने के कारण सुनवाई टली गई है।

### डूंगरपुर के एक मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विवेचक रामवीर सिंह से जिरह की। अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई होगी। बता दें कि सपा शासनकाल में डूंगरपुर में बने मकानों को गिराकर आसरा कालोनी बनवाई थी। इस मामले में कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों का आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विवेचक से जिरह की। अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई होगी।



▸▸ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही सुनवाई



संकुल बैठक में मौजूद शिक्षक और शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जनपद के समस्त ब्लॉकों में संकुल पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन हुआ। इसमें संकुल के शिक्षकों, शिक्षामित्र और अनुदेशकों आदि ने प्रतिभाग किया।

बैठक में शिक्षकों, अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों को निर्देशित किया गया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक करें। उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों से बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान करने का संकल्प पत्र भरवाएं। इस दौरान शिक्षकों को संकल्प पत्र वितरित किए गए। यह छात्र-छात्राओं द्वारा अभिभावकों से भरवा कर विद्यालय में जमा किए जाएंगे। 19 अप्रैल को मतदान होना है।

### हादसे में मां-बेटी जख्मी बाइक सवार को पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को बाइकों की टक्कर में मां-बेटी समेत तीन लोग जख्मी हो गए। हादसे से गुस्साए परिजनों ने दूसरी बाइक पर सवार युवक के साथ सीएचसी में मारपीट की। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए।

शाहबाद के गांव पैगुपुरा निवासी देवकुमार अपनी बहन पूजा की ससुराल संभल के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भगतपुर गया था। वहां से पूजा और उसके बच्चों राधिका और अनुराग को लेकर पैगुपुरा जा रहा था। शाहबाद-चंदौसी मार्ग पर भुड़ासी गांव के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में पूजा, उसकी बेटी राधिका और दूसरी बाइक सवार पवन निवासी पैगम्बरपुर शाहबाद जख्मी हो गए। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर पूजा के मायके के लोग सीएचसी पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने पवन के साथ मारपीट कर दी।

## आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी अवैध शराब

संवाददाता, बिलासपुर

▸▸ उपकरण व लहन को मौके पर ही किया नष्ट

▸▸ देशी व विदेशी शराब दुकानों पर चेकिंग भी की गई

**अमृत विचार :** आबकारी विभाग ने क्षेत्र के पांच गांवों में छापेमारी कर शराब माफिया के ठिकानों को तहस-नहस कर दिया। मौके से 80 लीटर अवैध शराब व उपकरण बरामद कर एक हजार किलोग्राम लहन को नष्ट कर दिया।

चुनाव व होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को आबकारी निरीक्षक मोहम्मद सरफराज आलम के नेतृत्व में टीम ने पिपलिया गोपाल, कोठा जागीर, धावनी, डोहरिया व खानपुर के बरसाती नाले आदि में छापेमारी की। अवैध शराब की बिक्री व विक्रय कर रहे लोगों में इससे हड़कंप मच गया। छापेमारी की भनक लगते ही वह मौके से फरार हो गए। इस दौरान टीम ने 80 लीटर अवैध शराब व उपकरण बरामद किए। एक हजार किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शासन व जिला आबकारी अधिकारी एसके शर्मा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर छापेमारी की जा रही है। मंगलवार को पांच गांवों में अभियान चलाकर आबकारी अधिनियम की धाराओं में एक मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा टीम ने देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों पर चेकिंग की। उन्होंने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### चाइनीज मांझे की चपेट में आकर अधिवक्ता घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** रामपुर से घर लौट रहे एक अधिवक्ता चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा गर्दन में लग जाने के कारण वह घायल हो गए। अधिवक्ता ने एसपी से प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मसवासी के बिजारखाता निवासी पवन कुमार चंद्र जिला कचहरी में अधिवक्ता हैं। वह प्रतिदिन बाइक से घर आते-जाते हैं। सोमवार की शाम वह जिला कचहरी से लौट रहे थे। पुलिस लाइन के नजदीक कुछ लोग पतंग उड़ा रहे थे। इस दौरान पतंग गिरकर उनकी गर्दन में फंस गई। चाइनीज मांझे से गर्दन पर निशान पड़ गए। वह किसी तरह स्वार पहुंचे और मरहम पट्टी कराई।अधिवक्ता ने अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से भेंट कर प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बिना लाइसेंस कई घरों में पाले जा रहे पिटबुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** घरों में पल रहे पिटबुल सहित कई नस्लों के कुत्ते लोगों के लिए घातक साबित हो रहे हैं। मौका मिलते ही यह कुत्ते बच्चों व बड़ों के पीछे पड़ जाते हैं और इनको काटकर जख्मी कर रहे हैं। लेकिन नगर पालिका की ओर से कुत्ते पालने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में नगर पालिका के आंकड़ों के मुताबिक एक भी कुत्ते का लाइसेंस नहीं है। पशु पालन विभाग और नगर पालिका परिषद के अधिकारी एक-दूसरे के पाले में गेंद डालने का प्रयास कर रहे हैं।

मौजूदा समय में शहर की आबादी करीब चार लाख है। आधी से ज्यादा आबादी में लोग घरों को सुरक्षित रखने या स्टेटस सिबंल के लिए कई नस्लों के कुत्ते पालते हैं। शहर में ज्यादातर घरों में पिटबुल या फिर अन्य नस्लों के कुत्ते पाले जा रहे हैं। यह कुत्ते आसपास के लोगों के लिए घातक साबित हो रहे हैं। कुछ देर तक इन कुत्तों को खुला छोड़ दो तो कुत्ते आसपास के लोगों पर हमला करके काटकर जख्मी कर देते हैं। शासन के सख्त आदेश है कि कुत्तों को पालने के लिए नगर पालिका से पंजीकरण होना जरूरी है, लेकिन लोग उसके बाद भी जागरूक नहीं हैं। नगर पालिका से रजिस्ट्रेशन कराए बिना ही कुत्ते पाले जा रहे हैं। नगर पालिका के अधिकारी भी इसको लेकर सक्रिय नहीं हैं। अभी तक ऐसे कुत्ता पालने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### कई स्थानों पर लोग करते हैं कुत्तों का कारोबार

सिविल लाइंस क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक आवास के पीछे कुत्ता कारोबारी बंटी बताते हैं कि नगर में पिटबुल, जर्मन शेफर्ड और रामपुर हांड की मांग अधिक है। पिल्ले की कीमत नस्ल के हिसाब से 10 से लेकर 30 हजार रुपये तक होती है।

### कई जगह मालिकों पर भी हमला कर चुके हैं पिटबुल

सरकार ने पिटबुल सहित कई नस्ल के कुत्तों के पालने पर पाबंदी लगा दी है। उसके बाद भी लोग कुत्ते पालने से बाज नहीं आ रहे हैं। रामपुर में बड़े किसान होने के चलते कुत्तों के पालने वालों की संख्या अधिक है। बड़े-बड़े फार्म हाउसों की रखवाली का जिम्मा इन्हीं खतरनाक नस्ल के कुत्तों के जिम्मे रहता है। सबसे ज्यादा पिटबुल नस्ल के कुत्ते पाले जा रहे हैं। ऐसी तमाम घटनाएं हुईं हैं जिनमें पिटबुल नस्ल के कुत्तों ने अपने मालिक को ही काटकर जख्मी कर दिया।

> कुत्तों को पालने का रिकार्ड नगर पालिका के पास होगा। हमारे पास कुत्तों का रिकार्ड नहीं रखा जाता।
>
> -डा.महेश कौशिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

> नगर पालिका में अभी तक किसी भी नस्ल के कुत्ते का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ पालिका

### दो लोगों को शिकार बना चुके हैं पिटबुल

**केस-1** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला फर्राशान निवासी आठ साल के बालक को पिटबुल ने काटकर जख्मी कर दिया था। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में कुत्ते के मालिक पर रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

**केस-2** मिलक थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेत्री के घर में पल रहे पिटबुल ने किशोरी के ऊपर जुलाई में हमला करके जख्मी कर दिया था। उसका भी इलाज कराया गया था।

**कार्रवाई** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की छापेमारी में मिली तीन क्विंटल नकली कचरी, कार्रवाई से मिलावटखोरों में मची खलबली

# होली व रमजान में जांच-परख कर खाएं कचरी-पापड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली व रमजान को लेकर बाजारों में मौजूद कचरी-पापड़ को जांच-परखने के बाद ही खरीदें। क्योंकि बाजार में मिलावटखोरों ने नकली कचरी-पापड़ की भरमार कर दी हैं। मिलावटी कचरी-पापड़ के सेवन से शरीर में तरह-तरह की बीमारियां फैलने की आशंका है। मंगलवार की दोपहर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने तीन क्विंटल नकली कचरी को सीज किया है।

होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम सड़कों पर उतर आई। अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में जनपद में अलग-अलग खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। अजीतपुर इंडस्ट्रियल, राना इंटरप्राइजेज मोहम्मद अली खां, खाद्य कारोबारी हेमंत आहूजा के यहां से दो रंगीन कचरी के नमूने लिए। हेमंत आहूजा के प्रतिष्ठान से टीम ने दो नमूने कचरी के लिए। जबकि 120 किलो रंगीन कचरी को सीज किया। पनवड़िया स्थित कचरी निर्माण इकाई स्टार आइरिस एक्सपोर्ट तेजस गुप्ता के यहां से रंगीन कचरी और मैदा की कचरी का नमूना लिया और 100 किलो कचरी को सीज किया गया। टांडा में अय्यूब स्वीटस के यहां से दूध, रिफाइंड और सोयाबीन आयल के तीन नमूने लिए।

13 किलो रिफाइंड नष्ट किया। भमरौआ रोड स्थित खाद्य तेल विक्रेता श्याम ट्रेडर्स के स्वप्लिन गुप्ता के पामोलीन ऑयल का एक नमूना, पीला तालाब चौकी स्थित अलवीरा दूध डेयरी वसीम के यहां से खोया, राशिद दूध डेयरी से दही, बब्बू स्वीट के बर्फी का नमूना लिया गया। सचल दल ने 13 खाद्य नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं।



खाद्य पदार्थों के सैंपल लेते मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

### अप्रैल तक चलेगा अभियान

खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार होली, रमजान के पर्व पर जनपद में अभियान चलता रहेगा। रमजान में ज्यादातर लोग इफ्तारी के लिए कचरी-पापड़ और फलों का सेवन करते हैं। होली पर मेहमानों की आवभगत के लिए कचरी, पापड़, मेवा ड्राई फ्रूट की ज्यादा बिक्री होती हैं। दोनों पर्वों को देखते हुए अप्रैल तक अभियान संचालित हैं। अभियान में दूध, दूही, कचरी कारखाना समेत खाद्य प्रतिष्ठानों पर संदिग्धता मिलने पर छापेमारी की जाएगी।

### छापेमारी में यह रहे शामिल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामप्रताप, अशोक कुमार, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अजरा बी शामिल रहे। इन सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशत किया है कि पर्वों के दृष्टिगत मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने को छापेमारी की जाए। इसके बाद प्रतिदिन नमूनों की आख्या कार्यालय में जमा कराएं।

## उद्योगपतियों के इशारे पर बनाये काले कृषि कानून

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** भाकियू भानु की पंचायत में केंद्र सरकार की वादा खिलाफी का मुद्दा उठा। किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूर्व में हुए लोकसभा चुनावों से पहले किए गए वादों को पूरा करने की मांग की ।

मंगलवार को भाकियू भानु की क्षेत्र के संकरा गांव में पंचायत हुई। इसमें वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर काम कर रही है। किसानों के लिए किसान विरोधी काले कृषि कानून भी उद्योगपतियों के इशारे पर ही बनाए गए हैं। देश की 85 फीसदी आबादी किसान-मजदूर हैं। देश की अर्थव्यवस्था भी किसान-मजदूर के हाथ में है।

कोरोना महामारी के दौरान देश के सभी उद्योग बंद हो गए थे। देश की जीडीपी को बरकरार रखने में सबसे बड़ा योगदान देश के किसानों का है। आज सरकार द्वारा किसानों को ही छला जा रहा है।

मंडल सचिव मुराद खान ने कहा कि चुनावों से पहले प्रधानमंत्री ने सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ करने व साठ साल की आयु पूरी कर चुके किसानों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद अपने वादों को भूल गए और एक भी वादे पर अमल नहीं किया। कहा कि अब समय आ गया है कि किसान-मजदूर अपने हक की लड़ाई एकजुट होकर लड़े।

पंचायत में जिला सचिव इमरान खान, इलियास अहमद, मुस्तफा अली, आदिल महबूब अली, महावीर सागर, आरिफ अली, सफीक अहमद, मोहम्मद अलीम, जाहिद अली, डाक्टर शाहिद इकरार, राकेश कुमार, मुकेश श्रीवास्तव, महेंद्र सागर, हसीब वारसी, नन्हे, महबूब अली, महावीर सागर, आरिफ अली, सफीक अहमद, महेंद्र सागर, हसीब वारसी आदि मौजूद रहे।



किसान पंचायत को संबोधित करते किसान नेता हनीफ वारसी। ● अमृत विचार

▸▸ जीडीपी को बरकरार रखने में देश के किसानों का सबसे बड़ा योगदान : वारसी

## एक नजर

### तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खान ने फॉक्स ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बढ़पुरा शुमाली में किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के तंबाकू उत्पाद का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों से संपर्क किया गया। उन्हें तम्बाकू का उपयोग करने के कारण एवं इससे होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर काउंसलर तैय्यब, विनोद पाल, राकेश, रिंकू अजीत आदि शामिल रहे।

### गांधी समाधि पार्क का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** गांधी समाधि स्थित पार्क का ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई अच्छी तरह से कराई जाए। पार्क में लगा झरना लंबे समय से बंद हैं। इसे जल्द ही सही कराया जाए। शाम के समय झरना चलना चाहिए। ताकि पार्क की खुबसूरती बरकरार रहे। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

### जनपद की सीमा में घूम रहे जिला बदर बदमाश को पकड़ा

**रामपुर,अमृत विचार :** सद्दाम शाह निवासी ग्राम टेहरी ख्वाजा को न्यायालय ने छह माह के लिए जिला बदर अपराधी घोषित कर दिया था। खजुरिया पुलिस ने 16 फरवरी को सद्दाम को जनपद बरेली की सीमा में छोड़ दिया था। मगर वह जनपद की सीमा में घुस आया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान उसे ग्राम टेहरी ख्वाजा से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जिला अस्पताल में 858 रोगियों की हुई ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को जिला अस्पताल में चार डॉक्टरों ने 858 रोगियों की नब्ज टटोली। इसमें अधिकतर खांसी, जुकाम और बुखार के रोगी रहे। सुबह दस से दोपहर दो बजे तक चिकित्सकों के कक्ष के बाहर रोगी खड़े रहे। जनरल फिजिशियन डा. शंशाक झा ने बताया कि मौसम बदलने पर इन दिनों रोगियों की संख्या बढ़ी है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल ने सात से आठ वर्ष के रोगियों को देखा। इनमें मौसम में परिवर्तन होने से सर्दी का असर देखने को मिला। बच्चों के माता-पिता को एहतियात बरतने की सलाह दी गई।

# एचटी लाइन के करंट से युवक की मौत

## फाल्ट ठीक करने खंभे पर चढ़ा था, मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने बिजलीघर पर किया हंगामा

संवाददाता, बिलासपुर



**अमृत विचार :** फाल्ट ठीक करने पहुंचे प्राईवेटकर्मी की हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खंभे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

मामला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईसानगर पुलिस चौकी का है। ग्रामीणों के अनुसार लालपुर गांव निवासी रतन मसीह का 28 वर्षीय पुत्र इंद्रयांश मसीह उर्फ पम्मा हाईवे स्थित अशोकनगर बिजलीघर में तैनात संविदा बिजली कर्मियों के अंडर में काम करता था। मंगलवार की दोपहर करीब पौने बारह बजे ईसानगर गांव में हाईटेंशन लाइन में अचानक फाल्ट हो गया। इस फाल्ट को ठीक करने के लिए बिजलीघर में तैनात कर्मी से शटडॉउन लेकर वह 11 हजार की लाइन का जम्पर जोड़ने लगा। तभी करंट से वह बुरी तरह झुलस गया। देखते ही देखते उसकी खंभे पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। नीचे खड़ा कर्मचारी यह देख मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर खंभे पर लटके कर्मी पर पड़ी तो हड़कंप मच। अन्य ग्रामीण व प्रधान मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस दी। इसके बाद चौकी इंचार्ज राजीव त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग को सूचना देकर शट-डाउन कराया। इसके बाद कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर खंभे पर चिपके पम्मा के शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। देर शाम बिजलीघर पहुंचे मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। मृतक के परिजनों ने अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है।



बिजली घर के पास हंगामा करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार



खंभे पर लटके इंद्रयांश मसीह का शव उतारते लोग। ● अमृत विचार

▶▶ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल

> प्राईवेट विद्युत कर्मी की मौत पर विभाग अपना पल्ला झाड़ रहा है। जबकि परिजन व ग्रामीण दो लाइनमैनों के अंडर में काम करने की बात कह रहे हैं। उन्हीं के बुलाने पर युवक फाल्ट ठीक करने जाता था। मौके पर तहसीलदार पहुंच गए हैं। परिजनों से वार्ता की जा रही है।
>
> -पंकज यादव, एसडीओ बिलासपुर

# आजम खां के जेल में होने से जिले की सियासी फिजा में पसरा सन्नाटा

सुहेल जैदी, रामपुर



घनश्याम सिंह लोधी



जयाप्रदा



आजम खां

**अमृत विचार :** दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में 19 अक्टूबर 2023 से पूर्व मंत्री आजम खां सीतापुर की जेल में बंद हैं। अदालत ने उन्हें सात वर्ष की सजा सुनाई है। सपा के कद्दावर नेता के जेल में बंद होने से जिले की सियासी फिजा में सन्नाटा पसरा है। रामपुरी खां साहब अपनी तकरीर के दौरान किसको निशाने पर ले लें और सियासी हवा का रुख बदल दें यह किसी को मालूम नहीं होता था। फिलहाल, भाजपा ने अपने प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी का टिकट समय रहते दिए जाने से उनकी राह आसान कर दी है। आजम खां को अपने ही गढ़ में मुस्लिमों को साधने की चुनौती है।

सपा-कांग्रेस का सियासी गठबंधन रामपुर को रास नहीं आ रहा है। रामपुर में हमेशा त्रिकोणीय चुनाव रहता है। बसपा ने लोकसभा चुनाव में कभी जीत दर्ज नहीं की है। कांग्रेस, भाजपा और सपा प्रत्याशियों के बीच घमासान 2004 से फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के चुनाव लड़ने के बाद से शुरू हुआ। इससे पहले कांग्रेस और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। 2019 में आजम खां ने रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। चुनाव के दौरान उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी वर्तमान में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को निशाने पर ले लिया। इसके बाद इस आईएएस ने ऐसी बिसात बिछाई कि आजम अपने मकड़जाल में खुद ही फंसते गए और उनका किला धड़ाम हो गया। 2024 के चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है और सीट सपा के खाते में चली गई है। सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि रामपुर लोकसभा सीट से कौन प्रत्याशी होगा यह आजम खां को तय करना है। लेकिन, आजम खां ने अभी तक किसी भी नाम को पेश नहीं किया है। इसके कारण तमाम पार्टियों में असमंजस की स्थिति है।

यदि बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर की बात का भरोसा करें तो पूर्व मंत्री नवेद मियां समेत पांच लोगों ने टिकट के लिए आवेदन किया है। लेकिन बसपा उम्मीदवार ने कभी रामपुर लोकसभा सीट पर जीत दर्ज नहीं की है। फिलहाल भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी अकेले चुनाव मैदान में डटे हुए हैं और उन्होंने 27 मार्च को नामांकन किए जाने की घोषणा कर दी है। आजम खां के नाम की घोषणा करने की लेट लतीफी भाजपा प्रत्याशी की राह आसान कर रही है।



मिलक में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम व ईओ। ● अमृत विचार

# अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** मंगलवार को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार एवं पालिका के अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

सड़कों पर अचानक पालिका कर्मियों के साथ अधिकारियों को देख दुकानदारों में खलबली मच गयी। अधिकारियों की नाराजगी देख दुकानदारों ने दुकानों के सामने अतिक्रमण कर रखे सामान को हटा लिया। अधिकारियों ने अतिक्रमण न हटाने वालों दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। अधिकारियों ने कहा कि होली पर दुकानदार दुकानों के सामने सामान को न सजाएं। इससे आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पटवाई मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कर में पिचकारी लिए पीकर थोड़ी भंग, देवर जी डारन चले भौजाई पर रंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ होली के मौके पर हुई काव्य गोष्ठी में कवियों ने पाई खूब वाहवाही

▶▶ नए रचनाकारों को काव्य गोष्ठियों से मिलता है अभ्यास का अवसर



काव्य गोष्ठी के दौरान मौजूद कवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के तत्वावधान में हुई काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं पर खूब वाहवाही पाई। काव्य गोष्ठी का संचालन राजवीर सिंह राज ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उस्ताद शायर नईम नजमी को आवाज दी। उन्होंने कहा कि- जब भी हम फिक्र के गुलजार में आ जाते हैं, लफ्ज महके हुए अशआर में आ जाते हैं।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में मंगलवार को काव्य गोष्ठी हुई। इसमें संरक्षक ताहिर फराज ने नए रचनाकारों को उच्चारण तथा काव्य में शिल्प और कलात्मकता को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की अदबी सरगर्मियां जारी रखने से नए रचनाकारों में मश्क करने का जज्बा बना रहता है। उतरता है जो आंखों से तुम्हारे गम का पैराहन, सहर को गुल पहनते हैं, वही शबनम का पैराहन। साहित्य सभा के जिला संयोजक सुरेंद्र अश्क रामपुरी ने आज भी हरियाली को बचाए हुए गांवों का सुंदर चित्र अपनी रचना में प्रस्तुत करते हुए कहा कि तुम्हारे शहर में हरसू हैं बेशक कोठियां ऊंची, महकता फूलों से आंगन हमारे गांव में है, ये माना है सुकूं इन एसी और में कूलरों में, मगर सुख चैन तो उन पीपलों की छांव में है।

कार्यक्रम में सभा की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष ओंकार सिंह विवेक ने अपने इस दोहे के माध्यम से होली खेलने एक का शानदार चित्र प्रस्तुत किया-कर में पिचकारी लिए पीकर थोड़ी भंग, देवर जी डारन चले भौजाई पर रंग। वरिष्ठ शायर डॉक्टर जावेद नसीमी के इस शेर ने सभी के दिलों को छू लिया- हाय! वो लोग जो तस्कीने-दिलो-जां थे कभी, क्या बिगड़ जाता जो वो लोग भी जीते रहते। वरिष्ठ उपाध्यक्ष फैसल मुमताज ने कहा कि मस्त पवन के झोंके में जो लहरा दे वो आंचल को, पानी-पानी कर डालेगा आवारा से बादल को। उसने मन की मन की शांत झील में प्रेम का पत्थर फेंक दिया, तुम ही बताओ कैसे रोकूं इस अंजानी हलचल को। गोष्ठी की अध्यक्षता संरक्षक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर ताहिर फराज ने की। शायर अशफाक जैदी ने अपने तरन्नुम का कमाल दिखाते हुए पढ़ा कि जब तक गरज रहेगी गले तर कहेंगे लोग, मैं जानता हूं फिर मुझे पत्थर कहेंगे लोग। सभा के सह सचिव सुमित सिंह मीत का यह आशावादी शेर बहुत पसंद किया गया-नए बहुत से दरवाजे खुल जाते हैं, बंद अगर कोई दरवाजा होता है। कोषाध्यक्ष अनमोल रागिनी चुनमुन ने अपनी सामयिक काव्य प्रस्तुति में कहा-यत्र तत्र सर्वत्र हैं खुशियां अपरम्पार। बसंत लेकर आ गया, होली का त्योहार।

सभा के मंत्री राजवीर सिंह राज ने गोष्ठी का संचालन करते हुए जुल्म के पैरोकारों को लेकर तरन्नुम में अपना कलाम पेश करते हुए कहा-चौपाल से वो शाम की रौनक ही छिन गई, जब से खुला है गांव में ठेका शराब का। लेखक सुधाकर सिंह ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर तरह से आम जन के ही ठगे जाने की व्यथा कुछ इस तरह अभिव्यक्त की-कोई हारा कहीं अगर तो समझो जनता ही हारी है, नेता कब नेता से हारा, दल भी दल से नहीं हारते।

# लापरवाही बरतने पर चौपट हो सकती है आम की फसल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** फलों के राजा आम में इस समय बौर आया हुआ है। बौर देखकर आम उत्पादकों के चेहरे खिले हुए हैं। मामूली लापरवाही बरतने पर रोग और कीट पूरे उत्पादन को चौपट कर सकते हैं। किसानों को पेड़ में अधिक बौर आएं और टिका रहे इसके लिए चौकन्ना रहने की जरूरत है।

आम के पेड़ में फल चने के दाने के बराबर हो जाए तो कीटनाशक का प्रयोग कर लेना चाहिए। इसके पेड़ में दीमक बहुत जल्दी लगती है। इसके लिए किसानों को फोरेड व मैंकोजेव दवा डालनी चाहिए। जो किसान प्राकृतिक दीमकनाशक का प्रयोग करना चाहते हों, वह जीवामृत का प्रयोग कर सकते हैं। आम में जिंक, मैग्नीशियम और बोरॉन की कमी पाई जाती है। इसे सुधारना अति आवश्यक है। जिंक की कमी के लिए जिंक सल्फेट का तीन ग्राम प्रति लीटर पानी में और मैग्नीशियम की कमी के लिए पांच ग्राम मैग्नीशियम सल्फेट प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना लाभदायक होता है। आमतौर पर अब किसान आम का पौधा लगाने में कम रुचि लेने लगे हैं। इसकी वजह है कि पेड़ अधिक जगह घेरता है और सीजन में एक बार ही उपज देता है। एक स्वस्थ आम के पेड़ से फल आने में पांच साल लग जाते हैं। यह लगभग 60 साल तक फल देता रहता है।

वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि पेड़ से कमजोर होकर बौर न गिरे और अधिक बौर आए इसके लिए किसान को मोनोक्रोटो फांस और कयूनाल फांस दवा देनी चाहिए। इसके अलावा सल्फर 50 ग्राम प्रति पेड़ की दर से देना चाहिए। इससे भी बौर गिरता नहीं है। शीघ्र फल देने वाले बैंगनफली, बंबइया, दशहरी, लंगड़ा, तोतापरी और देर में फल देने वाली किस्में चौसा और फजली हैं। बौर आने के बाद सिंचाई नहीं की जाती है। एक माह बाद सामान्य सिंचाई करनी चाहिए।



आम के पेड़ आया बौर। ● अमृत विचार



> आम की अच्छी उपज पाने के लिए बौर आने के तीन महीने पहले से दवा और कीटनाशक का छिड़काव करना चाहिए। आम के उत्पादन में काफी मुनाफा है।
>
> - अन्नू पहलवान, बागवान



> आम की फसल अच्छी होने की उम्मीद है। तरीके से देखभाल करें तो अच्छी पैदावार हो सकती है। रामपुर में दशहरी, लंगड़ा, चौसा आम खूब होता है।
>
> - गुड्डू जावेद किसान, बिलासपुर



> इस बार आम में बौर बहुत आया है। बहुत अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है, आम की अच्छी फसल देखकर बागवानों के चेहरे खिले हुए हैं।
>
> - हनीफ वारसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाकियू भानु



> आम के पेड़ों पर इस बार बौर अच्छा दिखाई पड़ रहा है। किसान बौर की देखभाल करें। पेड़ का समय पर उपचार न करने पर बौर गिर जाता है।
>
> - जफर खान, बागवान

### रामपुर में ही हो जाती है 67 प्रतिशत आम की खपत

जिले में आम की खेती साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में होती है। जनपद में इसका उत्पादन 43925 मीट्रिक टन होता है। इसमें से 67 प्रतिशत खपत जिले में ही हो जाती है। ब्लॉक सैदनगर में सबसे अधिक 800 हेक्टेयर में खेती होती है। जबकि ब्लॉक मिलक में सबसे कम 400 हेक्टेयर में आम का उत्पादन होता है। जिले में सबसे अधिक दशहरी आम की पैदावार होती है।

## व्यापारियों ने लोगों से की मतदान की अपील

**रामपुर, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी के निर्देशन में सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार ने व्यापारी संगठन, फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की समस्याओं को सुना।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने ई-रिक्शा के रूट निर्धारण के बाद से मरीज को बार-बार रिक्शा बदलने से होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाया। इस पर सीओ सिटी ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिलाया। इसके बाद महामंत्री मोहम्मद आजम खान, उपाध्यक्ष खुर्शीद इकराम ने सीओ सिटी को बुके देकर स्वागत किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जनता से लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान की अपील की। इस अवसर पर नवीन गुप्ता, मोहम्मद नूर, मतीन खान, शैलेन्द्र शर्मा, राजीव शर्मा, शाहिद शमसी, अवतार सिंह आदि शामिल रहे।

# धार्मिक स्थल में नहीं खोल सकेंगे चुनाव का कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ चुनाव प्रचार के दौरान नागरिकों की गोपनीयता का करें सम्मान

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि किसी भी पार्टी का चुनाव कार्यालय सार्वजनिक या निजी संपत्ति को अतिक्रमित करते हुए नहीं खोला जा सकेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी धार्मिक स्थल या उसके परिसर में नहीं खोला जाएगा। मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में भी कार्यालय नहीं खोला जाएगा।

सरकारी स्वामित्व वाले अतिथि गृह आदि के परिसर के अंदर राजनीतिक दलों के सदस्यों अनौपचारिक बैठकों के आयोजन की भी अनुमति नहीं है। निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति को 48 घंटे से अधिक समय तक कमरा उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान हर व्यक्ति के शांतिपूर्ण और बाधारहित घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाएगा। फिर चाहे राजनीतिक दल और प्रत्याशी उनकी राजनीतिक राय या गतिविधियों से कितने भी अप्रसन्न हों। किसी भी परिस्थिति में उनकी राय अथवा गतिविधियों के खिलाफ विरोध जताने के लिए व्यक्तियों के घर के सामने प्रदर्शन करने या धरना देने का सहारा नहीं लिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रात 10 से पूर्वान्ह छह बजे तक घर-घर जाकर प्रचार करना, एमएमएस, व्हाट्स-एप कॉल, लाउडस्पीकर आदि से प्रचार संबंधी क्रियाकलापों पर प्रतिबंध होगा।

**लापरवाही** | सात मार्च को हुई बैठक में दर कम करने का उठा था मुद्दा, बदहाल हो रहा 25 करोड़ की लागत से बना बापू मॉल

# टेंडर तक सिमटी बापू मॉल की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तोपखाना स्थित बापू मॉल की दुकानों का आवंटन टेंडर प्रक्रिया तक सिमट कर रह गया है। इन दुकानों की नीलामी नौ फरवरी को पालिका के सभागार में हुई थी। इसमें 13 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया था। इसके बाद पालिका के वार्षिक बजट की बैठक नौ मार्च को हुई। इसमें दुकानों की दर कम करने का मुद्दा उठा था। इसके बाद दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया अधर में लटक गई है। इसकी वजह से माल की दुकानें व हाल धूल चाट रहे हैं।

सपा सरकार में तोपखाना स्थित बापू मॉल का निर्माण सीएनडीएस के माध्यम से 24.96 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। मॉल में 16 हॉल व 316 दुकानें बनवाई गई थीं। वर्ष 2018 में प्रशासन की सख्ती के बाद 115 दुकानों की प्रीमियम जमा कराकर आवंटन हुआ था। नौ फरवरी को 151 दुकानों के आवंटन के लिए बोली लगाई गई।

इसमें 13 ठेकेदारों ने हिस्सा लेकर 13 लाख रुपये प्रीमियम जमा कराया था। इसके बाद सात मार्च को हुई नगर पालिका के वार्षिक बजट की बैठक में दुकानों के दर कम कराने का प्रस्ताव रखा गया। इधर लोकसभा चुनाव की अटकलें होने पर जनपद में आदर्श आचार संहिता लग गई। इसके चलते दुकानों के आवंटन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।



तोपखाना स्थित 25 करोड़ की लागत से बना बापू मॉल। ● अमृत विचार

> जनपद में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगी हुई। बापू मॉल की दुकानों की दर कम कराने की बात सात मार्च को पालिका के वार्षिक बजट की बैठक में रखी जा चुकी है। मतगणना होने के बाद दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

### शहर की 352 सड़कों का निर्माण भी अधर में

नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में शहर की 352 सड़कों की हालत सुधारने की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें बाजार नसरूल्लाह खां, शौकत अली रोड, घेर मियां खां, घेर नज्जू खां समेत कई क्षेत्रों की सड़कें काफी बदहाल हैं। यह भी निर्माण कार्य अधर में लटके हुए हैं। सड़कों पर लोगों को चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड की बैठक में शहर में विकास कार्य कराए जाने के लिए एक अरब के प्रस्ताव पारित हो चुके है। बदहाल सड़कों को लेकर पालिका अधिकारी आचार संहिता लगने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

## चरस व तमंचे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने तीन आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। इनमें से दो युवकों के पास चाकू और तीसरे के पास चरस मिली। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर मादक पदार्थों तथा अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोबिन उर्फ अयान मून निवासी मोहल्ला घेर कलन्दर खां को 210 ग्राम चरस के साथ स्वार बस अड्डे से गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा अमान खां निवासी मोहल्ला मस्जिद जहुरुद्दीन गुजर टोला को घेर रहमत खां पानी की टंकी के पीछे मैदान से तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर चालान कर दिया है।

# 190 बच्चों ने दिया स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सांई स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट देते परीक्षार्थी।

▶▶ कक्षा आठ, नौ एवं 11 के छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

▶▶ साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** नारायनपुर लदौरा स्थित साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मंगलवार की दोपहर सांई स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (मानकीकृत परीक्षा) हुआ। इयमें में कक्षा आठ, नौ और 11 के 190 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

साईं स्कूल के अतिरिक्त किड्स गार्डन जूनियर हाई स्कूल, ग्रीन हॉल पब्लिक स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी के विद्यार्थियों ने भी यह परीक्षा दी। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आईआईटी, जेई- नीट की परीक्षा की तैयारी के प्रति सजग करना था। इसमें विद्यालय की ओर से कक्षानुसार छात्रवृत्ति का प्रावधान भी किया गया है। इस परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 2500 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 1500 रुपये एवं तृतीय ध्यान पाने वाले विद्यार्थी को 500 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

परीक्षा के बाद एक काउंसलिंग सेशन भी रखा गया। इसमें लीड स्पीड संस्था से आए कांउसलर दीपक और दिवाकर ने छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग की। छात्रों को नीट, आईआईटी की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। परीक्षा और कांउसिलिंग विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना की देखरेख में हुई।

इस दौरान शिखा गुप्ता, पंकज कुमार, शिरीन, निर्दोष सक्सेना, प्रवेश मौर्य, अजीम, उपेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने होटलों पर की छापेमारी

**मिलक, अमृत विचार :** आबकारी विभाग की छापेमारी से होटलों में अफरा-तफरी मच गयी। मंगलवार को आबकारी विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र में संचालित होटलों व ढाबों में संघन चेकिंग अभियान चलाया।होटलों एव ढाबों में टीम के घुसते ही एवं सघन तलाशी से संचालकों में खलबली मच गयी। इस दौरान कुछ होटलों में शराब का सेवन कर रहे लोग मौका पाकर खिसक लिए। टीम द्वारा होटल व ढाबा संचालकों को चेताया गया कि उनके होटलों अथवा ढाबों में मदिरा का सेवन कराया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के चलते नगर क्षेत्र के होटल व ढाबे सुनसान रहे। टीम के जाने के बाद संचालकों ने राहत की सांस ली।

### महिला को घर से निकालने में पति समेत चार पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी संजू के अनुसार उसने अपनी बेटी लक्ष्मी की शादी फरवरी 2012 में दक्षिण दिल्ली के थाना जैतपुर के सरिता बिहार स्थित जेके कॉलोनी निवासी अभिषेक के साथ की थी। उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि ससुराल में शादी के बाद से ही लक्ष्मी को दहेज के लिए ताने मिलते थे। इसके बाद वह लक्ष्मी को प्रताड़ित करने लगे। दिसम्बर 2023 में आरोपियों ने लक्ष्मी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। अब उसने शाहबाद कोतवाली में बेटी के पति अभिषेक, सास बबली, ससुर छोटेलाल और ननद नंदिनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### 60 लीटर शराब के साथ तीन लोग पकड़े

**सैफनी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अवैध शराब पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। इसी के चलते मंगलवार को पुलिस ने तीन लोगों को 60 लीटर शराब के साथ अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान दनियापुर रोड से करनपुर गांव निवासी कुंवरपाल को 20 लीटर, बैरूआ से चन्द्रपुरा खुर्द गांव को जाने वाले रपटा पुल से बैरूआ गांव निवासी गौस आलम को 20 लीटर और किशनपुर गांव निवासी जाकिर को भी ग्राम बलुपुरा की पुलिया से 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



विदाई समारोह में उपस्थित बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## विदाई समारोह में भावुक हुए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक चमरौआ के कंपोजिट विद्यालय अहमदनगर खेड़ा में कक्षा आठ के बच्चों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय से विदा हुए छात्र-छात्राएं बहुत भावुक दिखाए दिए।

विदाई समारोह में बच्चे प्रधानाध्यापिका सुमन अरोड़ा से अपने स्कूल में अधिकारियों से कहकर आगे की कक्षाएं शुरू कराने की मांग कर रहे थे। कहा कि हम दूसरे विद्यालय में नहीं पढ़ पाएंगे। बच्चों की विदाई के समय कुछ पलों के लिए स्टाफ भी भावुक हो गया। समारोह में कक्षा छह और सात के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा आठ के बच्चों के मध्य विभिन प्रतियोगिता कराई गईं। इसमें रैम्पवॉक, एक्टिंग एवं कुर्सी दौड़ आदि प्रमुख रहीं। उन्ही बच्चों के बीच से मिस्टर और मिस फेयरवेल चुने गए। दूसरे विद्यालय में जाने पर दीप्ति साह को भी विद्यालय परिवार ने स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर विदा किया। इस अवसर पर प्रिया भटनागर, गीता सिंह, सौरभ शाक्य, सुषमा, पुष्पा और सलीम अहमद सहित कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। संचालन अंजलि सक्सेना ने किया।

### पहले अशरे में बरसती है अल्लाह की रहमत, गुरुवार को खत्म हो जाएगा रमजान का पहला अशरा

## रमजान के तीनों अशरों की अपनी अलग-अलग है अहमियत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रमजान का पहला अशरा गुरुवार को खत्म हो जाएगा। रमजान के पहले अशरे में रोजेदारों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। जबकि दूसरा अशरा शुक्रवार से शुरू होगा। दूसरे अशरे में रोजेदार अपने गुनाहों के लिए अल्लाह से माफी पा सकते हैं। सोमवार से तीसरा अशरा शुरू होगा। यह अशरा आखिरी होगा। इसमें मुसलमान को जहन्नुम से बचने के लिए अल्लाह से दुआ करना चाहिए। अरबी भाषा में दस को अशरा कहते हैं।

माहे रमजान के तीनों अशरों की अपनी-अपनी फजीलत है। काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि माहे रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है। लेकिन रमजान के तीनों अशरे अपनी-अपनी अहमियत रखते हैं। माहे रमजान में कुरआन मजीद नाजिल (अवतरित) हुआ। इस माह की बहुत अहमियत है। यह महीना साल के 12 महीनों में सभी का सरदार है।

रमजान महीने के पहले 10 दिन रहमत के होते हैं। रोजा-नमाज करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा जकात कर गरीबों की मदद करनी चाहिए। हर इंसान से प्यार और नम्रता का व्यवहार करना चाहिए। 11वें रोजे से 20वें रोजे तक रमजान का दूसरा अशरा चलता है। यह अशरा माफी का होता है। इस अशरे में लोग इबादत कर अपने गुनाहों से माफी पा सकते हैं। इस्लामिक मान्यता के मुताबिक अगर कोई इंसान रमजान के दूसरे अशरे में अपने गुनाहों (पापों) से माफी मांगता है तो दूसरे दिनों के मुकाबले इस समय अल्लाह अपने बंदों को जल्दी माफ करता है। रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा 21वें रोजे से शुरू होकर चांद के हिसाब से 29वें या 30वें रोजे तक चलता है। यह अशरा सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरे अशरे का उद्देश्य जहन्नुम की आग से खुद को सुरक्षित रखना है।

इस दौरान हर मुसलमान को जहन्नुम से बचने के लिए अल्लाह से दुआ करनी चाहिए। रमजान के आखिरी अशरे में कई मुस्लिम मर्द और औरतें एहतफाक में बैठते हैं। एहतकाफ में मुस्लिम पुरुष मस्जिद के कोने में 10 दिनों तक एक जगह बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं, जबकि महिलाएं घर में ही रहकर इबादत करती हैं।

### रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें : कासमी

**टांडा, अमृत विचार :** मदरसा रोजा तुल उलूम के मुफ्ती सईदुज्जर कासमी ने कहा कि रमजान-उल-मुबारक तमाम महीनों का सरदार है। कुरआन-ए-करीम इसी महीने में नाजिल हुआ। यह महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। मुसलमानों को चाहिए कि वह इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। मंगलवार को मदरसे में उन्होंने कहा कि रमजान का चांद नजर आते ही रहमत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। शरीयत का तकाजा है कि मुसलमान इस महीने में पहले दिन से ही अल्लाह की मर्जी के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारें। यूं तो रमजान का मुक्म्मल महीना ही बरकतों और रहमतों का महीना है, लेकिन मुख्तलिफ फजीलत के लिहाज से इसे दस-दस दिनों के हिसाब से तीन अशरों में तकसीम किया गया है। फिलहाल यह पहला अशरा चल रहा है। कहा कि पहले अशरे में अल्लाह पाक मोमिनों पर खास रहमतें नाजिल फरमाता है। इस अशरे की शुरूआत से ही अल्लाह पाक जन्नत के दरवाजे खोल देता है और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर देता है। माहे रमजान के शुरू के दस दिन खुसूसी तौर पर अल्लाह से रहमत तलब करने के हैं। इसलिए इन्हें रहमत का अशरा कहा जाता है।

> रमजान का महीना बड़ी बरकतों का है। इस महीने में लोगों के कारोबार चमक जाते हैं। इसलिए गरीबों और मिस्कीनों का भी ख्याल रखें। अपनी सहरी और इफ्तार के साथ गरीबों को भी जकात अदा करें। ताकि गरीब, मिस्कीन भी माहे रमजान में सुकून से इबादत करें।
>
> -मौलाना जमान बाकरी, इमाम मस्जिद किला

## धूमधाम से निकली बालाजी की शोभायात्रा

### पुष्प वर्षा से जगह-जगह हुआ स्वागत, झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर के तत्वावधान में 30वीं विशाल बालाजी शोभायात्रा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसमें शामिल कलाकारों द्वारा बनाई गईं करीब दो दर्जन झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। झांकियों के हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से दर्शन किए।

मंगलवार की शाम नगर की शिव बाग मंडी से शोभायात्रा शुरू हुई। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में सबसे पहले प्रमुख अतिथियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व सांसद धनश्याम सिंह लोधी, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, प्रचारक अजीत व गगन तथा चेयरमैन चित्रक मित्तल आदि ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर यात्रा के शुभारंभ के लिए हरी झंडी दिखाई। इसमें सबसे आगे बाबा का घड़ियाल व घोड़े पर ध्वज चल रहा था। इसके पीछे बैनर व ढोल-नगाड़ों को रखा गया था। श्री गणेश की झांकी के पीछे करीब दो दर्जन झांकियां चल रही थीं। बाहर से आए कलाकारों द्वारा बनाई गईं इन झांकियों में राम दरबार, बालाजी दरबार जैसी धार्मिक पृष्ठभूमि के अलावा देशभक्ति आदि की झांकियां भी शामिल की गई थीं। कई सचल झांकियां लोगों का मन मोह रही थीं। कलाकारों ने यात्रा के दौरान रास्ते में करतब भी दिखाए और रंगों व फूलों की होली भी खेली।

यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल भक्त भजन-कीर्तन करते व जयकारे लगाते चल रहे थे। युवाओं का उत्साह देखने लायक था। यात्रा का दर्शन करने के लिए रास्तों में उमड़े हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हाईवे समेत नगर के विभिन्न प्रमुख व आंतरिक मार्गों का भ्रमण करते हुए यह यात्रा देर रात तक जारी रही। शोभा यात्रा देर रात शिव बाग मंडी पहुंचेगी। इसके बाद बालाजी मंदिर पर शक्ति दरबार लगाया जाएगा। यात्रा का नेतृत्व महंत बाबूराम जैन तथा मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने किया। इस मौके पर धन्नूमल बंसल, सुदर्शन मदान, तिलकराज जैन, रवि यादव, चेतन परूथी, दुष्यंत अग्रवाल, सोनू जैन, अनिल मदान आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार



बालाजी जी की शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार



एसडीएम राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते आदेश शंखधार। ● अमृत विचार

## ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुमति दे प्रशासन : शंखधार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार के नेतृत्व में किसानों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी मिलक राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुमति मांगी है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिलाधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी ने ग्रीष्म कालीन धान लगाने को प्रतिबंधित कर दिया था। इसका भारतीय किसान संघ ने भी समर्थन किया था, लेकिन तहसील बिलासपुर में बहुत से किसानों ने बहुत बड़ी मात्रा में ग्रीष्म कालीन धान की रोपाई प्रारंभ कर दी है। जिलाधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी के निर्देशों का पालन कराने में तहसील प्रशासन बिलासपुर विफल रहा है। जिलाध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी से आग्रह किया कि एक जिला, एक कानून की व्यवस्था लागू की जाए। अगर बिलासपुर में धान की फसल की रोपाई की जाएगी तो प्रत्येक तहसील में धान की रोपाई करने की अनुमति दी जाए। किसी भी किसान को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। अगर प्रशासन भोले भाले किसानों को प्रताड़ित करता है तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर वीरेश शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, प्रेम बहादुर गंगवार,अरविन्द गंगवार, हरेंद्र कुमार शर्मा, राकेश गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

### लोगों को संचारी रोगों के प्रति करेंगे जागरूक

**मिलक, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एसडीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गोष्ठी हुई। इसमें एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में मलेरिया, दिमागी बुखार, टाइफाइड, डेंगू, उल्टी, दस्त, काली खांसी आदि रोगों के लक्षण, सावधानियां व उपचार के लिए जागरूक किया जाएगा।

गोष्ठी में एसडीएम राजेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति गंभीरता दिखाते हुए विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र को स्वस्थ माहौल देने का कार्य करने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्रपाल पाल सिंह चौहान, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार, चिकित्साधीक्षक डॉ.वासित अली, डॉ. मोहित सक्सेना तथा यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 847 परीक्षार्थियों ने दी जीव विज्ञान की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा मंगलवार को 13 केंद्रों पर हुई। इसमें 847 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई। केंद्र पर आंतरिक सचल दल ने भी औचक निरीक्षण किया।

12वीं के परीक्षार्थी निर्धारित समय सुबह 10 बजे केंद्र पर पहुंच गए। परीक्षा 10 :30 बजे शुरू हुई। जीव विज्ञान में 861 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। इसमें 847 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 14 अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक सचल दल ने भी सघन निरीक्षण किया। केंद्र से निर्धारित दूरी तक फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहीं। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र आसान रहा। आलिया ने बताया कि परीक्षा की तैयारी काफी गंभीरता से की। घर में चार-पांच घंटे नियमित पढ़ना फिर प्रश्नों का रिवीजन करने में भी दो घंटा लगाया। महक ने बताया कि विषय को रटने के बजाय समझने पर अधिक जोर देना चाहिए। रटने से पढ़ा हुआ दिमाग से उतर जाता है। समझकर पढ़ने से हमेशा के लिए याद हो जाता है।



परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्न पत्र पर चर्चा करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- 13 केंद्रों पर हुई सीबीएसई की परीक्षा, 14 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित
- परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक सचल दल ने किया औचक निरीक्षण

### महिला ने एसडीएम की रास्ता बंद कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** तहसील सदर के गांव बढ़पुरा शर्की निवासी हेमलता ने उपजिलाधिकारी को पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि उनके पति नरेश का भाई वीरपाल घर के रास्ते में दरवाजा निकाल रहा है। जबकि दोनों भाइयों का पांच वर्ष पहले रास्ता निकाले जाने को लेकर समझौता हो चुका है। इसमें नरेश ने वीरपाल को एक लाख रुपये भी दिए थे। इसके बाद भी वीरपाल की पत्नी विनीता जबरन रास्ता निकाले जाने की जिद पर अड़ी है।

मंगलवार को महिला ने तहसील सदर पहुंचकर एसडीएम को पत्र सौंपा। इसमें कहा गया है कि उसका देवर वीरपाल व उसकी पत्नी विनीता घर में जबरन रास्ता निकालना चाह रहे हैं। हेमलता ने मामले की जांच कराने की मांग की है। पीड़िता ने रास्ते को बंद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

## ब्रज के कलाकारों ने खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिला कल्याण समिति का स्थापना दिवस रंगोली मंडप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ समिति की वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपाध्यक्ष सरिता सिंघल ने स्थापना दिवस पर सभी का स्वागत किया। मधु अग्रवाल ने महिला दिवस की महत्ता की जानकारी दी। ब्रज से आए कलाकारों ने गीत-संगीत की धुन पर फूलों की होली खेली।

रंगोली मंडप में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सचिव वन्दना रस्तोगी ने कहा कि होली आपसी एकता और उल्लास का त्योहार है। इसे मिल-जुलकर मिलाना चाहिए। अनु सिंघल के निर्देशन में सखियों ने मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। पूरा वातावरण होली के माहौल में सराबोर हो गया। ब्रज से आए कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य के साथ फूलों की होली खेली। पूरा वातावरण गुलाब और गेंदों के फूलों की सुगंध से सुगंधित हो गया। होली की स्पेशल हाऊजी, विभिन्न प्रकार के सरप्राइज गेम्स के साथ सदस्यों ने सामूहिक नृत्य कर आनन्द और उल्लास से कार्यक्रम का आनन्द उठाया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजीं सदस्यों ने वातावरण को रंगीन बना दिया। अन्त में जनसंपर्क अधिकारी विजय दिवाकर ने आभार जताया। गुझियों का रसास्वादन किया।

कार्यक्रम में अंजू जैन, हेमलता, इन्द्रा लाल, रेखा रस्तोगी, प्रीति, स्मिता, अर्चना, पुष्पा, आशा, नीलम, रश्मि, शिखा, बबिता, लक्ष्मी जैन, विजय लक्ष्मी, नीता आभा आदि उपस्थित रहे।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- महिला कल्याण समिति ने धूमधाम से मनाया होली पर्व
- आपसी एकता और उल्लास का त्योहार है रंगों का पर्व

**तैयारी** — दो पालियों में होगी छात्र-छात्राओं की परीक्षा

## परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले के सरकारी स्कूलों में आज से होने वाली परीक्षाओं को लेकर विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। बुधवार से दो पालियों में परीक्षा का आयोजन होगा। पहली पाली 9:15 से 11:45 बजे तक तो दूसरी पाली 12:15 से 2:45 बजे तक होगी। परीक्षाओं को लेकर सभी ब्लॉकों में शिक्षक सक्रिय हो गए हैं।

जिले में 1596 सरकारी विद्यालय हैं। इनमें करीब डेढ़ लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। करीब छह हजार शिक्षक हैं। कुछ दिन पहले शासन की ओर से वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई थी। इसके तहत 20 से 27 मार्च तक परीक्षाएं होंगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही थीं।



प्राइमरी विद्यालय में पढ़ते बच्चे। ● अमृत विचार

### इस बार अभिभावकों को दिखाई जाएंगी कॉपियां

इस बार से सरकारी स्कूलों में भी रिजल्ट के दौरान कॉपियां दिखाई जाएंगी। इससे पहले कॉपियां इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अभिभावकों बुलाकर दिखाई जाती रही हैं। अब बेसिक स्कूलों में भी अभिभावकों को कापी दिखाए जाने का नियम लागू कर दिया गया है। ताकि अभिभावकों को पता चल सके कि उनके बच्चे कितनी पढ़ाई कर रहे हैं।

> बुधवार से परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी ब्लॉकों पर पेपर पहुंच दिए गए हैं। -अंकित सक्सेना, जिला समन्वयक प्रशिक्षण

### कक्षा दो की छात्रा कर रही रोजे की पाबंदी

**मसवासी, अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान माह के मौके पर बच्चों में रोजा रखने का उत्साह बढ़ता जा रहा है। तमाम बच्चे स्कूल जाकर भी रोजा व नमाज की पाबंदी कर रहे हैं। अल्लाह ताअला से तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं।



मोहल्ला भूबरा निवासी गुलाम कादिर की आठ वर्षीया पुत्री इनाया कादिर कक्षा दो की छात्रा है। इनाया कादिर की जिद के आगे मां-बाप भी बेबस हैं। बच्ची प्रतिदिन रोजे को अंजाम दे रही है और नमाज की पाबंदी भी कर रही है। रोजे और नमाज की पाबंदी के दौरान वह अल्लाह ताअला से तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांग रही है। इसके अलावा नगर क्षेत्र में तमाम बच्चे रोजे और नमाज की पाबंदी कर रहे हैं।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने का दावा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** विधायक शफीक अहमद अंसारी के आवास पर अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि एनडीए की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी को दिलो जान से लड़ाया जाएगा।

अपना दल एस के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करके अपने बूथ को मजबूत बनाना है। अपने बूथ को जिताने का काम करना है। स्वार टांडा की जनता ने विधायक के रूप में शफीक अंसारी को जिताकर ऐतिहासिक काम किया। एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली भेजना है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर अनुप्रिया पटेल के हाथों को मजबूत करना हैं। राष्ट्रीय महासचिव आरवी पटेल ने कहा कि हमारी सीट मजबूत के नारे के साथ सरकार की योजनाओं को जनता को बताना है। सरकार जनता के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है। उन योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों को लाभ देने का काम कर रही है। एनडीए प्रत्याशी को जिताकर सरकार में अपनी भागीदारी मजबूत करनी है। विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि मुझे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एनडीए प्रत्याशियों को पूरी मजबूती के साथ लड़ाया जाएगा। अपना दल एस परिवार पूरी मजबूती के साथ एनडीए प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष घनवीर सिंह संधु, इस्लाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष जावेद मेवाती, सभासद शावेज खां, जमील अहमद अंसारी, पंकज सैनी, शमशाद अंसारी, नब्बू आदि मौजूद रहे।



विधायक शफीक अंसारी से चर्चा करते अपना दल एस के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार पाल।

### हाईस्कूल की 15 हजार कापियों का हुआ मूल्यांकन

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में मंगलवार को रजा इंटर कॉलेज में 8674 और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में 15,000 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। मूल्यांकन बुधवार को भी जारी रहेगा। अधिकारी भी समय- समय पर जाकर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे परीक्षकों से जानकारी हासिल कर रहे हैं। इसके अलावा परीक्षकों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी की गई।

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिहएट की परीक्षा समाप्त होने के बाद राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। मंगलवार को रजा इंटर कॉलेज में 8674 और मुर्तजा इंटर कॉलेज में 15,000 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। बोर्ड परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जा रहा है।

## झलकियां

### दूरदराज से आए भक्तों ने कथा पंडाल में गुजारी रात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीबागेश्वरधाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री की तीन दिन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के दौरान कथा स्थल के आसपास बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए चाट-पकौड़ी व खाने के ठेले लगे रहे। दूरदराज से आए भक्तों ने पंडाल में ही रात गुजारी व ठेले पर बिक रहा खाना खाया। वहीं कुछ लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार होटलों में ठहरे। वैसे कथा आयोजकों ने कथा स्थल के आसपास ही चाय पानी व नाश्ते आदि का प्रबंध किया है। साथ ही सैकड़ों सचल शौचालयों का भी प्रबंध किया है। वहीं कथा पंडाल के आसपास लगी दुकानों से लोग कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री के चित्र और उनकी कथा की किताबें खरीदते दिखें।

### पुलिस और बाउंसरों ने संभाला मोर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नया मुरादाबाद स्थित लोहिया मैदान में लगे बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। दोपहर के समय दिव्य दरबार में शामिल होने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पंडाल में प्रवेश लेने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अचानक पहुंची भारी भीड़ देखकर आयोजकों के भी पसीने छूट गए। श्रीहनुमंत कथा के दूसरे दिन लगभग तीन से चार लाख की संख्या में पहुंचे भक्त धीरेंद्र शास्त्री के दर्शन के लिए उत्साहित दिखे। भीड़ आगे जाने के प्रयास में बैरिकेडिंग को तोड़कर अंदर घुस गई। इसके बाद पुलिस और बाउंसरों की लोगों से धक्का-मुक्की हो गई। काफी देर बाद व्यवस्था में सुधार हुआ।

### धीरेंद्र शास्त्री ने हर किसी को बनाया अपना दिवाना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंच पर मनमोहक मुस्कान के मालिक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हर किसी को अपना दिवाना बना दिया। मंगलवार को जब वह मंच पर पहुंचे तो लोग उन्हें देखते ही रह गए। 28 साल की उम्र के धीरेंद्र शास्त्री की मुस्कान और विशेष परिधान उनको अलग पहचान देते हैं। धीरेंद्र शास्त्री खड़ाऊ पहनते हैं। जबकि सेवादार के रूप में बाउंसर और बॉडीगार्ड रखते हैं। जब चलते हैं तो गाड़ियों का बड़ा काफिला साथ रहता है। इतना ही नहीं वह मनमौजी मिजाज के हैं। उन्होंने मंच से लोगों को अपनी कहानी व किस्से भी सुनाए। उनके यही अनोखे अंदाज और मिजाज के चलते लोग उनकी तरफ तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भरे मंच से वह महिलाओं को माता और बहनें कहकर पुकराते हैं।



नया मुरादाबाद में आयोजित हनुमंत कथा के दौरान आयोजित दिव्य दरबार में उमड़े भक्त। ● अमृत विचार



कथा पंडाल में जाने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# तुम हमारा साथ दो, हम तुम्हें हिंदू राष्ट्र देंगे : पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## हमारे हनुमान जी बहुत पावरफुल हैं, मजारों पर चादर चढ़ाना बंद करो, शिक्षा-चिकित्सा निशुल्क हो तो गरीब नहीं पड़ेगा टोने-टोटकों के चक्कर में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद के लोहिया स्टेट में तीन दिवसीय हनुमंत कथा के दूसरे दिन श्रीबागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कष्टों के निवारण के लिए उमड़ी। कोई बीमारी से परेशान था तो कोई कारोबार में घाटे के बाद बढ़ते कर्ज से दुखी। कई जादू टोने से बेपटरी जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कई घंटे पंडाल में डटे रहे।

बाबा का दिव्य दर्शन पाकर भक्त खुश हुए तो उनके दिव्य दरबार में जिसके नाम की पर्ची निकली वह निहाल हो गया। बाबा बागेश्वर धाम, सन्यासी बाबा, वीर बजरंगी का नाम लेकर बाबा ने भक्तों के दुख के निवारण का आशीर्वाद दिया तो कई की पोल भी सबके सामने पंडाल में खोली।

कथा के दूसरे दिन सुबह 8 बजे से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दीवाने भक्त होटल के बाहर उनके दर्शनों के लिए खड़े रहे। दिव्य दरबार में शास्त्री जी दोपहर 12:50 बजे मंच पर पहुंचे। पंडाल में बड़ी संख्या में बैठे महिला-पुरुषों ने उन्हें देखते ही सन्यासी बाबा, दादा गुरु और बालाजी बागेश्वर धाम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। मंच पर दिव्य



श्रीहनुमंत कथा सुनाते पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। ● अमृत विचार

दरबार से पहले शास्त्री जी ने पंडाल में बैठे लोगों से कहा की चादर चढ़ाना बंद करो, तुम्हारे हनुमान जी बहुत पावरफुल है। उन्होंने गरीबों की बेबसी का जिक्र करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और चिकित्सा आजकल बहुत महंगी हो गई है। जिसके कारण कमजोर और गरीब लोग टोने टोटके और मजारों पर चादर चढ़ाने के चक्कर में पड़ गए हैं। फिर उन्होंने सरकार को संदेश देते कहा कि सरकार देश में शिक्षा और चिकित्सा मुफ्त कर दे। जिससे गरीब लोग टोने-टोटकों से बच सकें और मजारों पर चादर चढ़ाना बंद कर इलाज करा सकें। उन्होंने कहा कि अब वैज्ञानिकों को भी सन्यासी बाबा राह दिखाएंगे।



दिव्य दरबार में लोगों की समस्या सुनते पं. धीरेंद्र शास्त्री। ● अमृत विचार

चंदे की धनराशि से मंदिर निर्माण के स्थान पर गरीब बेटियों की शादियां कराने का उन्होंने संकल्प दोहराया। तीन बजे प्रेतराज सरकार का दरबार लगा तो पंडाल में बैठे लोगों पर सवार प्रेतों को सजा दी गई। इसके बाद बातों बातों में बालाजी सरकार ने मुरादाबाद को माधव नगर बनाने की ही नहीं दोहराई इससे आगे जाकर बोले तुम हमारा साथ दो, हम तुम्हें हिंदू राष्ट्र देंगे। वहीं कुछ लोग अपने बीमार परिजन को लेकर आए। जिसके बारे में जादू टोने का शक था। दिव्य दरबार में आकर खत्म हुआ।

### 1:27 मिनट पर दिव्य दरबार में रितु की लगी पहली अर्जी

दिव्य दरबार शुरू होने पर पहली अर्जी महानगर के हरथला की रहने वाली रितु की लगी। वह अपने पति के घर से लेकर पिता के घर तक के संकट बताकर भावुक होकर रो पड़ीं। उसकी समस्या का समाधान बताकर मंत्र देकर मंच से विदा किया।

**दूसरी अर्जी :** बिहार के जिला मोतिहारी के रहने वाले प्रदीप की लगी। अपने व्यापार में परेशान प्रदीप कुछ बताते इससे पहले बाला जी सरकार ने उसकी जन्म कुंडली खोलकर रख दी। प्रदीप को 2026 के अंत तक व्यापार में हुए घाटे के पूरा होने व टोने टोटके करने वाले पारिवारिक व्यक्ति का इलाज होने की गारंटी देने के साथ मंत्र देकर भेजा।

**तीसरी अर्जी :** मोनू बिल्सी जिला बदायूं की लगी वो अपने भाई की हादसे में हुई मौत का रहस्य जानने के लिए आया था। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया की कोई टोना टोटका नहीं था। उसकी मौत हादसे के कारण हुई है। मोनू ने अपने साथ अपने मिलने वाले एक दरोगा की अर्जी लगाई तो शास्त्री जी ने अर्जी मानकर मुरादाबाद कोतवाली में तैनात दरोगा महावीर सिंह को बुलाया, जिस पर पंडाल में सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने भी तालियां बजाकर अभिनंदन किया। दरोगा ने अपनी समस्या रखी, बेटी के विवाह के बारे में पूछा। दरोगा बोले पहले भोलेनाथ की पूजा करता था। जब से आप मिले है तब हनुमान जी की पूजा करता हूं। इसी क्रम में जिसके नाम की अर्जी निकलने की बात बाबा कहते वह प्रफुल्लित होकर मंच की ओर बढ़ता रहा। कोई अपने खोए हुए बेटे की तलाश में तो कोई मां की बीमारी और कोई संतान के भविष्य के लिए पहुंचा। भक्त तो अपनों की बीमारी का समाधान पाने के लिए बाबा की गद्दी के सामने अपने बीमार परिजन को लेकर बैठे रहे।

**चौथी अर्जी :** मंगूपुरा निवासी कपिल की लगी वह अपना परिवार लेकर आया था। उसने बताया कि वो चाऊमीन और मोमोज का ठेला लगाता है। कल आपकी कार देखी तभी मन में विश्वास था कि बाबा से मिलूंगा। कहा कि ठेला बंद के करके आया हूं। बाबा ने उसकी रोज की आमदनी के बारे में पूछ लिया। तो उसने 400-500 रुपये प्रतिदिन बताया। बाबा ने उसकी समस्या का समाधान कर कई दिन ठेला लगाने पर होने वाली आमदनी के बराबर और बागेश्वर धाम तक आने के किराए की धनराशि दे डाली।

### आए थे परीक्षा लेने, शास्त्री जी ने खोल दी उनकी पोल


कुछ लोग दिव्य दरबार में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की शक्तियों की परीक्षा लेने की सोच के साथ आए थे, उनके नाम की पर्ची निकाल कर बाबा ने मंच पर बुलाकर उनकी पोल खोलकर सबको अचंभित कर दिया। सबके सामने उनकी हकीकत बयां कर दी, जिससे वह धर्मसंकट में फंस गए। अर्जी का दौर 1:27 मिनट से 3 बजे तक चला।

### सन्यासी बाबा ने दूर की लोगों की प्रेत बाधा


इसके बाद प्रेतराज सरकार का दरबार लगने की घोषणा हुई। वैसे ही पंडाल में बैठे भक्तों पर प्रेतों का असर दिखाई देने लगा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे शास्त्री जी की गद्दी के आगे प्रेतों का खेल खेलने लगे। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सभी को भभूत व मंत्र देकर मंगलवार को बागेश्वर धाम आने के लिए कहा।

### वैज्ञानिकों का करेंगे मार्गदर्शन

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि उनके पास कई वैज्ञानिक भी आए, जिन्होंने उनका मशीनों से टेस्ट लिया लेकिन, सब फेल हो गए। उन्होंने बताया कि वह अब स्पेस यान के लिए वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अब भारत में धर्म विरोधी ताकत और शक्तियां पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी।



दरबार में महिला पुलिसकर्मी की समस्या का निवारण करते पंडित धीरेंद्र शास्त्री।



मंगूपुरा निवासी कपिल को ठेला लगाने के लिए पैसे देते शास्त्री जी। ● अमृत विचार



दिव्य दरबार में बीमार बेटे की समस्या को बताते माता-पिता। ● अमृत विचार

# हम तो अपने सनातनी पागलों को समझाने आए हैं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नया मुरादाबाद स्थित लोहिया एस्टेट में श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीव करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से आयोजित तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार दूसरे दिन मंच पर पहुंचे। तो पंडाल में मौजूद भक्तों ने जय श्रीराम व बालाजी भगवान की जय का उद्घोष किया।

मंच पर पहुंचने के बाद सबसे पहले पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सन्यासी बाबा और अपने गुरुओं की पूजा-अर्चना की। मंच से उन्होंने जोर से कहा माधवपुर (मुरादाबाद) के पागलों कैसे हो? उसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग सबसे पहले यह जान लें कि हमारे चक्कर में बिल्कुल न पड़े। हम भगवान नहीं है, हम तो बालाजी के सेवक है। हम तो अपने सनातनी पागलों को समझाने और जगाने आए हैं। उन्होंने कहा कि संभल में हरिहर मंदिर है जो वर्षों से बंद है, लेकिन बंद मंदिर से भी भगवान की आवाज आती है।

उन्होंने भक्तों से कहा कि अब किसी के चक्कर में न पड़ो। कहीं भी चादर चढ़ाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश में दवाइयां महंगी हुई है। तब-तब देश के गरीब सनातनी लोग बाबा और तांत्रिकों की शरण में जाते हैं। इसलिए भारत की सरकार को चाहिए कि देश में शिक्षा और चिकित्सा मुफ्त कर दे। जिसके बाद लोग अंधविश्वास से दूर हो जाएंगे और लोग सही रास्ते पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमारा देश भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। जिसके बाद पूरे देश में जय श्री राम के जयकारे गूंजेंगे। जिसके बाद हर शख्स क्या, बाबर भी जय जय श्रीराम बोलेगा। उन्होंने कहा कि आप लोग अगर तीन काम कर लें तो आपकी सारी समस्याएं दूर करने की गारंटी हम लेते हैं। आप लोगों को सिर्फ मांस, शराब, प्याज व लहसुन का सेवन नहीं करना है। एक महीने या दो महीने में बागेश्वर धाम में हाजिरी लगानी है और किसी के चक्कर में नहीं पड़ना है। जिसके बाद आपकी सभी समस्याएं दूर हो जाएगी।

मंच से उन्होंने कहा कि इस बार हम मुरादाबाद उर्फ माधव नगर में आए है, लेकिन अगली बार सिर्फ माधव नगर में आएंगे। क्योंकि हमें मुरादाबाद नाम अच्छा नहीं लगता। इसलिए हमें उम्मीद है कि जब हम अगली बार आएंगे तो यहां का नाम माधव नगर हो जाएगा। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भक्तों को माधव नगर के पागलों कहकर संबोधित किया। इस दौरान पंडाल में जय श्रीराम, बागेश्वर धाम सरकार की जय, बागेश्वर बाबा की जय, सन्यासी बाबा की जय, हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

### बरेली समेत अन्य जिलों से आए लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नया मुरादाबाद में आयोजित श्रीहनुमंत कथा व दिव्य दरबार में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग मंगलवार को पहुंचे। सिर्फ मुरादाबाद से ही नहीं आसपास के जिले जिसमें बरेली, रामपुर, बिजनौर, संभल, बदायूं, पीलीभीत, चंदौसी, शाहजहांपुर, हापुड़, अमरोहा, काशीपुर, रामनगर व धामपुर समेत अन्य जिलों से भी भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे थे।

### साइकिल सवार को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे व्यक्ति को रास्ते में पीछे से टक्कर मारने वाले बाइक सवार के विरुद्ध एसएसपी ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जयवीर सिंह खैरखाता गांव के रहने वाले हैं। इन्होंने बताया कि 29 फरवरी को वह सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करने साइकिल से मुरादाबाद जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार ने उनकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर गोविंद नगर के तुषार गौतम व अन्य राहगीरों ने बाइक सवार को रोक लिया था। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम अनिल बताया था। बाद में अनिल ने उन्हें वर्धमान अस्पताल में ले जाकर उनके चोटिल हाथ में पट्टी बंधवा दी थी। पीड़ित ने पुलिस को संबंधित बाइक का नंबर भी दिया है।

# मूल मंत्रों के पालन से धन्य होगा जीवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ
- जो आदमी बदला लेने की सोचता है, उससे ज्यादा धूर्त और मूर्ख कोई नहीं

**अमृत विचार:** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में कथा के दूसरे दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रख्यात वेदांताचार्य एवं भागवताचार्य नैमिष व्यास पीठाधीश्वर उपेंद्रानंद सरस्वती महाराज का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हनुमंत कथा की शुरूआत की गई।


उन्होंने सब सुख्त लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना चौपाई का भावार्थ समझाकर कथा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सभी को मूलमंत्रों को अपनाना चाहिए। क्योंकि जब आप अपने जीवन में मूल मंत्रो को अपना लेंगे तो जीवन धन्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी आय का आधा खर्च करना चाहिए। क्योंकि आप जो भी कमाते हो उसमें से आपको सेवा में भी खर्च करना चाहिए। मनुष्य को माफ करने की आदत डालनी चाहिए और क्षमा करने की भी आदत होनी चाहिए। क्योंकि जब आपमें क्षमा करने की आदत होगी तो आपका जीवन बहुत ही सरल और सफल होगा। मनुष्य को अपनी गलती स्वीकार करना आना चाहिए। जब व्यक्ति भूल को स्वीकार कर लेगा तो फिर उसकी विनम्रता में महानता होती है तो आपको भी विनम्र बन जाना चाहिए। मनुष्य में जब संतुष्टि आ जाती है तब हमें किसी को भी देखकर परेशान नहीं होना पड़ेगा।किसी भी व्यक्ति को जितना दिया है, उसी में संतुष्टि मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य बदला लेने की सोचता है, उससे ज्यादा धूर्त और मूर्ख कोई नहीं हो सकता। मनुष्य वो है जो शत्रु को भी मित्र बना ले। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान जब आपके रक्षक हों तो आपका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। कथा के बाद भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए हुए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, बिभोर कुमार गुप्ता लोहिया, विपिन कुमार गुप्ता लोहिया, विनय कुमार गुप्ता लोहिया, श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, अवधेश लोहिया, कुमकुम गुप्ता, नयन तारा गुप्ता, शिखा गुप्ता, भारती गुप्ता, अनुभव लोहिया, अनमोल लोहिया, आकर्ष लोहिया, विवेक शर्मा व संजीव आकांक्षी शामिल रहे।

# टीम ने दूध, दही व खोया के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली पर मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री रोकने व मिलावट के कारोबारियों पर सख्ती करने के लिए मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने महानगर व आसपास के क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। उनके यहां से खोया, दही, बेसन सहित अन्य पदार्थों के 18 नमूने संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा।

टीम ने सम्भल रोड मनोहरपुर के मुन्ना दूध डेयरी के प्रतिष्ठान से दही, खोया का नमूना लिया। तौसीफ दूध डेयरी इस्लाम नगर के प्रतिष्ठान से पनीर व खोया, कोर्ट रोड स्थित विनोद कुमार के प्रतिष्ठान से रसभरी मिठाई व नमकीन, जयंतीपुर रोड आईसा मस्जिद के सामने स्थित हरिकिशन के प्रतिष्ठान से राईस ब्रान आयल व बेसन का नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने संकलित किया। इसके अलावा अर्श किराना स्टोर रामपुर दोराहा से बेसन, रामपुर रोड के गोल्डन स्पून प्रतिष्ठान जीरो प्वाइंट पर अतुल सक्सेना के दुकान से पनीर, जितेंद्र पाल स्वीट्स मूंढापांडे से छेना रसगुल्ला व बर्फी का नमूना लिया। टीम ने यहीं पर भूकन सिंह प्रधान स्वीट्स से खोया, मोहम्मद हसीब के अलवैक बेकर्स प्रतिष्ठान से नमकीन व सोनपापड़ी और अब्दुल्लापुर लेदा ठाकुरद्वारा में आस मोहम्मद के प्रतिष्ठान से क्रीम का नमूना सहित अन्य जगहों से भी नमूने संकलित किए गए। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, एफएसओ ओमपाल सिंह, पीके त्रिपाठी, एसएसडी सच्चन, अमिता जिज्ञासु आदि मौजूद रहे।



खाद्य पदार्थों के नमूने की सैंपलिंग करती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम।

आयोजन

शिक्षाधिकारियों ने अभिभावकों से की अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील

# परिषदीय स्कूलों के विकास में ग्रामीणों का योगदान अहम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा अभियान में सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक/सचिव तथा अभिभावकों की उपस्थिति में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को नगर संसाधन केंद्र पर किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस, वंदना सैनी, जिला समन्वयक अमित कुमार तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद कन्या जूनियर हाईस्कूल पीएसी की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के कार्य दायित्वों, शारदा-2 कार्यक्रम, निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालय विकास में समुदाय के सहयोग तथा सामुदायिक सहभागिता विषयों पर शिक्षकों के द्वारा पीपीटी और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के विकास में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में समुदाय का विशेष महत्व है। प्रधानाध्यापकों को स्कूल प्रबंधन समिति और अभिभावकों से निरंतर संपर्क करके संयुक्त प्रयास से विद्यालय के विकास की योजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों से नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की।

खण्ड शिक्षा अधिकारी वंदना सैनी ने कहा कि सभी लोग विभागीय कार्यों और योजनाओं में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित कराएं और परिषदीय स्कूलों के प्रति जनता में रुचि उत्पन्न कराने के प्रयास करें। जिला समन्वयक अमित कुमार ने स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों से उनके अधिकारों पर चर्चा कर विद्यालय के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के 5 स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष को सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नसीम हैदर, राकेश कौशिक, उस्मान आरिफ, आशीष शर्मा, रत्नेश बाला, मनीला शर्मा, उषा देवी, हुमा उस्मानी, रोशनी वर्मा, आयशा नूर, नीलम, नीतू, शालिनी, सुजाता यादव, रेहाना परवीन, सल्वी जुल्फिकार,सुगन्ध गुप्ता, विष्णु भारद्वाज, राहुल शर्मा, सऊद आसिफ, अरशद अली, लवली सक्सेना आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षाधिकारी व शिक्षक।

## एक नजर



पुलिस की गिरफ्त में जिला बदर जुनैद।

### जिला बदर को गिरफ्तार कर किया चालान

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिला बदर को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस ने शहर में मौजूद जिला बदर जुनैद पुत्र अखलाख निवासी मोहल्ला बगला को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि जिला बदर को पकड़कर उसका चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि ईदगाह चौराहे के पास युवक तमंचे के साथ घूम रहा है, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक ने नाम फैसल निवासी ग्राम मुबारक कलां बताया। एसएसआई शौकींद्र सिंह ने बताया कि एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### 10 शातिर अपराधियों पर लगा गुंडा एक्ट

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 10 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस ने त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 10 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें जावेद अली, मनोज निवासी हसनपुर, सलमान, रोहित, दिलशाद, एहसान, रोहित, अर्जुन, माजिद और बलविंदर अमरोहा शामिल हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

अमरोहा, अमृत विचार : मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने आचार संहिता का पालन कराने के लिए नगर के विभिन्न चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 15 वाहनों से सायरन उतारने की कार्रवाई की। ट्रैफिक इंचार्ज विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि टीपी नगर चौराहा, बंबूगढ़ चौराहा और शाहविलायत चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की गई।

### एसडीएम व सीओ ने लिया पोलिंग बूथों का जायजा

अमरोहा, अमृत विचार : उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने नगर के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रशासन ने तेजी के साथ शुरू कर दी है। उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पोलिंग बूथों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाओं को चुनाव से पहले पूरा करने को कहा।

# अगर सच्चे हो तो मौत की तमन्ना करो : मौलाना नाज

संवाददाता, सैदनगली



सैदनगली में मजलिस को खिताब करते मौलाना नाज हैदर नकवी।

अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला सादात स्थित इमाम बारगाह बाबुल हवाईज में मजलिस हुई। इसमें मरहूम करार हुसैन बाकरी के लिए दुआ मांगी गई।

मंगलवार को आगाज सोजखुवानी से जीशान हैदर और उनके हमनवा ने किया। मौलाना नाज हैदर नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने अपनी किताब कुरआन में कहा कि हर नफ्स को मौत का जायका चखना है। जो जिदा है उसे मौत जरूर आएगी। हर शह को फना होना है। कोई भी चीज अमर नहीं है। जो भी पैदा हुआ है वो जरूर मरेगा। अगर तुम सच्चे हो तो मौत की तमन्ना करो। इंसान को हर वक्त अपनी मौत को याद रखना चाहिए। अल्लाह के सिवा कोई नहीं जानता कि किसे कब और कहां मौत आएगी। इंसान को समाज में रहकर अपनी जिदंगी इस तरह गुजारनी चाहिए कि अगर जिंदा रहो तो लोग तुमसे मिलने की ख्वाहिश करें। जब तुम मर जाओ तो लोग तुम्हे याद करके आंसू बहाएं। इंसान को अच्छा किरदार पेश करना चाहिए, ताकि मरने के बाद भी लोग उसे याद रखें। इंसान कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन मौत से नहीं बच सकता। क्योंकि मौत हक है हर हाल में आएगी। मौलाना ने आखिर में कर्बला के शहीदों का भी जिक्र किया। जिसे सुनकर सबकी आंखे नम हो गयीं। इस मौके पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

## लठमार होली शोभायात्रा में होगी मुख्य आकर्षण

हसनपुर, अमृत विचार : रंग एकादशी के दिन परंपरागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लठमार होली मुख्य आकर्षण रहेगी। रंग एकादशी एवं होली उत्सव समिति अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा को धूमधाम के साथ निकाला जाएगा। यह शोभा यात्रा 20 मार्च को निकाली जाएगी।

मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी रहेंगे। समिति के अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में राम दरबार, शंकर परिवार, पंचमुखी हनुमान, राधा कृष्ण सहित अन्य झांकियां शामिल और रास मंडल के कलाकार शामिल होंगे। शोभायात्रा में इस बार लठमार होली, नंदी अखाड़ा एवं काली का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समिति अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने बताया कि समिति लगातार प्रयास कर रही है कि शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जाए।

# अमरोहा सीट किसी एक दल का कभी नहीं रहा गढ़

## भाजपा से तीसरी बार कंवर सिंह तंवर प्रत्याशी, गठबंधन का प्रत्याशी घोषित नहीं

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा सीट पर 17 लाख से अधिक मतदाता 26 अप्रैल को अपने मत का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस लोकसभा सीट पर किसी भी एक दल का दबदबा नहीं रहा है। न ही किसी एक दल का गढ़ बना है। यहां के मतदाताओं ने हर बार चुनाव में चौंकाने वाले नतीजे दिए हैं।

अमरोहा जिला आम और ढोलक के लिए मशहूर है। यह शहर कमाल अमरोही, जॉन एलिया जैसे दिग्गज साहित्यकारों की धरती भी कहा जाता है। 1957 से लेकर अब तक इस लोकसभा सीट पर करीब 17 चुनाव हो चुके हैं। हर बार के चुनाव में मतदाताओं ने अलग वाले परिणाम दिए हैं। अमरोहा लोकसभा सीट पर 40 साल के बाद भी कांग्रेस का प्रत्याशी जीत नहीं सका है। जबकि समाजवादी पार्टी का भी प्रत्याशी 28 साल से नहीं जीत सका है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा बसपा गठबंधन का प्रत्याशी दानिश अली विजय हुए थे। इन्होंने भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को हराया था। अमरोहा लोकसभा सीट पर दो बार भाजपा तो दो बार बसपा जीत दर्ज कर चुके हैं। 1991 के बाद इस लोक सभा सीट पर लगातार दो बार किसी भी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सका है। यहां के मतदाता हर 5 साल बाद नया सांसद व नई पार्टी ही चुनते आ रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो मतदाताओं की बदौलत वर्ष 1991 में भाजपा ने यहां से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1996 में सपा से प्रताप सिंह सैनी, फिर 1998 में भाजप से चेतन चौहान, 1999 में बसपा से राशिद अल्वी, 2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल, 2009 में रालोद से देवेंद्र नागपाल ने जीत दर्ज की थी। फिर 2014 में भाजपा से कंवर सिंह तंवर, 2019 में बसपा से कुंवर दानिश अली सांसद है। यहां मतदाताओं ने किसी भी पार्टी को लगातार दो बार जीत दर्ज नहीं करने दी। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस-गठबंधन ने अभी तक इस लोकसभा सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जबकि भाजपा ने तीसरी बार कंवर सिंह तंवर पर अपना भरोसा जाता है। उधर, बहुजन समाज पार्टी ने दानिश अली के पार्टी छोड़कर चले जाने के बाद गाजियाबाद के डसना निवासी डॉ. मुजाहिददीन को प्रत्याशी बनाया है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद चुनावी समीकरण पर चर्चा लोगों के बीच शुरू हो जाएगी।

**लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता**

| विधानसभा क्षेत्र | मतदाता |
|---|---|
| अमरोहा | 311651 |
| नौगांवा सादात | 330935 |
| मंडी धनौरा | 347793 |
| हसनपुर | 370432 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 352343 |
| कुल मतदाता | 17,13,154 |
| पुरुष मतदाता | 906789 |
| महिला मतदाता | 806318 |
| ट्रांसजेंडर | 57 |

**वर्ष 1991 से लेकर अब तक ये रहे सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1991 | चेतन चौहान | भाजपा |
| 1996 | प्रताप सिंह सैनी | सपा |
| 1998 | चेतन चौहान | भाजपा |
| 1999 | राशिद अल्वी | बसपा |
| 2004 | हरीश नागपाल | निर्दलीय |
| 2009 | देवेंद्र नागपाल | रालोद |
| 2014 | चौधरी कंवर सिंह तंवर | भाजपा |
| 2019 | कुंवर दानिश अली | बसपा |

नोट : परिणाम चुनाव आयोग की वेबसाइट से लिए हैं।

# डीजे पर आपत्तिजनक, अश्लील गाने बजाए तो कड़ी होगी कार्रवाई : एसपी

## शांतिपूर्वक सम्पन्न कराएं होली, डीजे संचालकों को दी गई चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



सीओ व थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजे पर अश्लील एवं आपत्तिजनक गाना बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। कहा कि होली पर यदि अश्लील गाने बजाए जाते हैं तो उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि होली को शांति एवं भाईचारे के साथ संपन्न कराया जाए। कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में ध्यान दें कि होली पर कोई भी अश्लील गाने डीजे पर न बजाए जाएं। यदि शिकायत मिलती है तो कठोर कार्रवाई करें। थाना प्रभारी सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दें।

इसके बाद सभी थाना प्रभारियों ने डीजे संचालकों के साथ बैठक कर होली पर डीजे पर आपत्तिजनक एवं अश्लील गाने न बजाने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों ने सभी डीजे संचालकों एवं लोगों को हिदायत दी है कि होली पर आपत्तिजनक भड़काऊ और अश्लील गाने न बजाए जाएं। जिससे कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। सभी पुलिसकर्मी पूरी तरह से सतर्क रहें आपत्तिजनक एवं अश्लील गाने बजाने पर डीजे संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धोखा देकर कारोबारी की कार ले गए आरोपी, रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : धोखा देकर कारोबारी की कार ले जाने के मामले में आरोपियों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव याहियापुर निवासी हरविंदर सिंह मशरूम प्लांट लगाने का कार्य करते हैं। कारोबार को लेकर उनकी चार साल पहले बागपत जिले के गांव पिलानस थाना सिंघावली अहीर निवासी कुलदीप त्यागी, पारस कुमार व निक्की त्यागी से मुलाकात हुई। हरविंदर ने इन तीनों के साथ पार्टनरशिप में भी काम किया। आरोप है कि 20 जनवरी को हरविंदर किसी काम से एआरटीओ कार्यालय पर गए थे। इस दौरान कुलदीप, पारस व निक्की वहां पहुंचे व जरूरी काम से जोया तक की बात कहकर उनकी ब्रेजा कर ले गए। वह वापस नहीं लौटे तो हरविंदर ने फोन किया। लेकिन तीनों में से किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं की। हरविंदर की कार में डेढ़ क्विंटल कॉपर भी रखा था। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।



थाना प्रभारी निरीक्षक का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# व्यापारी संगठन ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

संवाददाता, चौधरपुर

अमृत विचार : मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान जोया, डिडौली, चौधरपुर के पदाधिकारियों ने थाना डिडौली प्रभारी पंकज कुमार तोमर का स्वागत किया।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार तोमर को यकीन दिलाया कि व्यापारी शासन एवं प्रशासन का सहयोग करता रहा है और करता रहेगा। व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन के जरिए समस्याओं से अवगत कराया। कहा की होली एवं ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिलाते हुए कहा की वह व्यापारियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे। जोया नगर चेयरमैन मोहम्मद फहीम, नगर अध्यक्ष हरस्वरुप माथुर, नाजिल हसन, मोहसिन, उपाध्यक्ष मौहम्मद तैय्यब, तौशीफ आलम, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, वसीम अहमद, नवनीत गुप्ता, डॉ. नाजिर सैफी, उपाध्यक्ष शाह आलम एवं दिलशाद खान, अब्दुल हक उपस्थित रहे।

## छुट्टा पशु ने चार घंटे तक लोगों को दौड़ाया

नौगांवा सादात, अमृत विचार : तहसील नौगांवा सादात क्षेत्र में सुबह 11 बजे श्रीराम किसान इंटर कॉलेज बादशाहपुर के पास छुट्टा पशु ने पंजेतानी गेट पर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर चलने वाले राहगीरों को दौड़ा लिया।

खेड़ी के मोड पर खाना लेकर पैदल जा रहे व्यक्ति को उठाकर फेंक दिया। फिर नौगांवा सादात थाने के गेट पर पहुंच गया और लोगों को दौड़ाया। थाने पर शिवाला कलां निवासी महमूद के पीछे दौड़ पड़ा और उसको चोटिल कर भाग गया। जिसमें कई मोटरसाइकिल वाले राहगीरों और साइकिल वालों को चोटिल कर दिया। नगर पंचायत के कर्मचारी पशु चिकित्सक नरेंद्र कुमार को लेकर उसे पकड़ने पहुंचे। तब छुट्टा पशु ने पशु चिकित्सक नरेंद्र कुमार को दौड़ा लिया। तब नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी से काबू पाया और उसको बांधकर टीम पशु अस्पताल लेकर पहुंची और उसका इलाज कराया।



दीप प्रज्वलित करते नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

# मतदाताओं से संपर्क करें कार्यकर्ता

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर संयोजकों की बैठक की। लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई व बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए।

शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने ग्राम शाहपुर एवं मंगरौला में भाजपा के बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर संयोजकों की बैठक को संबोधित किया। बैठक का आरंभ पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव करीब आ गया है। हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर सरकार एवं पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं के बारे में बताना है। पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करें। बैठक में रिंकू गुर्जर, हुकुम सिंह, भीष्म खड़गवंशी रहे।

## भूमि विवाद में महिला से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में भूमि पर कब्जे को लेकर कुछ लोगों ने महिला से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर सीओ के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुरादाबाद के मोहल्ला मानपुर निवासी अथिया ने सीओ दीप कुमार पंत को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उसकी भूमि हसनपुर कोतवाली के गांव सिहाली जागीर में है। कुछ दिन पहले वह जमीन को देखने गई थी। वहां पर देखा कि कुछ लोगों ने जमीन पर खड़े पेड़ काट दिए और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी सनोज कुमार ने बताया कि सीओ के आदेश पर इसरार, जावेद व फरदीन निवासी गांव सिहाली जागीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



कैसरा में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राजीव का स्वागत करते भाजपाई।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें भाजपा कार्यकर्ता : राजीव

कैसरा, अमृत विचार : धनौरा विधानसभा क्षेत्र के शेरपुर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक भाजपा कैंप कार्यालय कैसरा में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राजीव सिसौदिया ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। कहा कि कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं रहने पाए। बैठक में उपस्थित अनुराग दुबे, संचित शर्मा, सुरेन्द्र औलख, कैलाश गुर्जर, धर्मवीर भाटी, सुरेन्द्र सिंह रहे।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिनी इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल






गजरौला में श्रीराम कालेज में स्मार्ट फोन वितरण के दौरान विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# 44 विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचारः श्रीराम कालेज आफ एजुकेशन में राज्य सरकार योजना के अन्तर्गत छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया। सत्र 2022 के 44 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। स्मार्ट फोन प्राप्त करने के छात्रा-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। प्रबंधक ललित मोहन ने कहा कि सरकार की इस योजना से छात्रों को फायदा मिलेगा। छात्र तकनीकी ज्ञान के जरिए देश दुनिया से जुड़ सकते हैं। सरकार छात्रों के हित में अच्छा काम कर रही है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. नीतू राणा, पंकज कुमारी, निश्चल कुमार, प्रवक्ता, दिग्विजय सिंह, किरनपाल सिंह, आर्यराज सिंह, धर्मपाल सिंह, शाकिर हुसैन, राधिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# कार्ड से नाम कटवाने को लेकर हंगामा

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार दोपहर सभासदों में गाली-गलौज हुई और उसके बाद खींचतान शुरू हो गई। मौजूदा चेयरपर्सन के पति एवं पूर्व विधायक की मौजूदगी में सभासदों के बीच झगड़ा होने पर हड़कंप मच गया। एक सभासद के परिजन पालिका कार्यालय के सामने डंडे लेकर पहुंच गए। बाद में मामले में तहरीर पुलिस को दी गई है।

मंगलवार दोपहर चेयरपर्सन के पति व पूर्व विधायक हरपाल सिंह नगर पालिका कार्यालय में बैठे थे। उनके पास सभासद के पति देवेश शर्मा व अशोक चौधरी उर्फ दिले भी बैठे थे। तभी वहां जलालनगर की कुछ महिलाएं राशन कार्ड से नाम कटवाने की शिकायत लेकर पालिका पहुंचीं। सभासद सरताज भी महिलाओं की तरफ से कार्यालय पहुंचे व पालिका कर्मचारियों पर रुपये लेकर राशन कार्ड बनवाने का आरोप लगाया। इसको लेकर देवेश व सरताज के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि सरताज ने देवेश के साथ गाली-गलौज कर दी। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। अशोक भी देवेश के समर्थन में आ गए। मौके पर हंगामा शुरू हो गया। जानकारी पर सरताज के परिजन पालिका कार्यालय के बाहर डंडे लेकर पहुंच गए। बाद में पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हो सका। देवेश ने सरताज के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



गजरौला में नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से युवक को बदायूं रेफर किया गया। जनपद बदायूं के गांव तेहरा निवासी विपिन कुमार सोमवार देर रात बाइक से गुन्नौर की तरफ से बबराला जा रहा था। बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गांव हीरापुर इटौआ के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से विपिन को गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने विपिन का उपचार किया। डॉ. अजहर अली ने बताया कि युवक बेहोशी की हालत में है। युवक को बदायूं रेफर किया गया है।

### कुत्ते को बचाने में गिरी बाइक, तीन लोग घायल

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र बहीपुर रोड पर मंगलवार को रजपुरा निवासी अरविंद पत्नी सरोज व दो वर्षीय बेटे राहुल के साथ रिश्तेदारी में बहलोलपुर जा रहे थे। बहीपुर से निकलते ही अचानक खेतों से कुत्ते सड़क पर आ गए। कुत्ते से बचाने का प्रयास किया तो बाइक अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में बाइक चला रहे अरविंद, उनकी पत्नी सरोज व बेटा राहुल घायल हो गए।

### दो चाकू व 40 लीटर शराब पकड़ी, चार गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा व सदर कोतवाली पुलिस ने दो चाकू व 20-20 लीटर शराब बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार कर किया है। गांव मन्नीखेड़ा निवासी अशोक व हिलाली सराय निवासी अरमान को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय निवासी अरशद व मोहल्ला मियां सराय निवासी फाजिल को कंपोजिट विद्यालय के सामने पुख्ता सड़क से गिरफ्तार किया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से तीन मजदूर घायल

असमोली, अमृत विचार : गांव रामनगर निवासी खुर्शीद सरसों का भूसा खरीदता है। मंगलवार को मजदूर गौरव, भूपसिंह और हरपाल खुर्शीद की ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गांव के ही नौबहार के खेत से सरसों का भूसा लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव चला रहा था। खेत के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्रॉली रास्ते के किनारे पलट गई। इससे गौरव, भूपसिंह व हरपाल घायल हो गए। परिजनों ने तीनों को भर्ती कराया।

# मधुमक्खियों के हमले में छात्रा की मौत

## मधुमक्खियों ने घर तक नहीं छोड़ा भाई का पीछा, अंतिम सांस तक मंशा पर चिपटी रही

संवाददाता, संभल/सरायतरीन



मंशा।

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सीतापुरी में चारा लेने गए भाई-बहन पर जंगल में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे कक्षा तीन की छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही छात्रा का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव सीतापुरी निवासी महीपाल की पुत्री मंशा (13) सोमवार शाम चार बजे अपने बड़े भाई मोहित के साथ आम के बाग में घास काट रही थी। तभी मधुमक्खियों ने दोनों पर हमला कर दिया। हमला होते ही मोहित चीखते चिल्लाते हुए गांव की ओर दौड़ा। लेकिन मधुमक्खियों ने मंशा को भागने का मौका नहीं दिया और उसे डंक मार-मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह बाग में ही बेसुध होकर गिर गई। मधुमक्खियों ने घर पहुंचने तक भी मोहित का पीछा नहीं छोड़ा। परिजनों ने आग जलाकर मोहित को उसके पास बैठाया।

महीपाल की पत्नी ओमवती व उसका छोटा भाई सत्यभान मोहल्ले के लोगों के साथ आम के बाग में पहुंचे। मंशा को बचाने के लिए आग जलाकर धुएं से मधुमक्खियों को भगाने की कोशिश की। इसके बाद भी मधुमक्खियों ने पीछा नहीं छोड़ा। इसके बाद ओमवती व सत्यभान ने हाथ से मधुमक्खियों को मंशा के शरीर से हटाया।

उपचार के लिए उसे लेकर सरायतरीन में निजी डॉक्टर के यहां पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मंशा को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।



छात्रा की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**दुखद**

- गांव सीतापुरी की घटना, आम के बाग में घास काटते समय किया हमला

### पढ़ने में होशियार थी मंशा, परिवार में कोहराम

संभल। गांव सीतापुरी निवासी महीपाल ने मंगलवार को बताया कि मंशा ने कक्षा पांच तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में की थी। लेकिन पढ़ने में होशियार मंशा के कहने पर उसका निजी स्कूल में दाखिला कराया था। इसमें मंशा अब कक्षा तीन में पढ़ाई कर रही थी। मंशा दो भाइयों में मझली की थी। उसकी मौत से मां ओमवती का रो रोकर बुरा हाल है।

# अवैध खनन करते तीन लोग हिरासत में

बहजोई (संभल), अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर कार्रवाई के लिए आधी रात जिलाधिकारी मनीष बंसल टीम के साथ पहुंचे। मौके से अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर ट्रॉली व एक मशीन को पकड़ लिया। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। अवैध खनन की जांच खनन निरीक्षक को दी गई है।

सोमवार रात डीएम मोहकमपुर गांव के जंगल में पहुंचे। यहां अवैध खनन होते पाया गया। टीम को देख लोग ट्रैक्टर ट्रॉली व मशीन लेकर भागने लगे। डीएम ने दो ट्रैक्टर ट्रॉली, एक मशीन को पकड़वा लिया। दो ट्रैक्टर चालक व एक चौकीदार को हिरासत में ले लिया। अवैध खनन को लेकर प्रभारी निरीक्षक बहजोई व खनन निरीक्षक को डीएम ने जमकर खरी खोटी सुनाई। डीएम ने खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम को कितना खनन हुआ इसका आकलन करन को कहा है। वहीं खनन निरीक्षक ने अवैध खनन करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# दुकान से नकदी लेकर दो चोर फरार, सीसीटीवी कैमरे में कैद

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में कोल्डड्रिंक खरीदने के बहाने किराना की दुकान के गल्ले में रखी 10 हजार रुपये की नकदी निकाल कर आरोपी अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर भाग गया। घटना वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सरायतरीन के मोहल्ला पैठ इतवार निवासी किराना स्टोर स्वामी राजू की 10 वर्षीय पुत्री अवनी मंगलवार दोपहर दो बजे दुकान पर थी। एक व्यक्ति बाइक से अपने साथी के साथ दुकान पर पहुंचा और अवनी से कोल्डड्रिंक मांगी। अवनी घर से कोल्डड्रिंक लेने गई तो व्यक्ति ने गल्ले में रखी नकदी निकाल ली और अपने साथी के साथ बाइक से भाग गया। अवनी ने दुकान में पहुंचकर देखा तो गल्ला खुला हुआ था और नकदी गायब थी। चोरी होने की जानकारी होने पर राजू भी मौके पर पहुंच गए और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली।

वीडियो में सिर पर टोपी व गले में रंगीन कपड़ा डालकर कुर्ता पायजामा पहने एक व्यक्ति काउंटर के गल्ले से नकदी निकालता दिखाई दे रहा है और दूसरे वीडियो में व्यक्ति अपने साथी के साथ बाइक से जाता दिखाई दे रहा है।



गल्ले से रुपये निकालते समय सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई व्यक्ति की तस्वीर।

**वारदात**

- सरायतरीन के मोहल्ला पैठ की घटना, कोल्डड्रिंक खरीदने के बहाने से दुकान में घुसे



रजपुरा में पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद सामान। ● अमृत विचार

# चोरी के छह आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना पुलिस ने तीन दिन पहले स्पेलर से सरसों के चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर पांच क्विंटल 50 किलो सरसों और बाट बरामद किए हैं।

गांव खग्गूपुरा निवासी अकबर का गांव में मलिक ट्रेडर्स स्पेलर है। यहां से शनिवार रात सरसों चोरी हो गई थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मंगलवार को पुलिस ने गवां-हसनपुर मार्ग पर बंद पड़े राधारमण के पेट्रोल पंप के पास से छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की गए 5 क्विंटल 50 किलो सरसों और चार बाट बरामद किए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित निवासी संभल चौराहा गवां, संजीव शर्मा निवासी मुहल्ला टंकी वाला गवां, जतिन निवासी मबई ठाकुरान असमोली, दीपू निवासी डाकखाने वाली गली गवां, संजय उर्फ बल्लू निवासी मुहल्ला ईदगाह गवां, अरकान निवासी मोहल्ला ईदगाह गवां के रहने वाले हैं।

# मोबिल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग स्थित गांव अमावती के पास पुराने टायर जलाकर मोबिल ऑयल बनाने की फैक्ट्री में मंगलवार सुबह आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

आग लगने के बाद फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर खेतों की ओर भाग गए। इस दौरान फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन न तो पुलिस और न ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इस दौरान किसी युवक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी अंकुर शर्मा ने बताया कि फैक्ट्री में एक बाल लीक होने की वजह से आग लगी थी। इससे फैक्ट्री में नुकसान हुआ है। लेकिन किसी को चोट नहीं आई है।

# बाइकों की भिड़ंत में अनूपशहर के व्यक्ति की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर



डंबर सिंह।

अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने व्यक्ति को मृत घोषित कर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर निवासी डंबर सिंह (45) बाइक से गुन्नौर से अनूपशहर घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव इटुउआ के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में डंबर सिंह, दूसरी बाइक सवार विष्णु और रमेश निवासी गांव अजीजपुर थाना जुनावई घायल हुए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने डंबर सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रमेश व विष्णु को अलीगढ़ रेफर किया। डंबर के परिजन भी सीएचसी पहुंचे। डंबर सिंह का बेटा रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव डुप्टाकला में ठाकुर बाबू सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात है।

### नहीं पहना था हेलमेट

संभल, अमृत विचार : जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद लोग बाइक से सफर के दौरान हेलमेट पहनने के नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। मंगलवार को हुए हादसे में भी यही बात सामने आई। दोनों बाइकों पर सवार तीनों में से एक भी व्यक्ति ने हेलमेट नहीं लगाया था। लोग चर्चा करते रहे कि अगर हेलमेट लगा होता तो शायद डंबर सिंह की जान बच जाती।

## सार संक्षेप

### मतदान को देनी चाहिए शीर्ष प्राथमिकता

संभल, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एमजीएम कॉलेज में मंगलवार को मतदान करना क्यों जरूरी है विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. मोहम्मद अहमद ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता के वोट की कीमत होती है। इसलिए मतदान को शीर्ष प्राथमिकता देनी चाहिए। मुख्य वक्ता निलेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में जागरूकता तभी आ सकती है, जब नागरिक समस्त प्रलोभनों से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। शासन उसके अधीन होता है। मत भविष्य का निर्णायक होता है। छात्रा इकरा मुजीब ने कहा कि मताधिकार ही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। अभियान के प्रभारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि मार्च के साथ ही अप्रैल में भी कई कार्यक्रम होंगे। विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण समारोह अप्रैल में होगा।



कायनात इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता की शपथ लेते छात्र-छात्राएं।

### छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की जगाई अलख

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा स्थित कायनात इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की अलख जगाई। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ भी ली। कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, भाषण, स्लोगन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विचार भी रखे। प्रधानाचार्य दीपचंद पांडेय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां चुनावों के माध्यम से सरकारें चुनी जाती हैं। ईमानदार सरकार को चुनने के लिए प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को संविधान के तहत मिले अधिकार का प्रयोग कर निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए। इस दौरान अब्दुल लईक, उबैद उरहमान, रमेश शर्मा, बृजमोहन, सोनिका, नूरजहां, अतुल, टिंकू आदि मौजूद रहे।



क्विज प्रतियोगिता में सवालों का जवाब देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए 8 बच्चों का चयन

संभल/ओबरी, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 205 बच्चों ने हिस्सा लिया। तीन स्तरों पर हुई प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लेने वाले आठ बच्चों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी में हुई क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में असमोली क्षेत्र के करीब 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा छह से आठ तक के 205 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें से 105 छात्र दूसरे चरण में पहुंचे। तीसरे चरण में 25 छात्र छात्राएं रहे। परीक्षा में पास हुए बच्चों का मौखिक साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 8 बच्चों को चयनित किया गया। शहबाजपुर कलां की अल्फिजा प्रथम, भैंसोड़ा का अक्षय कुमार द्वितीय और दरियापुर बंद की आयुषी तृतीय स्थान पर रहे। बताया गया कि चयनित बच्चों को बीआरसी केंद्र पर सम्मानित किया जाएगा। एआरपी पंकज मल्होत्रा, पिंकेश कुमार, केपी सिंह, प्रधानाध्यापक मशकूर आलम आदि रहे।

### कॉलेज संस्थापक की मगफिरत की मांगी दुआ

संभल, अमृत विचार : नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालय संस्थापक नवाब महमूद हसन खां की बरसी पर कुरआन पढ़कर उनकी मगफिरत की दुआ मांगी गई। कॉलेज प्रधानाचार्या रफत जहां ने नवाब महमूद हसन खां को खिराजे अकीदत पेश की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कॉलेज की तामीर कर मुस्लिम छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने का मौका दिया। कॉलेज संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि उन्हें देश और कॉलेज से बेहद लगाव था। इसलिए कॉलेज की तरक्की के लिए हमेशा कार्य करते रहे। उन्होंने अपनी राजनीति में भी सभी को एक समान समझा। कॉलेज के स्टाफ और छात्र छात्राओं ने कुरआन ख्वानी कर उनकी मगफिरत की दुआ की।

### अस्थि कलश यात्रा निकाल शहीद किसान को दी श्रद्धांजलि

संभल, अमृत विचार : दिल्ली में सिंधु बॉर्डर पर आंदोलन में जान गंवाने वाले किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा के दौरान गांव भदरौला में हेमंत चौधरी के आवास पर शोक सभा की गई। इसमें भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों और किसानों ने शुभकरण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। किसानों ने निर्णय लिया कि अस्थि कलश गुरुद्वारा भड़वाड़ा में रखा जाएगा। जहां 21 मार्च को बड़ी शोकसभा होगी। इसमें भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह भी रहेंगे। शोक सभा के बाद गांव-गांव अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, नरदेव सिंह, सोमपाल सिंह, हेमंत कुमार, वीर सिंह प्रधान, बलवीर सिंह, सरदार मुकेश आदि रहे।




जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अन्य।

# आत्मनिर्भर बनें बालिकाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : सिरसी स्थित जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ संपन्न हो गया। इसमें एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

मझरा मिलक सिरसी में समापन समारोह में एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, डीआईओएस वेदराम, प्रधानाचार्य जीआईसी लहरावन सीपी सिंह, बीईओ संभल बबीता सिंह, कालेज प्रबंधक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास, ग्राम प्रधान फैयाज सैफी, प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार शर्मा ने प्रज्जवलन और माल्यार्पण किया। एएसपी ने कहा कि बालिकाएं शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, सड़क सुरक्षा और पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बहजोई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके गुप्ता, बहमन प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी, प्रधानाध्यापिका अनिता सागर आदि रहे।

# करीमपुर में सांड़ के हमले से देवरानी जेठानी, बच्ची जख्मी

संभल, अमृत विचार : पंवासा ब्लॉक क्षेत्र के गांव में पशुशाला में घुसे सांड़ ने हमला कर देवरानी, जेठानी व बच्ची को घायल कर दिया। परिजनों ने सांड़ को भगाकर जान बचाई।

गांव करीमपुर निवासी जोगेंद्र की पत्नी कमलेश अपनी देवरानी विनोद की पत्नी नीरज देवी के साथ मंगलवार शाम साढ़े छह बजे पशुशाला में पशुओं को चारा डालने गई थी। साथ में विनोद की सात वर्षीय पुत्री काव्या भी थी। इस दौरान पशुशाला में घुसे सांड़ ने कमलेश, नीरज देवी और काव्या पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर लोग व परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर सांड़ को भगाया। परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में पहुंचे भर्ती कराया। कमलेश की हालत गंभीर बताई गई है।

# उल्लंघन करने वालों पर करें कार्रवाई

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : जनपद के थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों की बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की बात कही।

रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में हुई बैठक में एसपी ने लोकसभा चुनाव व होली को लेकर थाना प्रभारी से समीक्षा की। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाए। बैनर, पोस्टर, झंडे अन्य प्रचार सामग्री को हटाया जाए। कहा कि जुलूस व होलिका दहन के आयोजकों से वार्ता की जाए। त्योहार में किसी प्रकार की नई परंपरा न डाली जाए। सभी को नियमों का पालन करना जरूरी है। इस दौरान एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र सहित जनपद के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व अन्य। ● अमृत विचार

### पोस्टर नहीं हटाने पर दो सफाई कर्मी निलंबित

बहजोई, अमृत विचार : राजनीतिक दलों के पोस्टर न हटाने पर दो सफाई कर्मियों को निलंबित किया गया है। डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे ने देहपा गांव का निरीक्षण किया तो राजनीतिक दलों के पोस्टर लगे नजर आए। डीपीआरओ ने सफाई कर्मी जितेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया। इसके बाद डीपीआरओ मिर्जापुर ककरोआ पहुंचे तो वहां भी सफाई कर्मी ने पोस्टर, बैनर व पेंटिंग को नहीं हटाया। इस पर सफाई कर्मी राजवीर सिंह को भी निलंबित कर दिया गया। डीपीआरओ ने सभी ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को चेतावनी दी है। कहा कि प्रचार सामग्री हटाएं नहीं तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**दिक्कत** सर्वर डाउन होने से ई-वेइंग मशीनें नहीं कर रही काम, राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित

# होली पर भी नहीं मिल रहा राशन, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : ई-वेइंग मशीनों का संचालन शुरू नहीं होने से होली के मौके पर भी कार्ड धारकों को राशन नसीब नहीं हो रहा। राशन डीलरों की दुकानों पर पुरुषों और महिलाओं की कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उम्मीद अधूरी ही है। हालांकि पूर्ति विभाग के अधिकारियों को हालात की जानकारी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं होने की बात कह रहे हैं।

पूर्ति विभाग ने राशन डीलरों को ई-पॉस मशीनों के स्थान पर ई-वेइंग मशीनें थमाईं तो राशन वितरण व्यवस्था गड़बड़ा गई। 15 मार्च से ई-पॉस मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं आने के कारण राशन वितरित नहीं हो पा रहा है। सुबह सात बजे से ही कार्डधारक राशन डीलरों की दुकानों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन पांच-पांच घंटे तक इंतजार के बाद भी राशन मिल रहा। लेकिन लोगों को राशन नहीं मिल रहा है।

होली के मौके पर राशन के लिए भटक रहे कार्डधारकों में रोष पनप रहा है। लोगों ने शासन प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है। उन्होंने व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

**समस्या**

- ई-वेइंग मशीनें ठप होने से लड़खड़ाई राशन वितरण व्यवस्था
- पूर्ति विभाग के अधिकारी समस्या को लेकर नहीं दिख रहे गंभीर

"सर्वर डाउन होने के कारण ई-वेइंग मशीनों में समस्या आ रही है। इस कारण राशन वितरण में दिक्कत हो रही है। लखनऊ से ही समस्या का समाधान होगा। वहां लोग काम कर रहे हैं।"
-सजनलाल गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक



"सुबह सात बजे से राशन दुकान पर हूं। यहां सिर्फ अंगूठा लगाने की बात कही जा रही है। कई घंटे के बाद भी राशन नहीं मिल पाया है। जो भी समस्या है उसका समाधान होना चाहिए।"
-संजय, बरेली सराय



"पांच घंटे से राशन के लिए दुकान पर खड़े हैं। मशीन न चलने की बात सामने आई है। होली के मौके पर भी राशन नहीं मिल रहा। राशन वितरण व्यवस्था नियमानुसार दुरुस्त होनी चाहिए।"
-राजकुमारी, हल्लू सराय



"हम गरीब राशन के सहारे ही अपना परिवार चलाते हैं। होली का त्योहार आ रहा है। सुबह से ही राशन की दुकान के बाहर लाइन में खड़े हो कर घंटों इंतजार करने के बावजूद राशन नहीं मिल पा रहा है।"
-महादेवी, बबराला



"दो दिन से राशन की दुकान का चक्कर लगा रहा हूं। ई-वेइंग मशीन न चलने के कारण राशन नहीं मिल पा रहा। घंटों से इंतजार किया जा रहा है। जिम्मेदारों को इस समस्या का समाधान कराना चाहिए।"
-मनोज, बबराला



एडीएम को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# किसानों को नहीं मिल रहा मुआवजा

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। कहा कि मुरादाबाद आगरा हाईवे निर्माण के मुआवजे को लेकर चकबंदी के दौरान प्रभावशाली किसानों ने अवैध रूप से अपने शेयर पर निर्माण कर उस भूभाग को चकबंदी से बाहर करा लिया।

अपने पूरे अंश का चकबंदी अधिकारियों से मिलकर चक बनवा लिया। कमजोर किसानों को इसके कारण मुआवजा नहीं मिल पाया। मुआवजा का शीघ्र भुगतान कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग में फर्जी मेडिकल में लिप्त डॉक्टर को अविलंब जेल भेजा जाए। पोस्टमार्टम हाउस पर हो रही अवैध वसूली रोकी जाए। छुट्टा गोवंशों को संरक्षित कराएं। इस दौरान राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषि पाल यादव, मोरध्वज यादव, कमलेश आर्य, बाबूराम प्रजापति, ब्रज कुमार आर्य सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### कैथल में सीडीओ ने किया गोशाला का निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड बनियाखेड़ा के गांव कैथल में स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। मौजूद गोशाला संचालकों को निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर सीडीओ भरत कुमार मिश्रा गांव कैथल पहुंचे और गोशाला का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाय को गोग्रास (गाय के लिए भोजन से निकाली गई पहली रोटी खिलाई)। निरीक्षण में गोशाला संचालकों से वार्ता की और निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र मौजूद रहे।

### निशुल्क दवा बांटी

**संभल, अमृत विचार :** समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट ताहिरपुर दिल्ली की ओर से कुष्ठ रोगियों के सेवा के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर चंदौसी मार्ग पर स्थित कुष्ठ आश्रम में लगा। चिकित्सकों और स्टाफ की छह सदस्यीय टीम ने कुष्ठ रोगियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की। स्वस्थ रहने के तरीके बताए गए। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, कमल कोशल वार्ष्णेय, कुलदीप एरन, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा आदि रहे।

# बदमाश को शरण देने में दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार, पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट

## जिला अस्पताल से फरार होने के बाद सरायतरीन रिश्तेदारी में पहुंचा था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, संभल


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुठभेड़ में घायल होने के बाद जिला अस्पताल से फरार लूट गैंग के सरगना को पुलिस नहीं पकड़ सकी है। बदमाश सरायतरीन स्थित एक घर में पहुंचा था। उसे शरण देने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बहजोई क्षेत्र के एक गांव में लूट को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना गांव पाठकपुर निवासी चांद बाबू को पुलिस ने रविवार सुबह पांच बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस की गोली से घायल चांद को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसकी निगरानी के लिए जिला अस्पताल में बहजोई कोतवाली के दरोगा सतेंद्र पूनिया, सिपाही पंकज मलिक व अजय कुमार को तैनात किया गया था। सोमवार को डिस्चार्ज होने के दौरान ही चांद बाबू ड्रेसिंग रूम से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि वह शंकर चौराहा से ई रिक्शा में बैठकर सरायतरीन गया। वहां वह मोहल्ला कोटला में एक घर पहुंचा था, यहां से वह कहीं दूसरी जगह चला गया। पुलिस ने फरार बदमाश को शरण देने के आरोप में सरायतरीन के मोहल्ला कोटला निवासी इकरार की पत्नी नाजमीन, उसके भाई इकराम की पत्नी साइन व देवर इमरान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नाजमीन ने बताया कि चांद बाबू उसकी देवरानी साइन के पिता जफर निवासी बहजोई का परिचित है। सोमवार दोपहर दो बजे के बाद वह घर पहुंचा था। चांद बाबू के हाथ कपड़े से ढके हुए थे। ताकि पता नहीं चले कि हाथों में हथकड़ी लगी है। चांद बाबू ने यह भी नहीं बताया था कि वह पुलिस कस्टडी से भागकर आया है। उधर, चांद बाबू के फरार हो जाने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया था। अब बहजोई कोतवाल सतेंद्र पंवार ने तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। फिलहाल बदमाश की तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हैं लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस की टीमें काम कर रही हैं। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी होने की उम्मीद है।

### आधिकारी कराएं किसान की भूमि की पैमाइश

**संभल, अमृत विचार :** खेत में खड़ी फसल जोत कर जमीन पर सरकारी एमआरएफ सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने किसान को बड़ी राहत दी है। अदालत ने एडीएम स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में कमेटी का गठन कर भूमि की पैमाइश कराने के आदेश दिए हैं।

गांव फत्तेपुर देव निवासी मोहम्मद हुसैन की पत्नी नौशाबा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत प्रकाश सिंह ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसमें कहा था कि गांव में पौधरोपण की भूमि पर पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। उसकी जमीन पर पुलिस चौकी की दीवार बना दी गई। 27 जनवरी को उसकी सरसों की फसल जोत कर भूमि पर मनमाने तरीके से एमआरएफ सेंटर का निर्माण शुरू किया गया। याचिका कर्ता ने जमीन की पैमाइश कराकर एमआरएफ सेंटर का अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। अदालत ने इस मामले में आदेश दिया है। 23 मार्च को 11 बजे से 3 बजे के बीच एडीएम स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में जमीन की पैमाइश की जाए।


कार्यक्रम में शामिल साहित्यकार और कवि। ● अमृत विचार

# गोष्ठी में जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा मंगलवार को मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज में प्रसाद साहित्य में राष्ट्रीय चेतना विषय पर गोष्ठी, संवाद एवं परिचर्चा की गई। साहित्यकारों व कवियों ने रचनाएं सुनाईं।

डॉ. सौरभ कान्त शर्मा ने संभल गान जिसे प्रशासनिक गान के रूप में भी स्वीकार किया गया है का वाचन किया। डॉ. मूलचन्द गौतम ने हिंदी के इतिहास, साहित्य में सामाजिक एवं राजनैतिक शासन व्यवस्था कुरीतियों पर जयशंकर प्रसाद के साहित्य को वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल के बारे में जानकारी दी। कवि एवं साहित्यकार डॉ. रमेश अग्रवाल 'अधीर' ने कविता के माध्यम से जयशंकर प्रसाद का व्यक्तित्व समझाया। डॉ. डीएन शर्मा ने अभिव्यक्ति, त्रासद तत्व, राष्ट्रीय चेतना का सचित्र वर्णन किया। संचालन कवि एसडी शर्मा ने किया। इस दौरान प्रबन्धक डॉ. अमोल कंचन, प्राचार्य डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव, सचिव डॉ. अशोक यादव, डॉ. रमेश अग्रवाल, डॉ. दीपक उपाध्याय, डॉ. राजकुमार गोयल रहे।

### दो भाजपा सभासदों सहित तीन पर रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फव्वारा चौक पर आढ़ती के साथ मारपीट के मामले में भाजपा के दो सभासदों सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी शेखर ने कोतवाली में तहरीर दी। इसमें उसने बताया कि सोमवार दोपहर उसका भाई आकाश अपने साथी हिमांशु के साथ बाइक पर सवार होकर मंडी समिति स्थित अपनी आढ़त पर जा रहा था। दोनों बिसौली गेट पर पहुंचे तो स्कूटी सवार तीन युवकों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आकाश ने विरोध किया तो तीनों ने उसे मारा पीटा। हिमांशु ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो उसे भी पीटा। पुलिस ने अमन, उसके भाई कुलदीप व नवकांत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें अमन भाजपा से वार्ड नंबर 7 से सभासद हैं, जबकि नवकांत भी भाजपा से वार्ड 9 से सभासद हैं। उधर, रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना पर भाजपाई कोतवाली पहुंचे।


गवां में बैंक शाखा के बाहर धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# मैनेजर पर अभद्रता का आरोप बैंक के बाहर किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, गवां /रजपुरा

**अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने गवां स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के मैनेजर पर अभद्रता का आरोप लगाया। बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया तो धरना खत्म कर दिया।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बैंक शाखा के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कहा कि गांव सिरसा के किसान रामदत्त सिंह ने बैंक से 40 हजार रुपये का गोल्ड लोन लिया था। बाद में 40 हजार 775 रुपये जमा कर दिए। छह माह बैंक मैनेजर रुपये मांगने लगा। रुपये नहीं देने पर रामदत्त सिंह और पत्नी माया देवी के खाते होल्ड कर दिए। माया देवी ने स्टेटमेंट मांगा तो नहीं दिया। इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। राजेंद्र सिंह यादव, सरदार बलजीत सिंह, गायत्री यादव आदि रहे।

### दुष्कर्म के दोषी को तीन वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मुरादाबाद की अदालत ने दोषी को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव में 2015 में ग्रामीण ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़ित की ओर से बनियाठेर थाने में ओमकार के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-तीन मुरादाबाद की कोर्ट में हुई। न्यायाधीश ने मंगलवार को आरोपी ओमकार को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषी को तीन साल की सजा सुनाई और 20 हजार रुपये गका अर्थदंड से दंडित किया है। सजा कराने में एसपीओ अकरम खान व पैरोकार कांस्टेबल मय गुरू थाना बनियाठेर का योगदान रहा है।

# मौलागढ़ में सेवानिवृत्त दरोगा ने होमगार्ड को पीटा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

**अमृत विचार :** बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ की पुलिया पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को सेवानिवृत्त दरोगा ने मारा पीटा। इससे होमगार्ड घायल हो गया और उसका मोबाइल भी टूट गया। होमगार्ड ने कोतवाली में सेवानिवृत्त दरोगा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीएचसी में घायल का उपचार कराया गया है। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ की पुलिया पर सोमवार शाम 5.50 बजे होमगार्ड चरत गिरि निवासी मझावली थाना बनियाठेर ड्यूटी कर रहा था। तभी पुलिया पर चालक ई-रिक्शा में सवारी बैठा रहा था। होमगार्ड ने ई-रिक्शा चालक को हटाने का प्रयास किया तो एक सेवानिवृत्त दरोगा ई-रिक्शा चालक का पक्ष लेते हुए मौके पर पहुंचा और होमगार्ड से अभद्रता की। होमगार्ड ने विरोध किया तो उसकी वर्दी पकड़कर खींचकर थप्पड़ मार दिया। इससे होमगार्ड का मोबाइल नीचे गिर गया। दरोगा ने उससे डंडा छीनकर मारपीट की। होमगार्ड ने ड्यूटी में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया। कुछ लोगों ने मौके पर पहुंच कर होमगार्ड को बचाया।

वहां मौजूद कुछ लोगों ने घटना का मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। होमगार्ड ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी सेवानिवृत्त दरोगा प्रेमपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप


मोहल्ला लोधियान में प्रमाण पत्र दिखाते लोग, साथ में भाजपाई। ● अमृत विचार

### घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाएं बताईं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपाइयों ने लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोधियान मोहल्ले में मंगलवार को वार्ड नंबर 5 के बूथ संख्या 195 पर घर-घर जाकर संपर्क किया। मिस्ड कॉल भी कराई गई। सरकार की योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अभियान की सह संयोजिका नीलम अरोड़ा, शीला सागर, अभिनव शर्मा, गीता कश्यप, गुड़िया पाल, राजा, जशोदा कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### साइबर क्राइम से सावधानी बरतने के उपाय बताए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में मंगलवार को ऑनलाइन व एलएमएस सेल द्वारा साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए एक व्याख्यान और प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं को सुरक्षा के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, सेक्रेड हार्ट कांवेन्ट स्कूल के शिक्षक प्रतीक वार्ष्णेय ने किया। बाद में प्रतीक ने बताया कि साइबर अपराध को कंप्यूटर अपराध भी कहा जाता है। गैर कानूनी गतिविधियों के लिए कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करता है। उन्होंने पहचान की चोरी, बदनामी, उत्पीड़न या पीछा करना, हैकिंग, व्यापार गोपनीयता, साइबर बुलिंग के बारे में बताया। साइबर क्राइम को रोकने के लिए नवीनतम एंटीवायरस को इंस्टॉल करना, नियमित आधार पर अलर्ट जारी करना, साइबर फॉरेंसिक क्षमताओं में सुधार करने की जानकारी दी। अंत में ऑनलाइन एवं एलएमएस सेल प्रभारी डॉ. रेनू गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य डॉ. प्रियंका, डॉ. शीतल यादव, डॉ. इमराना, महक राहन, अंकित, का सहयोग रहा।

### थाना प्रभारी ने वापस किया पर्स

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** बाइक से घर लौटते समय कर्मचारी का पर्स सड़क पर गिरा तो लोग बिखरे नोट बटोरने लगे। अचानक ऐंचोड़ा कम्बोह थाना प्रभारी रेनू सिंह वहां से गुजरीं तो लोग भागने लगे। थाना प्रभारी ने नोट इकट्ठा कर पर्स कर्मचारी को वापस कर दिया। गांव अखबंदपुर निवासी बागेश शर्मा बहजोई स्थित समिति में कार्यरत हैं। वह ड्यूटी से वापस घर आ रहे थे। तभी रास्ते में पर्स गिर गया। ऐंचोडा थाना प्रभारी वहां से गुजरीं तो पनसुखा और ज्ञानपुर सिसौना के बीच चौराहे पर लोग बिखरे हुए नोट उठा रहे थे। थाना प्रभारी ने गाड़ी रोक कर पूछा तो बताया कि यहां एक पर्स पड़ा था। जिससे यह नोट बिखर गए। थाना प्रभारी ने उन सभी से नोटों को इकट्ठा कर पर्स की तलाशी ली तो उसमें बागेश शर्मा का आधार कार्ड मिला। बागेश को थाने बुलाकर थाना प्रभारी ने उनका पर्स वापस कर दिया।

### दुकान में लगी आग, डेढ़ लाख का नुकसान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीता रोड पर दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग से डेढ़ लाख रुपये की क्षति बताई जा रही है। फड़याई बाजार निवासी जगदीश नारायण की रोड स्थित कन्फेंसरी की दुकान है। वह सोमवार रात नौ बजे दुकान बंद करघर चले गए। रात 12 बजे पड़ोसी दुकानदार ने सूचना दी कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। दुकानदार अपने रिश्तेदारों के साथ मौके पर पहुंचा और दुकान खोली तो धुएं व आग की लपट निकल रही थीं। दुकान में रखी नमकीन से भरे गत्ते, तार, कपड़े, फ्रिज आदि सामान जल गया। आग लगने का कारण दुकान में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।


होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# होली के गीतों पर नृत्य कर महिलाओं ने उड़ाया गुलाल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की ओर से होली उत्सव में महिलाओं ने राधा कृष्ण स्वरूप के साथ फूलों की होली खेली। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ अध्यक्ष रेनू वार्ष्णेय मीनू वार्ष्णेय व अन्य पदाधिकारियों ने राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया। होली के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। अध्यक्ष ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। हमें भी आपसी मतभेद भुलाकर होली मनानी चाहिए। इस दौरान शोभा गुप्ता, कमल शंकर, प्रीति कठेरिया, आकांक्षा वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, बबीता वार्ष्णेय, ज्योति वार्ष्णेय, रूपम वार्ष्णेय, नंदनी वार्ष्णेय, क्षमा वार्ष्णेय आदि रहीं।

### शहर में 16 अप्रैल से लगेगा नेजा मेला

**संभल, अमृत विचार :** मोहल्ला चमन सराय पीरजी वाली के पास मदरसे में मंगलवार को धार्मिक नगर नेजा कमेटी की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस बार नेजा मेले की ढाल नौ अप्रैल को कोतवाली के सामने परंपरागत तरीके से लगाई जाएगी।

नेजा मेला 16 अप्रैल को शहबाजपुर सूरा नगला, 17 अप्रैल को नगर पालिका संभल के मैदान, 18 अप्रैल को हसनपुर मार्ग पर इमादुल मुल्क के मजार के निकट लगेगा। इस दौरान शाहिद हुसैन मसूदी, फहीम शेख, नफीस मसूदी, चौधरी शरफ अली खां, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खां, सूफी अली वारसी, जमीलुर्रहमान, खिजर गौस, शकीलुर्रहमान मलिक, मोहम्मद उमर, कासिम अली मसूदी, आरिफ मसूदी, हाजी बब्बू, नफीस साबरी, मुशीर तरीन, मुस्तफा कमाल रहे।

# वृंदावन का हर्बल गुलाल पहली पसंद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


मुरादाबाद गेट स्थित एक दुकान पर रंग पिचकारी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

▶▶ सज गया रंग और पिचकारी का बाजार, बच्चों में दिख रहा उत्साह

**अमृत विचार :** होली पर बाजारों में रंग व पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। इस बार वृंदावन का हर्बल गुलाल व लड्डू गोपाल की पिचकारी लोगों को लुभा रही है। बच्चे चार बूंद कलर व इलेक्ट्रानिक गन ज्यादा पसंद कर रहे हैं। युवाओं को गुलाल का स्प्रे सिलेंडर भा रहा है।

इस बार होली पर रंग, पिचकारी व गुलाल बनाने वाली कंपनियां कई नए ब्रांड ले आई हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। मुरादाबाद गेट स्थित रंग व पिचकारी के दुकानदार दीपक डुडेजा ने बताया कि होली पर बच्चे व युवा चार बूंद कलर ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसमें रंग की चार शीशी 120 रुपये में दी जा रही हैं। किसी भी शीशी की चार बूंदें डालने पर पानी भरी बाल्टी रंग से तैयार हो जाती है। लोगों को लड्डू गोपाल की छोटी पिचकारी पसंद आ रही है। इस पिचकारी से श्रद्धालु अपने ईष्ट लड्डू गोपाल को रंग लगा सकते हैं। इसकी कीमत 40 रुपये है। वृंदावन का हर्बल गुलाल बाजार में कई रंगों में उपलब्ध है। इसका एक पैकेट 50 रुपये का बिक रहा है। शैपेल गुलाल भी ज्यादा बिक रहा है, इसकी कीमत 100 रुपये पैकेट है। बच्चों को इलेक्ट्रानिक गन वाली पिचकारी ज्यादा पसंद आ रही है। जो बाजार में 600 से 1200 रुपये की कीमत में बिक रही है। बबल्स पिचकारी 800 रुपये, मैजिक ग्लास 50 रुपये, मैजिक आइस 20 रुपये, मल्टी मंच बलून 100 रुपये, फॉग पटाखे 100 से 400 रुपये, फॉग गन, 150 रुपये, शाइनी गुलाल 10 पीस 300 रुपये के आइटम बाजार में उपलब्ध है।

**जागरूकता** भारतीय मानव कल्याण समिति के कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरुरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को विनायक मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। इसमें मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ दिलाई।

समिति के प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। मतदान कर लोग बदलाव ला सकते हैं। हरीश कठैरिया ने शपथ दिलाई। सुशील कुमार भोलेनाथ ने होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता डॉ. जयशंकर दुबे व संचालन धारा सिंह ने किया। इस दौरान आकाश शर्मा, रोशन लाल दिवाकर, मोहित कुमार, कुशांक यादव, मनीष बाबू, श्याम सुंदर दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्ण मोहन रहे।



एसएम कॉलेज में शपथ लेते शिक्षक व स्वयंसेवक-सेविकाएं। ● अमृत विचार

### मतदान के प्रति जागरुक करने की ली शपथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा चुनाव साक्षरता कार्यक्रम को साकार रूप देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विधिक परामर्श दात्री व समाजसेविका संगीता भार्गव ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की बात कही। कहा कि युवा ही शत-प्रतिशत मतदान कर अपनी भूमिका निभा सकते हैं। बताया कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है। अगर हम अपने मत का प्रयोग ही नहीं करेंगे, तो अच्छी सरकार को कैसे चुन सकेंगे। लोकतंत्र में प्रत्येक मत का अपना मूल्य होता है। इसलिए लोकसभा चुनाव वाले दिन सबसे पहले मतदान, उसके बाद जलपान करें। लोकतंत्र में सकारात्मक दिशा में किया गया मतदान ही समाज की दिशा व दशा का निर्धारित करता है।

### आज निकाली जाएगी एकादशी की शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रंगों का त्योहार होली नजदीक है। बुधवार को रंग एकादशी है। नगर में श्री रस्तोगी सभा की ओर से रंग एकादशी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके साथ ही शहर होली के रंग में रंगना आरंभ हो जाएगा। सभा के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने बताया कि मोहल्ला गोपाल स्थित श्री खेलगोपाल मंदिर से अपराह्न करीब चार बजे रंग एकादशी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। अपराह्न चार बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें राधाकृष्ण, राम दरबार, खाटू श्याम बाबा की झाकियों के साथ राधाकृष्ण का फूलडोल, डीजे पर राधाकृष्ण, महिषासुर मर्दिनी व खाटू श्याम बाबा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। मुख्य सिंहासन के आगे कीर्तन मंडली के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए होली खेली जाएगी।

### लोकसभा चुनाव की वजह से बदला गया परीक्षा कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा में बदलाव किया है। अलग-अलग जिलों में वोटिंग की अलग-अलग तिथियां हैं। इन तिथियों के दौरान वोटिंग से पहले और बाद के दो-दो दिनों तक परीक्षा नहीं होगी। इन तिथियों पर जो पहले से परीक्षा निर्धारित थीं, उन्हें अब आगे बढ़ा दिया गया है। स्नातक की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 अप्रैल और परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक की 16 से 21 तक और 25 से 28 अप्रैल, 5 से 8 और 12 से 14 मई को निर्धारित प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं होगी। पहले परीक्षा 27 मई को समाप्त हो रही थी।



यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है।


### संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक जरूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंगडम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

### प्रसंगवश

## बैलट में बुराई क्या



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है।

बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

### सोशल फोरम

## धोखा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब



शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।



## 68 चरणों में हुआ था पहला लोस चुनाव

- देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराना एक जटिल प्रक्रिया थी। सब कुछ नया भी था। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमीशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।

## टीएमसी को सीट देकर अखिलेश ने निभाया वादा

- 2022 में उप्र. विधानसभा चुनाव के दौरान सपा का प्रचार करने लखनऊ और वाराणसी आयी थीं ममता बनर्जी
- पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर की थी चर्चा





ललितेश पति त्रिपाठी


**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए उप्र. की 80 में से सपा ने कांग्रेस को जहां 17 सीटें दी वहीं बची 63 में से एक भदोही की सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दी है। टीएमसी इस सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी को उम्मीदवार भी बना दिया है। पूर्वांचल की वाराणसी से सटी भदोही सीट राजनीतिक पटल पर भी अहम मानी जाती है। हालांकि, सपा की उप्र. के ही कई अन्य छोटे दलों से भी बातचीत चल रही थी। इस बीच इनमें से किसी को कोई सीट न देकर पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को सीट देने से लोगों को अचरज भी हुआ। दरअसल, साल 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव के बुलावे पर ममता बनर्जी उप्र. आईं थीं। लखनऊ और वाराणसी में सपा के समर्थन में जनसभाएं करने के दौरान ममता बनर्जी से किया गया वायदा निभाने के लिए अखिलेश ने भदोही की सीट दी है। भदोही से टीएमसी के प्रत्याशी बनाए गए ललितेशपति त्रिपाठी का कहना है कि वह तृणमूल का झंडा थामकर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और उप्र. के पूर्व मुख्यमंत्री अपने परदादा कमलापति त्रिपाठी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

# सत्ता की कुर्सी तय करेगा उत्तर प्रदेश

## बीते डेढ़ दशक में प्रदेश की राजनीति के साथ वोटों का ध्रुवीकरण बदला




धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही सबकी नजरें उत्तर-प्रदेश पर है। सत्ता की कुर्सी पर काबिज होने का रास्ता यहीं से होकर जाता है। राजग ने नरेंद्र मोदी की हैट्रिक के लिए उनके करिश्में और योजनाओं के सहारे मिशन:80 (यानी सभी सीटें) जीतने का लक्ष्य तय किया है। जबकि विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के प्रमुख घटक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी रास्ता रोकने की पूरी कोशिश में लगे हैं।

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के बाद प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी भी ''इंडिया'' गठबंधन से मैदान में है। जबकि बसपा एकला चलो की राह पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाती हुई दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है। यहां सभी सात चरणों के तहत 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त होगा। पिछले डेढ़ दशक में यहां की राजनीति की बात करें, तो स्वरूप और जातीय मतों का ध्रुवीकरण दोनों बदल गया है। भाजपा की सीटें छह गुना हो गई है, जबकि वोट शेयर करीब तीन गुना बढ़ा है।

2009 के आम चुनाव में 17.5 प्रतिशत वोट के साथ 10 सीटों पर कमल खिला, जबकि कांग्रेस ने 18.3 प्रतिशत वोट हासिल करके 21 सीटें जीती थी। सपा ने सबसे अधिक 23 और बसपा ने 20 सीटें जीती। हालांकि बसपा को सर्वाधिक 27.4 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि सपा को 23.3 प्रतिशत।

2014 के आम चुनाव में भाजपा ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचते हुए 42.6 प्रतिशत वोट हासिल करके सर्वाधिक 71 सीटें जीती। विपक्ष के बड़े-बड़े धुरंधरों की जमानत जब्त हो गई। सहयोगी अपना दल (एस) ने भी दो सीटें जीतीं। बसपा अबतक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए 19.8 फीसदी वोट पाकर भी शून्य पर सिमट गई। जबकि सपा 22.3 फीसदी वोट के साथ सिर्फ कुनबे की 5 सीटें बचा सकी।

भाजपा के कांग्रेस मुक्त नारे का इतना जबरदस्त असर हुआ कि हाथ के पंजे को सिर्फ दो सीटें और 7.5 फीसदी वोट मिला। बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़कर 50 फीसदी हुआ, लेकिन सीटें घटकर 62 रह गईं। सहयोगी अपना दल (एस) दो सीटें जीतने में कामयाब रहा। हालांकि बाद के उपचुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ जैसा समाजवादी गढ़ भी फतह कर लिया। चुनाव में सपा और बसपा गठबंधन से बसपा को फायदा हुआ। उसकी सीटें शून्य से 10 हो गईं। जबकि वोट प्रतिशत पिछले चुनाव से दशमलव 4 फीसद कम ही था। हां, गठबंधन में सपा को कोई फायदा नहीं रहा, वोट प्रतिशत भी करीब 5 फीसदी घट गया, जबकि रालोद भी साथ था। जाहिर था आरोप-प्रत्यारोप के बाद गठबंधन टूट गया। कांग्रेस 6.4 फीसदी वोट के साथ मात्र एक सीट सीट रायबरेली से सोनिया गांधी की बचा पाई। राहुल गांधी तक अमेठी से चुनाव हार गए। जमानत जब्त होने वालों की तो कतारें लगी थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) खाता भी नहीं खोल सकी।

### भाजपा से मुस्लिम प्रत्याशी बना सवाल

प्रदेश में पिछड़े'' पसमांदा मुसलमानों के बीच भाजपा ने पहुंच बनाने की कोशिश तो की है, लेकिन किसी भी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी देना सभंव होगा, अनुत्तरित सवाल बना हुआ है। पार्टी के बड़े नेता सिर्फ इतना कहते हैं कि मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। सभी योजनाओं का लाभ बगैर भेदभाव मिल रहा है। लेकिन प्रत्याशी को लेकर सब चुप हैं।

### इस बार ज्यादा चुनौती

2024 के लोकसभा चुनाव में रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग को जाटलैंड में चुनौती आसान दिख रही है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा से समीकरण और मजबूत हुआ है। विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' में सपा और कांग्रेस गठबंधन खोई हुई प्रतिष्ठा के लिए मैदान में हैं। एक बार फिर प्रचार के दौरान 2017 विधानसभा चुनाव का दृश्य ताजा होगा। जब अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जोड़ी मंचों पर दिखेगी।



- भाजपा ने छोटे दलों से गठबंधन की राजनीति में भी विपक्ष से मारी बाजी









जनता के बीच भाजपा की लोकप्रियता का असर रहा कि 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा के पक्ष में रहा और योगी आदित्यनाथ प्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड भी अपने नाम कर गए।

# भाजपा के मिशन 80 की ढाल बनेगी रालोद

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



जयंत चौधरी

**बागपत व बिजनौर की मिली सीटों के बाद जाट व गूजर बाहुल्य सीटों पर रालोद ने कमर कसी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले रालोद ने एनडीए में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भाजपा ने 2019 के सपा-बसपा और रालोद गठजोड़ की मजबूती का संज्ञान लेते हुए अब पश्चिम में रालोद का साथ लेकर उप्र. में मिशन 80 को अंजाम तक पहुंचाने की फिराक में है। दूसरी तरफ 2024 का चुनाव जयंत चौधरी के लिए भी अग्निपरीक्षा है, क्योंकि रालोद पहली बार अजित सिंह के बिना लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पश्चिम उप्र में जाट, मुस्लिम व दलित मतदाताओं की बाहुलता वाली करीब 26 सीटें है। जातीय समीकरण देखे तो मुस्लिम मतदाता की संख्या 36 प्रतिशत है, 17 प्रतिशत जाट मतदाता हैं, 26 प्रतिशत मतदाता दलित समुदाय से हैं। प्रदेश भर के जाट मतदाताओं की बात करें तो 80 प्रतिशत जाट मतदाता पश्चिम उप्र. में है जो कि लगभग दो दर्जन सीटों पर अपनी अहमियत रखते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर न केवल जयंत चौधरी का दिल जीत लिया, बल्कि पश्चिम उप्र में अपनी चिंता दूर करने में सफल होती नजर आ रही है।

### इन सीटों पर फिर से अपना कब्जा जमाना चाहेगी भाजपा

2019 के लोकसभा चुनाव देखे तो रालोद के सहयोग से सपा-बसपा गठबंधन ने भाजपा से छीनकर सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इनमें सपा ने रामपुर, मुरादाबाद, संभल सीट जीती थी और बसपा को सहारनपुर, बिजनौर, नगीना और अमरोहा कुल चार सीटें मिली थी। रालोद को अपने में लाकर भाजपा इन सीटों पर फिर से अपना कब्जा जमाना चाहेगी।

### 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है : दुबे

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि किसान, किसान होता है जाति कोई भी हो, देश भर का किसान चौधरी चरण सिंह को मसीहा मानता है, इसलिए दो राय नहीं है कि रालोद के साथ आ जाने से देश भर के किसान भाजपा प्रत्याशी को वोट देंगे। पश्चिम उप्र में जयंत चौधरी ने घर-घर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी हैं और उन्हें खत्म भी किया है। इसलिए पार्टी को मिली बिजनौर व बागपत सीट पर रालोद की जीत होने के साथ ही पूरे पश्चिम उप्र में इंडिया गठबंधन का सफाया होने वाला है। व्यापारी प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल ने कहा कि सपा के अखिलेश यादव, कांग्रेस की सोनिया गांधी व राहुल गांधी द्वारा चुनाव मैदान छोड़ने से प्रतीत होता है कि भाजपा की 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है, इसमें रालोद की अहम भूमिका है।

## बिजनौर

# मतदान कार्मिकों को ड्यूटी आदेश जारी

## जनपद में मतदान कार्मिकों को कार्मिक कोड भी आवंटित किया गया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- प्रथम प्रशिक्षण 28 मार्च से विवेक कालेज में दो पालियों में होगा
- प्रत्येक पाली में 1500 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेगा

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने एनआईसी में लोक सभा चुनाव के मतदानकार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन का निरीक्षण किया। प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक, डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद मतदान कार्मिकों के रूप में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, मतदान अधिकारी द्वितीय/तृतीय के ड्यूटी आदेश कार्यालय अध्यक्ष के माध्यम से प्रेषित किए जा चुके हैं। कुल 16120 कार्मिकों की मतदान कार्मिक के रूप में जारी ड्यूटी आदेश में सभी मतदान कार्मिकों को कार्मिक कोड भी आवंटित किया गया है। मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आगामी 28 मार्च से विवेक कालेज में दो पालियों में कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 10 बजे से अपरान्ह एक बजे एवं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक दिया जाएगा। प्रत्येक पाली में 1500 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण 28 से 31 मार्च तक रहेगा। प्रथम प्रशिक्षण केवल पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को ही दिया जायेगा। द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी को प्रथम प्रशिक्षण नहीं दिया जायेगा।

### सूचना भवन में मीडिया प्रशिक्षण, निर्देशों का पालन होगा अनिवार्य

**बिजनौर, अमृत विचार :** लोकसभा निर्वाचन सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष कराने के लिए प्रभारी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में सूचना भवन में मीडिया प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक, नगीना जयेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी जयकरण यादव एवं पेड न्यूज निरीक्षण के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णत: पालन किया जाएगा। एमसीएमसी का गठन किया जा चुका है। सूचना भवन में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण केन्द्र इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग एवं पेड न्यूज की मानकों के अनुरूप कार्य सम्पादित होंगे। इसके लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्मिकों को कहा गया है कि पूरी गंभीरता और सजगता के साथ प्रशिक्षण लेकरअपने कर्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

संवाददाता, नूरपुर

- शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे मामा-भांजा

**अमृत विचारः** क्षेत्र के मुजाईदपुर गांव के पावर हाउस के पास बाइक मंगलवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी। सूचना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है।

रामखेड़ा निवासी जगदीश सिंह के पुत्र ललित कुमार अपने मामा के लड़के की शादी का कार्ड बांटकर अपने मामा नरेश सिंह निवासी बूढ़पुर के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही ग्राम मुजाइदपुर के कोल्हू के पास उनकी बाइक पहुंची तो सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार ललित व नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों घायलों को इलाज हेतु सीएचसी नूरपुर ले लाया गया, जहां पर नरेश को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ललित को हायर सेंटर बिजनौर के लिए रेफर कर दिया। बिजनौर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने ललित को भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### फंदे से लटकी मिली विवाहिता, हत्या का लगाया आरोप

**किरतपुर, अमृत विचार :** फंदे से लटकी मिली विवाहित की लाश को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। मृतका के परिवार वालों ने लड़की की हत्या के बाद शव फंदे से टांग देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने शव का अन्त्य परीक्षण (पोस्टमार्टम) कराया है। बुडगारी निवासी इदरीश ने पुलिस को जानकारी दी है कि उसने पुत्री नजराना का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व मोहम्मद सुब्हान पुत्र मोहम्मद असलम निवासी बुडगरी से किया था। विवाह के बाद से ही सुब्हान व उसके परिवार वाले क्रमश: अफसाना पत्नी असलम (सास) रोजी पुत्री असलम (ननद), सोबी पुत्री असलम (ननद) व असलम पुत्र अख्तर (ससुर) पीड़ित पिता की पुत्री से बुलेट व कारोबार हेतु पांच लाख रुपये नगदी मांगते थे। इसे लेकर पुत्री के साथ मारपीट करते थे। शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पुत्री को ससुरालयों का प्रताड़ित करना इतना ज्यादा बढ़ गया था कि सोमवार शाम पुत्री के साथ मारपीट करते हुए ससुरालयों ने मिलकर उसको फांसी लगादी, जिससे नजराना की मौके पर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर घर में चीख- पुकार मच गई। परिजन पुत्री के ससुराल पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया था।

### महताब को पूर्वांचल गौरव सम्मान से सम्मानित किया

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली के कास्टिटयूशन क्लब में पूर्वांचल फाउंडेशन द्वारा होली महोत्सव एवं समारोह में पहुंचे नगर के महताब खान चांद को पूर्वांचल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किया गया। स्मारिका में प्रकाशित सुंदर लेख की भी सराहना की गई। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, आरपी सिंह, विनोद कुमार सहित पुलिस कमिश्नर आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति नौकरी का ही एक हिस्सा होती है: रुचिता

**नहटौर, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। प्राथमिक विद्यालय दबथला में आयोजित शिक्षक सम्मान व विदाई कार्यक्रम का मुख्य अतिथि महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रुचिता सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मदन सिंह, वर्षा रानी, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ किया। मुख्य अतिथि रुचिता सिंह ने कहा सेवानिवृत्ति नौकरी का ही एक हिस्सा होती है। शिक्षक केवल नौकरी से सेवानिवृत होता है, अपने ज्ञान एवं विचारों से नहीं। सेवानिवृत्ति एक तरह से नवीनीकरण और कायाकल्प है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सफलतम कार्यकाल के लिये बधाई देते हुए कहा कि आप असाधारण शिक्षक और रोल मॉडल रहेंगे। सेवानिवृत्त रिजवान अहमद मुख्य अध्यापक मेहरपुर, आदेश कुमारी दबथला, सुरेंद्र सिंह मुख्य अध्यापक मंडोरी को सम्मानित किया गया।

### खेत में गुलदार ने दो लोगों पर बोला हमला, भर्ती

**बिजनौर,अमृत विचार :** गुलदार के हमले में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। गुलदार के हमले में कृपाल सिंह (46) और गौरव सैनी (22) निवासी मोहल्ला काजीपाड़ा घायल हैं। जिनका मंडावर रोड पर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कृपाल के बेटे सोनू ने बताया कि उसके पिता खेत में पानी देने के लिए गए थे। पड़ोस के रहने वाले गौरव को उसने अपने पिता को खाना देने के लिए खेत में भेजा था। इसी दौरान खेत पर काम कर रहे दोनों के ऊपर गुलदार ने हमला कर दिया।

### पैसों के लालच में पिलर पर उतरा युवक, पुलिस ने बचाया

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर गंगा बैराज पर युवक पैसों के लालच में पिलर पर उतर गया, उसके बाद उससे चढ़ा नहीं गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने नाव वालों के सहयोग से युवक की जान बचाई। उसके परिजनों को बुलाकर युवक को सौंपा। ग्राम चंद्रपुरा निवासी शिवम सोमवार को मध्य गंगा बैराज के गेट नंबर 7 के डाउनस्ट्रीम में पिलर पर कुछ पैसे देखकर नीचे उतर गया, लेकिन बाद में उससे ऊपर नहीं चढ़ गया। सूचना पर भागीरथ गंगा बैराज चौकी पर तैनात दरोगा तेजवीर सिंह, सिपाही अमित धामा के साथ मौके पर पहुंचे। नाव वालों की सहयोग से युवक को सकुशल बाहर निकाला। पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाकर युवक को उन्हें सौंप दिया।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# किसान की टिप्पणी से नाराज अधिवक्ता कार्य से विरत रहे

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी व अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले एक किसान नेता के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया। बार एसोसिएशन नगीना के सदस्य मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। आरोपित किसान नेता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया।

आरोप है कि कलेक्ट्रेट के कार्यक्रम में किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने अधिवक्ता समाज के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी, जिससे अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं का आरोप है, कि स्वयं को किसान नेता बताने वाले चौधरी दिगंबर सिंह किसान यूनियन से भी निष्कासित हैं। किसी न किसी के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। नगीना बार के अध्यक्ष दीपक कुमार विश्नोई एडवोकेट व महासचिव फरीद अहमद खान एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश त्यागी को दिया। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार शर्मा, मुख्तार अहमद, सतेंद्र कुमार, अरशद जावेद, मो. शफीक आदि शामिल रहे।

# खालिक हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास



**बिजनौर, अमृत विचारः** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रेय शुक्ला ने खालिक हत्याकांड में अभियुक्त नौशाद एवं रियासत को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता संजीव वर्मा के मुताबिक दिनोड़ा निवासी आबिद व उसका भाई अब्दुल खालिक देहरादून में रहता था। खालिक 25 मई 2016 को देहरादून से घर के लिए निकला था। जब खालिक घर नहीं आया तो आबिद ने भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट देहरादून में दर्ज कराई। खालिक का शव थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव तहरपुर सबलपुर बितरा मार्ग के पास मिला था। शव को 28 मई 2016 को फेंका गया था। इसके बाद आबिद ने उसकी रिपोर्ट थाना किरतपुर में भी दर्ज कराई। पुलिस विवेचना में पता चला कि खालिक की हत्या नौशाद एवं रियासत ने की थी और उसका शव छुपाने के लिए जंगल में फेंका था। कोर्ट ने नौशाद एवं रियासत को दोषी पाते हुए दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।



नगीना में फूलों की होली खेलतीं महोत्सव में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# राधा-कृष्ण की झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, नगीना

- फूल और गुलाल की होली खेल मथुरा की परंपरा की रस्म भी निभाई

**अमृत विचारः** भाईचारा और भावनात्मक एकता की प्रतीक होली पर्व पर फाग महोत्सव समारोह पूर्वक मनाया। महिलाओं ने फूलों की होली खेली और राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां बनाईं।

पंजाबी महावीर मंदिर कमेटी की ओर से मुहल्ला सैयदवाड़ा स्थित प्राचीन माता का मंदिर के प्रांगण में फाग महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें पंजाबी समाज की महिलाओं और युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने पहले महारास, डांडिया का आनंद लिया फिर फूलों की होली खेली। महिलाओं ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य गायक कलाकार धीरज शर्मा, पारस कुमार ने होली आधारित गीत और भजन सुनाया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

महिलाओं ने भगवान कृष्ण के साथ फूल और गुलाल की होली खेल मथुरा की परंपरा के अनुसार लठमार होली की रस्म भी निभाई। पंजाबी महावीर मंदिर कमेटी की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें कढ़ी चावल और हलवा प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लता सेठी, सुमन टंडन, कंचन खरबंदा, राधिका सचदेवा, पूजा बग्गा, शालू खन्ना, आशू खन्ना, पूजा बागा, प्राची कालरा, मान्या बाग, भाविका कालरा, राजकुमार सेठी, गोरखनाथ खन्ना का योगदान रहा।

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल**, क्षेत्रीय अध्यक्ष




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

### कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव( सपा) | 2,55,693 |
| इटावा (सु) | अशोक दोहरे (भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया( सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव (सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक (भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी (भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी( बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी (बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती (भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव (सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद (सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र( भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल (बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल (बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अंजूबाला( भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत( बसपा) | 3,25,212 |

### कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल( बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा (सु) | आरएसकठेरिया (भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कठेरिया( सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक (भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव( सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी (भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 5,81.282 | निशा सचान (बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज( बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा( भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव (सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह (बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता (सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा (बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अशोक रावत( भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी( बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर



यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर**, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय**, प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल**, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।


आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53 .22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57 .15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020** कुल मतदाता

**12,87,880** पुरुष मतदाता

**11,12,024** महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58 .84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58 .71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57 .40 प्रतिशत पुरुष, 56 .15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55 .28 प्रतिशत पुरुष और 55 .50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57 .77 फीसद पुरुष और 56 .95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरूद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल



2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

## बांकेबिहारी मन्दिर के बाहर तीर्थयात्री की हुई मौत

**मथुरा, एजेंसी :** यहां बांकेबिहारी मन्दिर के चबूतरे पर बैठे एक तीर्थयात्री की मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गयी। मन्दिर में दर्शन करने के बाद मुम्बई निवासी सुनील (68) मंदिर से बाहर निकल आया और बाहर बने चबूतरे पर बैठ गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे ने बताया कि जब वह कराहने लगा तो वहीं मौजूद पुलिसकर्मी ने आनन-फानन में चिकित्सक को बुलाया तथा उसे एक एम्बुलैंस से सौ शैया अस्पताल ले गए। अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत बताया तथा यह भी बताया कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित खबर का खण्डन किया है और कहा कि उसकी मृत्यु मन्दिर के अन्दर नहीं हुई है जैसा सोशल मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुनील मंदिर में दर्शन करके बाहर आ गया था क्योंकि उसके सीने में दर्द होने लगा था जिसके कारण वह मन्दिर के बाहर बने चबूतरे पर बैठ गया था।

# सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नियुक्ति और नया कार्य

## आचार संहिता के दौरान सरकारों को खास गाइड लाइन पर शासनिक कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है।

गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

### सरकारों के लिए खास दिशानिर्देश

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

### ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### बकाया भुगतान को मंदिरों के अदालत का दरवाजा खटखटाना दुखद: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई अनन्युटी (वार्षिकी) के मामले में आयुक्त/ सचिव, राजस्व बोर्ड उत्तर प्रदेश को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि यह चिंता का विषय है की मंदिरों और ट्रस्टों को राज्य सरकार से अपना बकाया जारी करने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, जो कि राज्य के खजाने से स्वचालित रूप से मंदिर के खाते में प्रवाहित होना चाहिए था। यह एक वार्षिक सुविधा है और संबंधित अधिकारी को मंदिर की वार्षिकी जारी करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए थी। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इसके अलावा कोर्ट ने उचित कार्रवाई के लिए मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने याचिका पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लखनऊ में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा गया पत्र इस बात का सूचक है कि लखनऊ में बैठे अधिकारी को ट्रस्टों और मंदिरों की अनन्युटी (वार्षिकी) जारी करने की कोई परवाह नहीं है। मुकदमे की अगली सुनवाई आगामी 20 मार्च को सुनिश्चित की गई है।

### महंत नरेंद्र गिरी मामले में रवींद्र पुरी के बयान दर्ज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी की आत्महत्या के मामले में गवाह अखाड़ा परिषद के वर्तमान रविंद्र पुरी का बयान न्यायालय में दर्ज किया गया। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से उन्हें महंत नरेंद्र गिरी की आवाज की ऑडियो कैसेट सुनाई गई तथा वीडियो फुटेज भी दिखाई गई जिसकी रवींद्र पुरी ने शिनाख्त की। वर्तमान कार्यवाही अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रताप सिंह राणा के न्यायालय कक्ष में चल रही है। न्यायालय के समक्ष एडीजीसी हरिनारायण शुक्ला एवं भानु प्रताप सिंह, वहीं दूसरी तरफ सीबीआई के विशेष अधिवक्ता तथा आरोपितों के अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

### होली में जिलों में तैनात होंगी 50 कंपनी पीएसी

**लखनऊ, अमृत विचार :** 25 मार्च को होने वाले होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। कोई हुड़दंग या फिर दंगा न हो इसके लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पीएसी भेजी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक जिलों में पीएसी 22 मार्च से 27 मार्च तक तैनात रहेंगी। होली के उपलक्ष्य में शांति व्यसव्था भंग होने की आशंका के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने जिलों में 50 कंपनी पीएसी तैनात करने का निर्णय लिया है। किस जिले में कितने जवान जाएंगे इसकी रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। अधिकारियों के मुताबिक 22 मार्च की सुबह पीएसी के जवान जिलों में तैनात हो जाएंगे। जवानों की वापसी 28 मार्च को होगी।

### ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि, लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में अखिलेश यादव ने दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया।

## नन्दगांव की होली में हुए द्वापर के दर्शन



**मथुरा।** बरसाने की लट्ठमार होली की कड़ी में मंगलवार को नन्दगांव में खेली गई लट्ठमार होली में द्वापर के दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। दोपहर बाद जब बरसाने के हुरिहार नन्दगांव होली खेलने के लिए पहुंचे तो यशोदा कुण्ड पर उनका स्वागत भांग और ठंढाई से किया गया। लगभग दो धंटे चली लट्ठमार होली में हुरिहार नया लंहगा और फरिया पहने नन्दगांव की गोपियों पर रंग डालकर उनके नये वस्त्र खराब करने की कोशिश कर रहे थे तो गोपियां घूंघट में उचक -उचक कर हुरिहारों पर लाठियों की वर्षा कर रही थीं और हुरिहार चमड़े की ढालों पर उसे रोक रहे थे। एक गोपी दूसरी गोपी से हुरिहारों की शिकायत कर रही थी और कह रही थी ऐसो चटक रंग डारो श्याम मेरी चूनर में लग गयो दाग री। हुरिहारों ने आज बिरज में होरी रे रसिया का गायन कर होली को जीवन्त कर दिया।

## मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग भेज दिया है।सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही, प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी।

## बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 लोगों की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- मृतकों में दूल्हे का मामा भी शामिल एक घायल अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात एक बजे बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी कार चालक रामखेलावन, ग्राम बूंचपुर निवासी रामजीत प्रजापति तथा दूल्हे के मामा मोहकमपुर निवासी अनमोल शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शिवम शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटनास्थल फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज के अंतर्गत आता है, इसलिए रिपोर्ट वहीं दर्ज की जाएगी।

## वसीम बरेलवी समेत 13 सुप्रसिद्ध शायर अयोध्या में करेंगे अदब-ए-श्रीराम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उ.प्र.संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के तुलसी उद्यान मंच पर 22 मार्च को सायं 6 बजे से एक बड़ा मुशायरा होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध शायर प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे, अदब व मुशायरे की इस महफ़िल को अदब-ए-श्रीराम नाम दिया गया है।



मशहूर शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शायरा अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, चराग़ शर्मा और श्वेता श्रीवास्तव अज़ल अपनी प्रस्तुति से मंच की रौनक बढ़ाएंगे।

### आलोक श्रीवास्तव एकल काव्यपाठ करेंगे

शब्द और स्वर समागम कार्यक्रम में इसी मंच पर 21 मार्च को सायं 6 बजे जाने माने गीतकार आलोक श्रीवास्तव एकल काव्यपाठ करेंगे। उसके बाद प्रसिद्ध गायिका चिन्मयी त्रिपाठी और गायक जोएल मुखर्जी अपने स्वर का जादू चलाएंगे। आलोक श्रीवास्तव की कविताओं को अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेता आशुतोष राणा, गायक पंकज उदास सहित कई नामचीन हस्तियों का स्वर मिल चुका है।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में मंगलवार वकीलों के प्रस्ताव के कारण तलबी बहस नही हो सकी। कोर्ट में अगली नियत तारीख पर मामले में तलबी बहस होगी । दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## संपर्कक्रांति दुर्घटनाग्रस्त होते बची, हटाया गया कोच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** कोच में धुरा जाम होने से चिंगारी उठने पर नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 12566 बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। धुरा जाम (हॉट एक्सल) देख गैंगमैन की सूचना पर ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर रोका गया। परीक्षण के बाद एसी टू कोच को ट्रेन से अलग किया गया। यात्रियों को थर्ड एसी कोच में शिफ्ट कराकर कानपुर रवाना किया गया। सेकेंड एसी कोच के यात्रियों के हंगामा करने पर कानपुर सेंट्रल पर ट्रेन रोकी गई। रिजर्व लाइन से दूसरा सेकेंड एसी कोच मंगवाकर जोड़ा गया। इस चक्कर में सेंट्रल पर करीब पौन घंटे ट्रेन खड़ी रही। जांच के आदेश दिए गए हैं।

बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार दोपहर टूंडला स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी सेकेंड एसी कोच से चिंगारी उठने लगीं। गैंगमैन की नजर चिंगारी पर पड़ी तो उसने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर बिना स्टापेज के रोका गया। कोच चेक करने पर पता चला कि सेकेंड एसी कोच का धुरा जाम है। इस पर कोच हटाकर यात्रियों को बी-वन कोच में शिफ्ट कराया गया। इस चक्कर में ट्रेन टूंडला से ढाई घंटे विलंब से चल सकी।

इधर हटाए गए कोच के यात्रियों को शिफ्ट तो किया गया, मगर दिक्कत होने पर यात्री हो-हल्ला करने लगे। रात 9:10 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर आठ पर ट्रेन पहुंची। यहां पहले से प्लेटफार्म पर मौजूद एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने फोर्स और चेकिंग दल बुलाकर यात्रियों को थर्ड एसी और अन्य कूपों से नीचे उतरवाया।

### वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश, फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो, भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 रो | 2 मि | 3 ल | ■ | 4 ब | ■ |
| 5 रू | ■ | 6 स | ट | क | ना | ■ |
| ह | ■ | ■ | के | ■ | ना | ■ |
| ■ | 7 स | 8 ज़ी | दा | ■ | ■ | 9 घ |
| ■ | ■ | 10 न | र | मा | ह | ट |
| 11 पू | जि | त | ■ | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | 12 ब | रा | ब | र |

### सुडोकू-94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

### सुडोकू -93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग

गु. 1 | बु. रा. सू. 12 | श. मं. शु. 11 | 10 | 2 | 3 | 9 | 6 | चं. 4 | के. | 8 | 5 | 7

**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

**वृष** – आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

**मिथुन** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क** – आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**कन्या** – आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

**तुला** – आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**धनु** – आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**मकर** – आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
देवता – दोपहर : 12.00
धड़कन – शाम : 06.59

**Sony Max**
बाटला हाउस – सुबह : 11.06
फैंटम – रात : 09.23

**Sony Pix**
जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल – सुबह : 11.26
जस्टिस लीग – शाम : 06.54

**Zee Cinema**
अपहरण – सुबह : 10.30
अनजाना अनजानी – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
चमत्कार – सुबह : 08.24
आर राजकुमार – रात : 09.36

#### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

### मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपयेमलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

### एक नजर

#### आयकर विभाग ने अपील दायर करने का दायरा बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिकारियों को टीडीएस/ टीसीएस, अघोषित विदेशी आय या ईडी एवं जीएसटी आसूचना जैसी एजेंसियों से मिली सूचना से संबंधित मामलों में मौद्रिक सीमा के परे अपील दायर करने की अनुमति दे दी है। वर्ष 2019 में तय सीमा के तहत फिलहाल कर अधिकारी आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी), उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं।

#### अडाणी ने रिश्वतखोरी की जांच की बात मानी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की अधिकांश कंपनियों ने अमेरिका में रिश्वतखोरी के आरोप की जांच को लेकर नोटिस मिलने से इनकार किया है लेकिन समूह की ही नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी ने इस जांच से अवगत होने की बात कही है। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि संभावित उल्लंघन की जांच से वह परिचित है।

# भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

## भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

**मुंबई, एजेंसी**




भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

### मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा-भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

# विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

● टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर



21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दर बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,100-50,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,750 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,750 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

### डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'अग्रिम पर ब्याज दर' से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा, डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। वहीं केंद्रीय बैंक ने बताया कि तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक पर 'अग्रिम पर ब्याज दर' और 'बड़े क्रेडिट पर सूचना के केंद्रीय भंडार' रिपोर्टिंग में संशोधन' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (2023-24) में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 9,14,469 करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी शामिल है। अग्रिम कर संग्रह 17 मार्च, 2024 तक 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 22.31 प्रतिशत अधिक है। कंपनियों से अग्रिम कर के तौर पर 6.73 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि व्यक्तिगत आयकरदाताओं का योगदान 2.39 लाख करोड़ रुपये है। इस बीच, चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये बैठता है। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 प्रतिशत अधिक है।

### बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

# चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात



को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### 1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया-गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

#### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल का किया विस्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। हिसार भाजपा विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद सीमा त्रिखा, पानीपत विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला से विधायक असीम गोयल, अभय सिंह यादव, सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली।

## तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

# जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

**सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

**पलक्कड़ (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

# दो अलग-अलग मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गए

**गढ़चिरौली/दंतेवाड़ा, एजेंसी**

● गढ़चिरौली में 36 लाख के 4 इनामी और दंतेवाड़ा में महिला सहित 2 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गढ़चिरौली में आए हैं। गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई 'सी-60' के कई दलों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित कार्रवाई दल को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब 'सी-60' इकाई का एक दल रेपनपल्ली के समीप कोलामार्का पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तलाशी अभियान चला रहा था तो नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी ली गयी और चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इन चारों नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारी ने बताया कि उनके पास से एक एके-47 बंदूक, एक कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल, नक्सली साहित्य तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गमपुर गांव के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जब सुरक्षाबलों के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए, बाद में जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव, दो हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

# शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता



**नई दिल्ली, अमृत विचार:** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

# केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### आरएसएस नेता की हत्या का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

# राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
● अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।



पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

# मतुआ समुदाय को सीएए के तहत आवेदन नहीं करने का निर्देश

**कोलकाता, एजेंसी**

● संगठन ने नई सरकार के गठन तक रुकने के लिए कहा

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के क्रियान्वयन को लेकर मतुआ समुदाय की खुशी में उस समय खलल पड़ गया जब उसके एक अहम संगठन ने अपने सदस्यों को इस नए कानून के तहत अभी नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि उनके पास बांग्लादेश में उनके पूर्व पते को साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। अखिल भारतीय मतुआ महासंघ ने अपने सदस्यों से केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने को कहा है।

सीएए के नियमों को पिछले सप्ताह अधिसूचित किया गया था और सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर आए उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों - हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई - को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करना शुरू कर देगी जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए थे। मतुआ महासंघ के महासचिव महितोष बैद्य ने बताया कि समुदाय के सभी सदस्यों को अगली सरकार के गठन तक नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करने का संदेश भेजा गया है।

# केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम



आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

### केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति से संबंधित कथित तौर पर धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर उन्हें जारी किए गए सभी नौ समन के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मौज जैन की पीठ इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वह पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।



● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय हैः मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।

मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट



होव, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### नागल ने मियामी ओपन में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराया



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी



पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि रोहित ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।



### हसारंगा निलंबित, आईपीएल के शुरुआती मैचों में होने की उम्मीद



दुबई, एजेंसी। आईसीसी की ओर से दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से निलंबित होने के बाद वानिंदु हसारंगा सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों में उपलब्ध हो सकते हैं। हसारंगा ने सफेद गेंद पर ध्यान देने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन मंगलवार को उन्होंने संन्यास वापसी कर ली थी। इस खिलाड़ी को दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की टीम में चुना गया। आईसीसी ने सूचित किया कि हसारंगा 8 'डिमैरिट अंक' की दहलीज पर पहुंच गए, जिन्हें आचार संहिता के अनुच्छेद 7.6 के अनुसार 4 निलंबन अंक में तब्दील कर दिया जो दो टेस्ट मैच या फिर चार वनडे और टी-20 में निलंबन के बराबर हैं। आईसीसी ने कहा कि हसारंगा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो मैच के दौरान अंपायरों के फैसले के प्रति नाराजगी दिखाने से जुड़ा है। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुए तीसरे वनडे के दौरान 37वें ओवर में हसारंगा ने मैदानी अंपायर के हाथ से अपनी कैप छीनी थी और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया था।

### फैसले के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू करेगा आईपीएल

मुंबई। आईपीएल में फैसलों में तेजी और सटीकता के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू होगी। टीवी अंपायर को 'हॉक आई' के दो ऑपरेटरों से सीधे इनपुट मिलेंगे जो उनके साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और 8 हाई-स्पीड कैमरों से ली गई फोटो से मदद करेंगे। इस प्रणाली के अंतर्गत टीवी प्रसारण निर्देशक की भूमिका गैर जरूरी होगी जो अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच सूचना आदान-प्रदान करने का काम करता रहा है। नई प्रणाली टीवी अंपायर को फोटो विश्लेषण का मौका प्रदान करेगी और हॉक आई ऑपरेटरों के साथ उनकी बातचीत का प्रसारण भी करेगी ताकि दर्शकों को फैसले की प्रक्रिया समझ आ जाए। इस प्रणाली से अंपायर को विभिन्न कोण से अधिक और स्पष्ट फोटो देखने में मदद मिलेगी, जिससे बाउंड्री के पास कैच, पीछे पकड़े कैच, पगबाधा, स्टंपिंग पर फैसला कर पाएंगे। बीसीसीआई के कार्यशाला में 15 अंपायर स्मार्ट रीप्ले प्रणाली का इस्तेमाल करेंगे।

## ऋषभ पंत बने दिल्ली के कप्तान

ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया गया। दिल्ली के अध्यक्ष और सह मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि हमें कप्तान के रूप में ऋषभ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम नए जोश और उत्साह के साथ सत्र का इंतजार कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल खेलने की मंजूरी दी थी। बोर्ड ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ऋषभ पंत को अब आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।

### कुशाग्र खेलने को बेताब



विशाखापत्तनम। दिल्ली के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### मुंबई के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे सूर्यकुमार

मुंबई। सूर्यकुमार यादव को एनसीए से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है, जिससे तय है कि वह 24 मार्च को गुजरात के खिलाफ मुंबई के मैच में नहीं खेल पाएंगे। सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे। सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया, लेकिन इस खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है। सूर्यकुमार का गुरुवार को फिर एक बार आकलन होगा।

### एक्शन को देखते हुए बुमराह को आराम की जरूरत: मैकग्रा



चेन्नई, एजेंसी। पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने चेताया कि जसप्रीत बुमराह को सत्र में ब्रेक की जरूरत है क्योंकि उनका एक्शन ऐसा है कि उनको और अधिक चोटें लग सकती हैं। बुमराह मार्च 2023 में पीठ की 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' की सर्जरी कराने के बाद और सितंबर 2022 से पहले भी वह खेल से दूर ही थे। मैकग्रा ने कहा कि बुमराह जैसे गेंदबाज को सत्र के बीच में आराम की जरूरत है क्योंकि वह प्रत्येक गेंद में काफी प्रयास करता है।

## लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी



लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बूते बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पांच पायदान की छलांग के साथ 13वें नंबर पर हैं। अल्मोड़ा के लक्ष्य बर्मिंघम में सेमीफाइनल तक पहुंचे और 15वें स्थान में सुधार करने में सफल रहे। अप्रैल में शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे। एचएस प्रणय पेरिस की दौड़ में नौवें नंबर पर हैं और सेन के भी कट में जगह बनाने की उम्मीद है। किदाम्बी श्रीकांत 27वें और प्रियांशु राजावत 32वें स्थान पर हैं। महिला एकल में पीवी सिंधू 11वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शीर्ष पर है जबकि अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो 20वें स्थान पर हैं। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं।

## विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं।



इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।



# बॉलीवुड हलचल

## कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है।गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।




## फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा

मुंबई, एजेंसी। जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

## हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

मुंबई, एजेंसी

**फर्जी मुठभेड़ मामला**

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ में मौत के मामले में मंगलवार को एनकाउंटर विशेषज्ञ व पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने कहा था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था।

### क्या है मामला

11 नवंबर, 2006 को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को पुलिस टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

## प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

# निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

*अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।*

### कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।

### कैसे बंद करें डीमैट खाता



पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी



### खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

## एक नजर

### कल से दो दिवसीय दौरे पर भूटान जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार से दो दिवसीय भूटान की राजकीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर देने के अनुरूप है। प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान एक अनूठी और स्थायी साझेदारी साझा करते हैं, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है।

### नवाज के बेटों को राहत, भ्रष्टाचार के मामलों में कोर्ट ने किया बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने मंगलवार को कथित भ्रष्टाचार के तीन मामलों में पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के बेटों को बरी कर दिया। इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सामने आने वाली कानूनी परेशानियां लगभग समाप्त हो गई हैं। हसन और हुसैन नवाज को 2018 में पनामा पेपर्स लीक मामलों में आरोपी बनाया गया था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने जांच में शामिल न होने के कारण दोनों भाइयों को अपराधी घोषित कर दिया गया था। मुख्य आरोपी नवाज को संबंधित मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन फ्लैगशिप मामले में बरी कर दिया गया था। अब दोनों बेटों को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है।

### भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

### अल-शिफा अस्पताल में हमास के 50 आतंकी ढेर, 180 गिरफ्तार

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा शहर का सबसे बड़ा अस्पताल अल-शिफा में सैन्य कार्रवाई के दौरान हमास के 50 आतंकियों की मौत हो गई, जबकि अन्य 180 को गिरफ्तार किया गया है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने कहा खुफिया सूचना के आधार पर गाजा के अल-शिफा अस्पताल में कार्रवाई की गई। ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार जब्त किए हैं। आईडीएफ ने कहा गया है कि खान यूनिस के अल-करारा क्षेत्र में इजराइली सेना ने फिलिस्तीनी आतंकियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। बता दें, जंग में अब तक 31 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

## विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद



9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

### क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

### चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

## मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।



अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

# हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

बेंगलुरु, एजेंसी

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।



बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

## वायुसेना बनी दूत...



**लेह:** खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

## पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।



उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

# अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

- **कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

## रामनवमी हिंसा में लिप्त 11 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पिछले वर्ष मार्च में रामनवमी पर हुई सांप्रदायिक हिंसा में लिप्त साजिशकर्ता 11 अन्य आरोपियों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

बता दें, जांच एजेंसी को 27 अप्रैल, 2023 को छह मामलों की जांच सौंपी गई थी। एनआईए इससे पहले भी 16 लोगों की गिरफ्तारियां कर चुकी है। एनआईए ने बताया कि अन्य 11 आरोपी 30 मार्च, 2023 को शिबपुर में रामनवमी यात्रा के दौरान हुई हिंसा में शामिल थे। जांच के दौरान विभिन्न स्थानों से जब्त की गई वीडियो फुटेज से आरोपियों की पहचान की गई है। एनआईए ने इस वर्ष 26 फरवरी को 16 लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान शमीम अहमद, बलवंत, महमूद आलम, महफूज आलम, शमशाद आलम, मोहम्मद अली उर्फ सूरज, सलीम जावेद, सरफराज, फिरोज खान, समीर अंसारी और शमशाद हुसैन रूप में हुई है।

**विज्ञान** लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

# मंगल पर 3 .1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।



मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

### मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

## ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा: हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

# एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए




दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।